देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश



17 महीने बाद जेल से बाहर आएंगे मनीष... 12

अब भारत का समय आ गया है, दुनिया की कोई...




# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 296
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews  janexpresslive  janexpresslive  www.janexpresslive.com/epaper

शनिवार | 10 अगस्त, 2024


# वक्फ संशोधन विधेयक की समीक्षा के लिए जेपीसी गठित

**वक्फ संशोधन-बिल के लिए बनी जेपीसी में 31 मेंबर्स होंगे, 10 सांसद राज्यसभा से, औवेसी, सपा के मोहिबुल्ला और कांग्रेस के इमरान मसूद भी शामिल**

- राज्यसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, लोकसभा से भारतीय वायुयान विधेयक को मंजूरी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा ने शुक्रवार को वक्फ संशोधन बिल के लिए बनाई जाने वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। इस समिति में 31 सदस्य होंगे। इसमें लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 मेंबर होंगे। समिति को रिपोर्ट संसद के अगले सत्र के पहले हफ्ते में देनी होगी। संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू लोकसभा में बिल को जेपीसी के पास भेजने का प्रस्ताव रखा। रिजिजू ने एक दिन पहले यानी गुरुवार 8 अगस्त को लोकसभा में वक्फ बिल 2024 पेश किया था। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समेत विपक्षी दलों ने इस बिल का विरोध करते हुए इसे मुस्लिम विरोधी बताया था। विपक्ष की आपत्ति और भारी विरोध के बीच ये बिल लोकसभा में बिना किसी चर्चा के जेपीसी को भेज दिया गया था।



## बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर विपक्ष की चुप्पी 'दुर्भाग्यपूर्ण': अनुराग ठाकुर



इधर भाजपा सांसदों ने शुक्रवार को विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की स्थिति पर उनकी चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण है। बांग्लादेश में सोमवार को प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा देने और देश छोड़ने के बाद से हिंसा में कई हिंदू मंदिरों, घरों और व्यवसायों में तोड़फोड़ की गई है, जिससे नौकरियों में विवादास्पद कोटा प्रणाली को लेकर उनकी सरकार के खिलाफ घातक विरोध प्रदर्शनों के बाद देश में उथल-पुथल मच गई है। लोकसभा के शून्यकाल के दौरान भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर यह आरोप लगाकर हमला करने की कोशिश की कि उन्होंने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बारे में कुछ नहीं कहा है। उन्होंने कहा, जब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कार्यभार संभाला था, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी थी, लेकिन साथ ही उन्होंने उनसे अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा था।

### जेपीसी में लोकसभा से 21 सदस्य- भाजपा के 7, कांग्रेस के 3 सांसद

1. जगदंबिका पाल (भाजपा)
2. निशिकांत दुबे (भाजपा)
3. तेजस्वी सूर्या (भाजपा)
4. अपराजिता सारंगी (भाजपा)
5. संजय जायसवाल (भाजपा)
6. दिलीप सैकिया (भाजपा)
7. अभिजीत गंगोपाध्याय (भाजपा)
8. श्रीमती डीके अरुणा
9. गौरव गोगोई (कांग्रेस)
10. इमरान मसूद (कांग्रेस)
11. मोहम्मद जावेद (कांग्रेस)
12. मौलाना मोहिबुल्ला (सपा)
13. कल्याण बनर्जी
14. ए राजा
15. एलएस देवरायलु
16. दिनेश्वर कामत
17. अरविंत सावंत (शिवसेना, उद्धव गुट)
18. सुरेश गोपीनाथ (एनसीपी, शरद पवार)
19. नरेश गणपत मास्के (शिवसेना, शिंदे गुट)
20. अरुण भारती
21. असदुद्दीन ओवैसी

### रिजिजू ने कहा था- कई विपक्षी सांसद बिल के सपोर्ट में

वक्फ कानून (संशोधन) बिल को लोकसभा में 8 अगस्त को केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पेश किया था। इसी दिन बिल को संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया। रिजिजू ने कहा कि कई विपक्षी सांसद इस बिल के सपोर्ट में हैं। अलग अलग आते हैं और सपोर्ट करते हैं, लेकिन पार्टी के कारण नही बोल सकते। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल राव ने कहा- सरकार कम्युनिटीज के बीच में विवाद पैदा करना चाहती है।ढ्डस्ढ्ढरूसांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, इस बिल को लाकर आप (केंद्र सरकार) देश को जोड़ने का नहीं, बल्कि बांटने का काम कर रहे हैं। यह विधेयक इस बात का सबूत है कि आप मुसलमानों के दुश्मन हैं।

### लोकसभा ने भारतीय वायुयान विधेयक को दी मंजूरी

वहीं लोकसभा ने शुक्रवार को 90 साल पुराने विमान अधिनियम को बदलने और विमानन क्षेत्र में कारोबार को और आसान बनाने के लिए एक विधेयक पारित किया। भारतीय वायुयान विधेयक 2024 में अनावश्यकताओं को दूर करने और विमान अधिनियम, 1934 को बदलने का प्रावधान है - जिसे 21 बार संशोधित किया गया है। निचले सदन में विधेयक को पारित करने के लिए पेश करते हुए, नागरिक विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने कहा कि मंत्रालय हवाई किराए में बढ़ोत्तरी समेत लोगों की शिकायतों को दूर करने और समय पर प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए एक बेहतर ऑनलाइन तंत्र स्थापित करेगा।

### दोपहर में कई बार राज्यसभा की कार्यवाही हुई स्थगित

शुक्रवार को दोपहर के भोजन के बाद के सत्र में राज्यसभा की कार्यवाही कई बार स्थगित हुई, जबकि सुबह के सत्र में विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच कई मुद्दों पर बहस हुई थी। इससे पहले दोपहर में उच्च सदन में सभापति जगदीप धनखड़ और अभिनेत्री-राजनेता जया बच्चन के बीच नोकझोंक हुई। जया बच्चन ने सभापति के बोलने के लहजे पर आपत्ति जताई, जबकि सभापति ने कहा कि उनके जैसी मशहूर हस्ती को भी शिष्टाचार का पालन करना चाहिए। इसके बाद दोपहर 2 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही फिर से शुरू हुई, उपसभापति हरिवंश ने बिना कोई कारण बताए सदन को आधे घंटे के लिए स्थगित कर दिया। दोपहर 2.30 बजे जब सदन फिर से बैठा, तो उन्होंने सदन को फिर से 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। दोपहर 3 बजे जब उच्च सदन की कार्यवाही फिर से शुरू हुई, तो हरिवंश ने सदन को 3.30 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया था।

### जया बच्चन पर नाराज हुए सभापति धनखड़

राज्यसभा में शुक्रवार को समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन ने सभापति जगदीप धनखड़ के बोलने के लहजे पर आपत्ति जताई। इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। सभापति ने विपक्ष को मर्यादित आचरण करने के लिए कहा। वहीं विपक्षी सांसदों ने अपनी बात रखने की अनुमति नहीं देने का आरोप लगाते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया। इससे पहले जया बच्चन ने कहा कि मैं जया अमिताभ बच्चन यह बोलना चाहती हूं कि मैं कलाकार हूं। बॉडी लैंग्वेज समझती हूं और चेहरे की अभिव्यक्ति समझती हूं। सर! माफ कीजिएगा, आपका लहजा स्वीकार्य नहीं है। भले ही आप आसन पर बैठे हैं, लेकिन हम आपके साथी हैं। इस पर सभापति धनखड़ ने सख्त लहजे में कहा, %जया जी, कृपया अपने स्थान पर बैठिए। आपने अपनी एक प्रतिष्ठा बनाई है। आप जानती हैं कि अभिनेता निर्देशक के अनुसार काम करता है। आपने वह चीजें नहीं देखी हैं, जो मैंने यहां इस आसन पर बैठकर देखी हूं। आप मेरे लहजे के बारे में बात कर रही हैं? बस बहुत हुआ। आप होंगे सेलिब्रिटी, लेकिन आपको यहां सदन की गरिमा का ध्यान रखना होगा।% सभापति धनखड़ ने कहा कि यह आचरण एक वायरस की तरह है। अगर इस वायरस को नियंत्रित नहीं किया गया तो यह हमारे लोकतंत्र के लिए नुकसानदायक होगा। विपक्षी सदस्य मेरा नहीं, बल्कि देश की जनता का अपमान करते हैं। मैं हर दिन सोचता हूं कि मैं और लचीलापन रखूंगा, लेकिन एक सीमा के बाद तो भगवान कृष्ण भी नजरअंदाज नहीं कर सकते। मैं भगवान कृष्ण नहीं हूं, मुझे सदन का सहयोग चाहिए।

### लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान का अपमान कर रहा विपक्ष

राज्यसभा में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सदन सिर्फ एक इमारत नहीं है, यह लोकतंत्र का पवित्र मंदिर है। मैं छह बार लोकसभा और छह बार विधानसभा का सदस्य रहा हूं, लेकिन मैंने कभी भी विपक्ष का इस तरह की असंसदीय व्यवहार नहीं देखा। यह न सिर्फ आसन का अपमान है बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान का भी अपमान है। आज ये बात साबित हो गई कि गैर जिम्मेदार रवैये से विपक्ष देश को अराजकता की तरफ धकेलना चाहता है। विपक्ष को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए।

### विपक्ष के नेता का अपमान किया गया: जयराम रमेश

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, बार-बार गणेश तिवारी ने सदन में विपक्ष के नेता का खुलेआम अपमान किया है। आज कहा गया कि गणेश तिवारी चेयर (राज्यसभा के सभापति) से मिलने आए और मल्लिकार्जुन खरगे की तारीफ की। हमने मांग की कि उन्होंने जो बातें चेयर से व्यक्तिगत रूप से कही हैं, वही सदन में भी कही जानी चाहिए... वे (राज्यसभा के सभापति) बार-बार मुझे टोकते रहे, मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है लेकिन विपक्ष के नेता का अपमान किया गया है और एक संवैधानिक पद का अपमान किया गया है।

### निंदा प्रस्ताव पेश

विपक्ष के राज्यसभा सांसद भाजपा सांसद घनश्याम तिवारी की ओर से विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के बारे में की गई टिप्पणी को हटाने की मांग कर रहे थे। इस बीच सपा सांसद जया बच्चन ने सभापति जगदीप धनखड़ की टिप्पणी के लहजे पर सवाल उठाया। सभापति ने जया बच्चन की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि उन्हें स्कूली शिक्षा नहीं चाहिए। वह किसी स्क्रिप्ट के अनुसार नहीं चलते हैं और उनकी अपनी स्क्रिप्ट है। इस पर विपक्षी सदस्यों ने राज्यसभा से वाकआउट कर दिया। विपक्षी सांसदों के वाकआउट करने पर सभापति ने भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ का जिक्र करते हुए कहा कि विपक्ष संसद छोड़ रहा है, यह उनका कर्तव्य है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने राज्यसभा में विपक्ष के व्यवहार की आलोचना की और कहा कि विपक्ष का आचरण अनुचित और निंदनीय है। उन्होंने सदन में विपक्ष के व्यवहार पर निंदा प्रस्ताव पेश किया। नड्डा ने कहा कि विपक्ष चर्चा की दृष्टि से मुद्दा विहीन और मर्यादाहीन हो गया है। प्रजातंत्र के मूल्यों की रक्षा करना सदन की जिम्मेदारी है। सदन सर्वसम्मति से इस घटना की निंदा करता है।

### राज्यसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

शुक्रवार को विपक्ष के वॉकआउट के कारण राज्यसभा की कार्यवाही निर्धारित समय से एक दिन पहले ही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई। उच्च सदन की कार्यवाही 12 अगस्त तक प्रस्तावित थी। वहीं दोपहर के भोजन के बाद के सत्र में कई बार स्थगन के बाद, जब सदन 3.30 बजे फिर से शुरू हुई, तो सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन के अंदर और बाहर विपक्षी सदस्यों के व्यवहार पर चिंता व्यक्त की। बाद में उन्होंने सदन की कार्यवाही 1554 बजे अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी।

# बरेली में सीरियल किलर गिरफ्तार

## पत्नी ने छोड़ा तो महिलाओं से करने लगा नफरत, सालभर में किए छह कत्ल

**जन एक्सप्रेस। बरेली**

बरेली जिले के शाही और शीशगढ़ इलाके में महिलाओं की हत्या करने वाले सीरियल किलर को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसएसपी अनुराग आर्य के मुताबिक आरोपी कुलदीप गंगवार नवाबगंज थाने के गांव बाकरगंज समुआ का निवासी है। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। उसने छह कत्ल कबूल किए हैं। पूछताछ में यह भी पता लगा है कि वह महिलाओं से पहले दुष्कर्म की कोशिश करता था। विरोध करने पर उनकी हत्या कर देता था। दस साल पहले कुलदीप की शादी भानपुर गांव निवासी लौंगश्री से हुई थी। उसकी हरकतों से परेशान लौंगश्री ने दूसरी शादी कर ली। इसके अलावा कुलदीप की सौतेली मां उसे और उसकी मां को परेशान करती थी। बताते हैं कि



तभी से वह महिलाओं से नफरत करने लगा। कुलदीप की बुआ का घर शाही क्षेत्र के सब्जीपुर खाता गांव में है। यहां वह आता जाता था। पुलिस के मुताबिक उसी ने महिलाओं से नफरत की वजह से उनकी सिलसिलेवार तरीके से हत्या की है। पुलिस की कई टीमों ने घटनास्थलों पर ले जाकर घटना का रीक्रिएशन किया है। दोपहर में घटना का खुलासा कर दिया गया।

### आरोपी ने छह कत्ल कबूल किए

मीरगंज सर्किल के शाही और शीशगढ़ थाना क्षेत्र में सभी 11 महिलाओं की हत्या एक ही तरीके से उनकी साड़ी या दुपट्टे से गला घोंटकर की गई थी। ये मामले पुलिस के लिए सिरदर्द बने हुए थे। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपी कुलदीप ने छह महिलाओं की हत्या की बात कबूल की है। अन्य वारदात में भी उसके शामिल होने का शक है। बरेली पुलिस की 22 टीमों को साइको किलर की तलाश में लगाया गया था। जिन इलाकों में वारदात हुईं थीं, वहां 600 नए सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए। इसके अलावा पुलिस ने करीब 1500 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। एक टीम को महाराष्ट्र भेजकर सीरियल किलर को लेकर स्टडी की गई।

### एक ही तरीके से की थीं हत्याएं

सभी वारदात को एक ही तरीके से अंजाम दिया गया था। महिलाओं के गले में फंदा कसा मिला था। शाही क्षेत्र में इसी साल दो जुलाई को शेरगढ़ की अनीता देवी की हत्या भी इसी तरह से की थी। इसके बाद जांच तेज की गई। जांच के आधार पर एसएसपी ने तीन संदिग्धों के स्केच बनवाए। इनमें से एक स्केच आरोपी के हुलिये से हूबहू मिलता है। पुलिस ने शुक्रवार सुबह शाही थाना क्षेत्र के बुझिया माइनर से आरोपी कुलदीप को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस की कई टीमों ने उसे घटनास्थलों पर ले जाकर घटना का रीक्रिएशन किया है। एसएसपी अनुराग आर्य दोपहर के वक्त पुलिस लाइन सभागार में घटनाओं का खुलासा कर दिया।

# स्ट्रीट लाइटें चुराते ही बजेगा सायरन

## एंटी थेफ्ट एलईडी स्ट्रीट लाइटें लगाने वाला देश का पहला शहर बनेगा लखनऊ

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

लखनऊ देश का पहला ऐसा शहर बनने जा रहा है, जहां एंटी थेफ्ट एलईडी स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। इन्हें चुराना आसान नहीं होगा। इन स्ट्रीट लाइटों को खंभे से हटाते ही तेज आवाज में सायरन बज उठेगा। शहर में ऐसी 10 हजार स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। इस पर करीब पांच करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पहले चरण में पांच हजार लाइटें लगेंगी। इसका टेंडर भी हो गया है। राजधानी में दो लाख से अधिक स्ट्रीट लाइटें लगाई गई थीं। बीते चार सालों में इनमें से पांच हजार अधिक चोरी हो चुकी हैं। वृंदावन कॉलोनी में ही एक साल पहले 900 लाइटें चोरी हो गई थीं। चोर तार भी ले गए थे। इससे नगर निगम को करीब 45 लाख रुपये की चपत लगी थी। वहीं, जुलाई में फैजुल्लागंज में 45 लाइटों के गायब होने का मामला सामने आया था। इससे पहले जानकीपुरम, अलीगंज, मौलवीगंज, आलमबाग एलडीए कॉलोनी, आशियाना सहित कई कॉलोनियों में स्ट्रीट लाइटें चोरी हो चुकी हैं। अब एंटी थेफ्ट स्ट्रीट लाइटों से इन घटनाओं पर लगाम लगेगी।



### दूर होगा विवाद और पैसा भी बचेगा

करीब छह साल से शहर में स्ट्रीट लाइटों के रखरखाव का काम निजी कंपनी ईईएसएल कर रही है। अनुबंध के तहत वह सिर्फ खराब लाइटों को ही बदलती है। चोरी होने वाली लाइटों की जगह नई लाइटें नहीं लगाती, जिससे विवाद होता है। निगम प्रशासन अपने पैसे से इन्हें लगवाता है। अब विवाद और पैसा दोनों बचेगा।

### सितंबर से लाइटें लगाने का काम शुरू

नगर निगम के मुख्य अभियंता मार्ग प्रकाश विभाग मनोज प्रभात का कहना है कि एंटी थेफ्ट लाइटों के टेंडर की प्रक्रिया इस महीने पूरी हो जाएगी। सितंबर से लाइटों को लगाने का काम भी शुरू हो जाएगा।

कंट्रोल पैनल से जोड़ा जाएगा सायरन नगर निगम के मार्ग प्रकाश विभाग के मुख्य अभियंता मनोज प्रभात ने बताया कि एंटी थेफ्ट एलईडी स्ट्रीट लाइटों में सायरन लगा होगा। जैसे ही कोई इन्हें खंभे से अलग करेगा, सायरन बजने लगेगा। सायरन को कंट्रोल पैनल के जरिये जोड़ा जाएगा। इसके लिए खंभे में छोटा बॉक्स भी लगाया जाएगा। इन लाइटों को लगाने के लिए अतिरिक्त पैसा नहीं खर्च करना पड़ेगा। जो रेट तय हैं, उन पर कुछ कंपनियां लाइटें बनाकर देने के लिए तैयार हैं। एंटी थेफ्ट लाइटें सबसे पहले उन इलाकों की गलियों में लगाई जाएंगी, जहां स्ट्रीट लाइटें चोरी होने की घटनाएं ज्यादा होती हैं।


## कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


**रिपोर्ट** ताजा मामला रेलवे डिपार्टमेंटल प्रमोशन के पेपर लीक का है, जिसमें केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की है

# यूपी में पेपर लीक के पिटारे से निकला एक और 'जिन्न'

**जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा**

- सीबीआई ने यह कार्रवाई रेलवे बोर्ड के विजिलेंस विभाग की शिकायत के आधार पर की है
- आरोप है कि 6 अगस्त 2021 को आयोजित जनरल डिपार्टमेंट कॉम्पिटेटिव एक्जाम के पेपर लीक हुए थे
- लखनऊ सीबीआई की एंटी करप्शन ब्रांच ने परीक्षा देने वाले और पेपर लीक करने वाले 11 रेल कर्मियों पर मामला दर्ज किया है

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पेपर लीक मामलों का अड्डा बनता जा रहा है। योगी सरकार पेपर लीक करने वालों को कड़े से कड़ा सबक देने के लिए सख्त नियम बना रही है, वहीं पूरी सरकारी व्यवस्था को जंग लग चुकी है। 2021 की रेलवे परीक्षा में पेपर लीक के एक मामले में सीबीआई ने 11 रेल कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। दरअसल, विभागों के अधिकारियों की मिलीभगत के चलते सरकार की कोशिशों में पलीता लग रहा है। ताजा मामला रेलवे डिपार्टमेंटल प्रमोशन के पेपर लीक का है, जिसमें केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की है। सीबीआई ने यह कार्रवाई रेलवे बोर्ड के विजिलेंस विभाग की शिकायत के आधार पर की है। आरोप है कि 6 अगस्त 2021 को आयोजित जनरल डिपार्टमेंट कॉम्पिटेटिव एक्जाम के पेपर लीक हुए थे। लखनऊ सीबीआई की एंटी करप्शन ब्रांच ने परीक्षा देने वाले और पेपर लीक करने वाले 11 रेल कर्मियों पर मामला दर्ज किया है। रेलवे की विजिलेंस जांच रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज हुआ है।



### राजस्थान और यूपी में 11 ठिकानों पर छापेमारी भी की

इस मामले में सीबीआई ने राजस्थान और यूपी में 11 ठिकानों पर छापेमारी की है। जिन जगहों पर छापेमारी की गई है उनमें प्रयागराज, नोएडा ,अलीगढ़, मथुरा ,चित्रकूट, जयपुर, भरतपुर, करौली ,अलवर, सवाई माधोपुर शामिल है। छापेमारी के दौरान सीबीआई को अहम दस्तावेज भी मिले हैं। परीक्षा से एक दिन पहले गाजियाबाद के रेलवे स्टेशन के पास एक कमरे में प्रश्न के जवाब बताए गए थे। साथ ही अच्यर्थियों से चार-चार लाख रुपए वसूले गए थे।

### परीक्षा कराने वाली एजेंसी अपटेक लि. को भी आरोपी बनाया

सीबीआई ने परीक्षा कराने वाली एजेंसी अपटेक लि. को भी आरोपी बनाया है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रयागराज के रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा 6 अगस्त 2021 को आोजित डीजीसीई परीक्षा का पेपर लीक करके 50 से 60 अच्यर्थियों को पढ़वाया गया था। जिन लोगों का एफआईआर में नाम है, उनमें ट्रैक मेंटेनर राजस्थान के भरतपुर के भूप सिंह, वेगराज, महावीर सिंह व प्रीतम सिंह, अलवर का जितेंद्र कुमार मीना, सवाई माधोपुर का प्रमोद कुमार मीना, टोंका का हंसराज मीना, अलीगढ़ का धर्म देव, करौली का प्रशांत कुमार मीना, जयपुर में उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य अभियंता कार्यालय का कार्यालय अधीक्षक मान सिंह का नाम शामिल है। इसके अलावा नोएडा का पार्सल पोर्टर मोहित भाटी शामिल है।

## टायर फटने से डिवाइडर से टकराकर पलटी स्कूली वैन, छह बच्चे घायल

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में शहीद पथ पर शुक्रवार सुबह बच्चों को लेकर स्कूल जा रही वैन का टायर फट गया। वैन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। वहीं, पीछे से आ रही थार के चालक का आगे चल रही वैन के अचानक पलटने से नियंत्रण बिगड़ गया और डिवाइडर पर कूद गया। वैन सवार छह बच्चे घायल हो गये जबकि थार चालक बाल-बाल बच गया। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल लोहिया अस्पताल पहुंचाया। दो की हालत गंभीर देख मेदांता में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

## 2 वर्षीय सैन्य प्रशिक्षण हेतु एनसीसी कैडेट्स की हुई भर्ती

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** एनसीसी के कमांड अधिकारी कर्नल दुष्यंत सिंह चौहान के निर्देशन पर एनसीसी यूनिट एमएसवी इंटर कॉलेज कालपी के एनसीसी कैंडिडेट की मौजूदगी में 2 वर्षीय सैन्य प्रशिक्षण हेतु भर्ती के लिये छात्र-छात्राओं का चयन किया गया।

विद्यालय परिसर में आयोजित भर्ती कार्यक्रम में सैन्य अधिकारी हवलदार नागेंद्र राय, हवलदार ओम बहादुर थापा,लाल बहादुर थापा, सूबेदार सीनियर डिवीजन के 72 छात्र-छात्राओं में से 42 छात्रों तथा 30 छात्राओं ने भर्ती में भाग लिया और जूनियर डिवीजन में 41 में से 28 छात्र और 13 छात्राओं ने भर्ती में हिस्सा दिया जिसमें कुल 90 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ। चयन से पूर्व छात्र-छात्राओं की शारीरिक दक्षता, नाप जोख, लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। चयनित छात्राओं छात्रों को प्रधानाचार्य सुशील कुमार शाक्य ने भविष्य की शुभकामनाएं दी। लेफ्टिनेंट राजमणि और राहुल कुमार ने छात्राओं के शैक्षणिक कागजात कागजातों का सत्यापन किया।

# संगठन व्यापारियों के साथ हो हरे शोषण व उत्पीड़न को नहीं करेगा बर्दाश्त: शानू गुप्ता

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन खोही द्वारा व्यापारियों की बैठक व पौधरोपण तथा सदस्यता ग्रहण सम्मान समारोह हुआ। खोही बाजार कामदगिरि परिक्रमा मार्ग जलेबी वाली गली में व्यापारियों ने बैठक का आयोजन किया। साथ ही कामदगिरि पर्वत में नवग्रह वाटिका लगाई गई। जिसमें मलयागिरी चंदन, पीपल, बरगद, पाकड, समी, आम आदि नवग्रह वाटिका के पौधे रोपित किए गए। उद्योग व्यापार संगठन खोही बाजार के अध्यक्ष गंगा प्रसाद केसरवानी व महामंत्री संदीप गुप्ता तथा मंत्री अजय मोदनवाल ने स्वागत सम्मान किया। साथ ही व्यापारियों ने समस्याएं बताई।

राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने खोही बाजार के लगभग आधा सैकडा व्यापारियों को संगठन द्वारा जारी सदस्यता आईडी कार्ड व प्रमाण पत्र का वितरण कर सम्मानित किया। साथ ही सभी को सक्रिय व वार्षिक




सदस्यता ग्रहण कराई गई। व्यापारियों ने शोषण उत्पीडन से जुडी कई समस्याएं पदाधिकारी के सामने रखी। राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने कहा कि जिले में इतिहास रहा है कि व्यापारियों का शोषण उत्पीडन करने वालों ने चित्रकूट छोडा है। भाजपा की मोदी व योगी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। व्यापारियों का किसी भी कीमत में शोषण व उत्पीडन तथा उत्पीणात्मक कार्रवाई संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा। शोषण उत्पीड़न करने वालों की लिस्ट केन्द्रीय कार्यालय व जिलों के जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। मंडल मंत्री विनोद आर्या, मण्डल महामंत्री युवा शेशू जायसवाल, जिलाकोषाध्यक्ष सुनील जायसवाल, युवा उपाध्यक्ष सीताराम श्रीवास्तव ने कहा कि दलालों के माध्यम से व्यापारियों से वसूली की जा रही है। इस मौके पर कृष्णा केसरवानी, दिनेश कुमार गुप्ता, लाला केसरवानी, प्रांशु, विदित कुमार, लोकनाथ केसरवानी, राकेश कुमार, बलराम गुप्ता, प्रकाश नारायण गर्ग, केसव त्रिपाठी, अरविन्द केसरवानी, कामता प्रसाद, विजय कुमार, छेटेलाल, संजीव मोदनवाल, शारदा प्रसाद, राकेश, मनोज गुप्ता, लखन गुप्ता, रविशंकर, पवन, दीपांशु, जमुना, नत्थू प्रसाद, विष्णु केसरवानी, महेंद्र, विजय, संतोष गुप्ता, चन्दन, संजीव, शिवम, रामभरोसे, रितिक, सुशील पाण्डेय, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

## अवैध कब्जा रोकने की गुहार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत सेमरिया चरणदासी गांव के निवासी राजनारायण त्रिपाठी ने उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है कि उनकी आबादी वाली जमीन पर सर्वे मुआयना के आधार पर घरोनी नकल मिल चुकी है और उसी आबादी जमीन पर उन लोगों की कालोनी शासन द्वारा पास की गयी थी। जिसमें कालोनियां बनी है। वहां पर एक बडा पहाड है। गांव के एक दबंग संतोष कुमार अपने परिवार के साथ उनके घर के सामने पडी जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। अराजकतत्वो के साथ रात में भी कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। विरोध करने पर अराजकतत्व अशलहे लेकर खदेड देते हैं। ऐसे में दबंगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही की जानी चाहिए। साथ ही अवैध कब्जे से रोका जाना चाहिए।

## 11 माह बाद दुष्कर्म के आरोपी को हुआ आजीवन कारावास, एक लाख रुपए का जुर्माना

**जन एक्सप्रेस । उरई**

मां के साथ घर में सो रही 6 माह की मासूम बच्ची को गांव का एक युवक उठा ले गया था। इस मामले में शुक्रवार को न्यायालय पॉक्सो एक्ट के न्यायाधीश ने साक्ष्य और गवाहों के आधार पर दुष्कर्म करने वाले युवक को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही न्यायालय ने 1 लाख रुपए का आर्थिक दंड भी लगाया है। जिला शासकीय अधिवक्ता लखन लाल निरंजन ने बताया कि माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 27 अगस्त 2023 को घर में अपनी मां के साथ सो रही 6 वर्षीय मासूम बच्ची को कैलोर गांव का रहने वाला हरेंद्र सिंह पुत्र एबरन सिंह उठा ले गया था। जहां उसके साथ दरिंदगी की थी। इस घटना के बारे में सुबह पता चला था, जब मासूम लड़की गांव की बाहर बेहोशी की हालत में मिली थी। जिस पर लड़की की मां द्वारा हरेंद्र सिंह पर रेप तथा पॉक्सो एक्ट की धाराओं में 28 अगस्त को मुकदमा पंजीकृत करा दिया था। जिस पर पुलिस ने उसी दिन आरोपी हरेंद्र सिंह को हाफ एनकाउंटर करते हुए गिरफ्तार कर लिया था। साथ ही उसके खिलाफ 6 सितंबर 2023 को चार्ज सीट दाखिल की थी। जिस पर आरोप विचरित 16 सितंबर को हुए। 11 महीना तक इस मामले का ट्रायल न्यायालय में चला। जिसकी पैरवी अपर शासकीय अधिवक्ता बृजराज सिंह राजपूत और अपर शासकीय अधिवक्ता विश्वजीत सिंह गुर्जर द्वारा की गई। जिसमें शुक्रवार को न्यायालय एडीजी स्पेशल, पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश मोहम्मद कमर द्वारा साक्ष्य और गवाहों के आधार पर मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी हरेंद्र सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही एक लाख रुपए का आर्थिक दंड भी लगाया है कोर्ट द्वारा उसके खिलाफ वारंट जारी किया गया।

## निरंकारी मिशन के वननेस वन परियोजना के चैथे चरण का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

समाज कल्याण के लिए आवश्यक इस परियोजना को क्रियान्वित करने के लिए संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में और अनेक नये स्थानों को जोड़कर इस महाभियान के चैथे चरण की सेवाओं का आरम्भ 11 अगस्त को संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग 600 से अधिक स्थानों पर विशाल पौधरोपण अभियान के रूप में किया जा रहा है। इसमें मिशन के सभी अनुयायी व स्वयंसेवक सम्मिलित होकर करीब 10 लाख वृक्ष लगाऐंगे और अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को निभाते हुए तीन से पाँच वर्षों तक इन वृक्षों की देखभाल भी करेंगे ताकि यह प्रथम चरण की भांति ही लघु वन के रूप में प्रफुल्लित हो सकें। इसी क्रम मे 11 अगस्त को संत निरंकारी सत्संग भवन में वननेस वन परियोजना को क्रियान्वित करने के लिए संत निरंकारी चैरिटेबिल फाउण्डेशन द्वारा मिशन के निरंकारी भक्तों एवं सेवादल सदस्यों द्वारा प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया जायेगा। सत्गुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से संत निरंकारी मिशन द्वारा पर्यावरण के संरक्षण के लिए सन् 2021 में 'वननेस वन' नामक मेगा पौधरोपण परियोजना का आरम्भ किया गया। इस परियोजना का लक्ष्य 'वृक्षों के समूह' (लघु वन) का रोपण एवं इनकी देखभाल करना था, जिसके स्वरूप में अब वर्ष दर वर्ष निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। संत निरंकारी मण्डल के सचिव जोगिन्दर सुखीजा ने सांझा करते हुए बताया कि सन् 2021 में आयोजित 'वननेस वन' परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत संपूर्ण भारतवर्ष में लगभग डेढ़ लाख के करीब वृक्षों का रोपण किया गया। जिस उत्साह के साथ निरंकारी भक्तों द्वारा इन वृक्षों को रोपित किया गया था उसी उत्साह के साथ वर्ष भर निरंतर उनकी देखभाल भी की गई। जिसके परिणामस्वरूप इन 'वृक्षों के समूह' में इतना अधिक विस्तारण हुआ कि अब वह एक 'लघु वन' के रूप में प्रदर्शित हो रहा है। इन 'वृक्षों के समूह' पर प्रवासी एवं दुर्लभ प्रजाति के पक्षियों की उपस्थिति भी देखी जा रही है। जिनका अस्तित्व लगभग समाप्त हो चुका था। निःसंदेह प्रकृति संतुलन में इन सभी जीवों का अत्याधिक महत्व है। सन् 2022 में भी 'वननेस वन' परियोजना के दूसरे चरण का आयोजन अत्यंत उत्साहपूर्वक किया गया। जिसमें वृक्षों की संख्या बढ़कर 2 लाख के करीब पहुंची। उसके बाद वर्ष दर वर्ष निरंतर इनकी संख्या में वृद्धि होती जा रही है और परिणाम स्वरूप अब 2.50 लाख के करीब वृक्षों को रोपित किया जा चुका है जिनकी तल्लीनता पूर्वक निरंतर देखभाल भी की जा रही है। मिशन के सेवादारों द्वारा इन वृक्षों को फलित एवं पोषित रखने के लिए उन्हें स्थानीय जलवायु एवं भौगोलिक परिवेश के अनुसार ही रोपा जा रहा है जिसमें उनकी सुरक्षा एवं बढ़ोतरी के लिए उत्तम जैविक खाद, स्वच्छ जल एवं सिंचाई की नवीनतम तकनीकों का प्रयोग किया जाता है ताकि उनका संपूर्ण रूप से विकास हो सके।

# भीम आर्मी में ज्यादा से ज्यादा लोग जुडें: संजय कुमार गौतम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



भीम आर्मी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए गुरुवार को संगठन के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संजय कुमार गौतम ने मानिकपुर और कोमऊ क्षेत्र के मऊ, गढवा, गंजरी, चंदई और पूरव पताई में संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार अभी सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें संगठन की विचारधारा के अनुरूप काम करने वाले लोगों को सदस्य बनाते हुए जिले में बुनियादी स्तर पर संगठन को मजबूत किया जाएगा। इन्हीं सदस्यों में से जिला पदाधिकारियों का भी चयन किया जाएगा। ऐसे में सभी कार्यकर्ता सदस्यता अभियान पर ध्यान दें। भीम आर्मी गरीबों, समाज के कमजोर तबके, देश की बहन बेटियों की आवाज को मुखर होकर उठाता है आर्मी के संस्थापक सांसद चंद्रशेखर आजाद ने बेहद कम समय में पूरे देश में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। लोकसभा का चुनाव जीतने के बाद वह सदन में भी दलित हितों और महिलाओं के मुद्दे को लेकर बेबाकी से अपनी बात रखते हैं। बहुत जल्द ही जनपद में एक मजबूत भीम आर्मी टीम लोगों को नजर आएगी। इसके लिए ग्रामीण स्तर पर लोगों की समस्याएं उनकी घटनाओं की जानकारी करके कार्यकर्ता जिला मुख्यालय आए ताकि लोगों को समस्याओं से छुटकारा दिलाया जा सके। इस मौके पर राधेश्याम प्रजापति, अर्जुन सविता, सुनील अंबेडकर, राजू, अजय कुमार, राजन कुमार, रामकमल, राधेश्याम गौतम, सतेन्द्र गौतम, राहुल कुमार, शंकर लाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## यमुना का जलस्तर घटकर 103 मीटर पहुंचा, तटवर्ती ग्रामों में बाढ़ टली



**जन एक्सप्रेस । कालपी**

यमुना नदी का जलस्तर दो दिन में 2 मीटर कम हो जाने से तटवर्ती ग्रामों के बाढ़ के हालात टल गये है।शुक्रवार को कालपी में यमुना नदी का जलस्तर 103.28 मीटर दर्ज हुआ है, जबकि दो दिन पहले जलस्तर 105.06 मीटर तक पहुंच चुका है। केंद्रीय जल आयोग केंद्र प्रभारी रुपेश कुमार ने बताया कि कालपी में यमुना नदी का खतरे का निशान 108 मीटर है, बरसात के पहले जलस्तर 93.5 मीटर पर था। मालूम हो कि कोटा बैराज से पानी छोड़ने के बाद यमुना नदी का जलस्तर 7 अगस्त को 105.09 मीटर पहुंच गया था। लेकिन दो दिन जलस्तर में धीरे-धीरे कमी होने की वजह से शुक्रवार की दोपहर 2 बजे यमुना नदी कालपी में जलस्तर 103.28 मीटर पर आ गया है। फलस्वरूप यमुना नदी के उफनाने तथा बाढ़ की संभावना कम हो गई हैं। इसके बावजूद सम्भावित बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन तथा राजस्व विभाग के द्वारा यमुना नदी के तटवर्ती अलग-अलग ग्रामो में बाढ़ राहत चौकियां स्थापित कराई जा चुकी है।

## भाकपा ने किया मंहगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार को लेकर प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय आवाहन पर पार्टी की चित्रकूट इकाई द्वारा कैंप कार्यालय से पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने का. अमित यादव के नेतृत्व में चलकर नारेबाजी करते हुए कर्वी मुख्यालय पहुंच प्रदर्शन किया। साथ ही का सुशील सिंह की अध्यक्षता में सभा किया। का. अमित यादव ने कहा कि देश में सांप्रदायिक शक्तियां हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई की एकता को तोडने का काम कर रही हैं। जिनको आग देने का कार्य बीजेपी सरकार व उनके नेता कर रहे हैं। आज हमारा देश महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार से जूझ रहा है। बहुराष्ट्रीय कंपनियां तथा कारपोरेट घरानों को भाजपा सरकार ने टैक्स मुक्त कर जनता पर टैक्स लगाने का काम किया जा रहा है। जनता की मूलभूत सुविधाओं को नजर अंदाज कर कारपोरेट जगत को खुली छूट दी जा रही। सरकार किसानों से एमएसपी कानून बनाने का वादा कर वादाखिलाफी कर रही है। प्रदेश में बुलडोजर जैसी शर्मनाक कारवाइयां लोकतंत्र तथा न्याय प्रणाली को ठेंगा दिखाकर कानून व्यवस्था व संविधान को तार-तार किया जा रहा, वहीं दलित पिछडे अल्पसंख्यक और आमजन पर जुल्म और अराजकता की स्थिति का सामना कर रहे हैं। सरकार जानबूझकर जाति जनगणना नहीं करना चाहती। सरकारी नौकरियों में आरएसएस की शाखा में जाने वालों की भर्ती करने की बात पीएम द्वारा सांप्रदायिकता के जहर को घोलने का काम करने वाला है। जिसे रद्द किया जाना चाहिए। सरकार द्वारा भारत के संविधान में वर्णित उद्देश्यिका के मूल सिद्धांतों को खत्म करने के प्रयासों को बंद कर देश में लोकतंत्र को बचाने के लिए ऐसे प्रयासों पर रोक लगाई जानी चाहिए। इस अवसर पर का. सुशील सिंह, का. रामू यादव, का. दादूराम, का. राजधर विश्वकर्मा, का. कमलेश, का.विष्णु यादव ने विचार व्यक्त किए।

# अनियंत्रित होकर खाई में पलटी स्कूली वैन, 15 बच्चे घायल 7 की हालत गंभीर

**जन एक्सप्रेस । कालपी**

कदौरा में स्कूली वैन चालक की लापरवाही से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में पलट गई। हादसे में वैन पर सवार लगभग दो दर्जन से अधिक बच्चों में 15 बच्चे घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से 7 बच्चों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। कदौरा में संचालित डिफोडिल विद्यालय की एक मिनी बस भेड़ी व बड़ागांव क्षेत्र से लगभग दो दर्जन स्कूली बच्चों को लेकर कदौरा के लिए सुबह आ रही थी। जैसे ही गाड़ी बड़ागांव के आगे पुलिया के पास पहुंची। तभी चालक की लापरवाही से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में पलट गई। हादसे के बाद उसमें सवार लगभग दो दर्जन स्कूली बच्चे घायल हो गए और उनमें चीख पुकार मच गई, और चालक मौके से फरार हो गया। हादसे को वहां से निकलने वाले राहगीरों ने देखा और वह मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने घटना की खबर पुलिस को दी और स्कूली वैन में फंसे सभी बच्चों को बाहर निकाला। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी बच्चों को इलाज के लिए कदौरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उनका तत्काल इलाज शुरू कर दिया। बल्कि सात बच्चो की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही बच्चों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि जिस स्कूल बस को बच्चों के लिए लाया जा रहा था। उसकी फिटनेस भी सही नहीं थी। फिलहाल पूरे मामले की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।



### लापरवाह चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कदौरा।** कालपी क्षेत्राधिकारी डॉ देवेंद्र पचौरी ने बताया कि क्रूजर वैन में लगभग दो दर्जन बच्चे बैठे हुए थे। जिसमें कुछ की हालत नाजुक होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। बाकी की हालत सामान्य है, और उनका उपचार समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। लापरवाह चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया जा रहा है।

### खबर मिलते ही मेडिकल कॉलेज पहुंचे डीएम एसपी

**कदौरा।** थाना क्षेत्र में खंदक में गिरी बच्चों से भरी स्कूली वैन पलटने की खबर जैसे ही डीएम राजेश कुमार व पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार को लगी, तो वह तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। जहां पर उन्होंने पूरे मामले की जानकारी ली और चिकित्सकों को अच्छे से अच्छा उपचार करने के लिए निर्देश दिए। इतना ही नहीं बल्कि डीएम एसपी ने परिजनों को बच्चों का बेहतर उपचार व संभव मदद का भरोसा दिलाया।

## ग्रामोदय कैंपस में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने किया पौधरोपण और घास उन्मूलन



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं-सेवकों द्वारा शुक्रवार को पौधरोपण व घास उन्मूलन का कार्य किया गया। विश्वविद्यालय परिसर के केंद्रीय पुस्तकालय के पास पुराने विज्ञान संकाय भवन के सामने स्वयं-सेवकों के द्वारा स्वच्छता व श्रमदान के माध्यम से गाजर घास उन्मूलन कार्य किया गया। गाजर घास उन्मूलन कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के आशीष, रोहित, भूपेंद्र, हर्षिता, श्रद्धा, प्रजल, मुनेंद्र, आशुतोष, विकाश, प्रियंका आदि विज्ञान संकाय के स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। इसी श्रृंखला में कृषि उठी संकाय के विवेकानंद बालक छात्रावास के निकट एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत 60 वृक्षों (इमली, सागवान, पीपल, करोदा, अमरूद, जामुन, कटहल आदि पौधो) को लगाया गया। यह पौधारोपण कार्यक्रम कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ सुधाकर प्रसाद मिश्रा के दिशा निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ उमेश कुमार शुक्ल ने बताया कि प्रत्येक विद्यार्थी एक पेड मां के नाम, स्वयं की स्वेच्छा अनुसार यह पुनीत कार्य किया।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों को कांग्रेसियों ने किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

उत्तर प्रदेश कौंग्रेस समिति के निर्देश पर जिला कौंग्रेस समिति के अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के नेतृत्व में शुक्रवार को क्रांति दिवस मनाया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व रामशरण गर्ग के परिजनों, उनके पुत्र वरिष्ठ कौंग्रेसी नेता बुआराम शुक्ला के आवास पहुंचकर उनको माला व शाल ओढाकर सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने बताया कि 1857 के विद्रोह के बाद भारत में राष्ट्रीयता का उदय हुआ। 1885 में कौंग्रेस की स्थापना के साथ इसे एक संगठित रूप देने का प्रयास शुरू किया गया। महात्मा गांधी के दक्षिण अफ्रीका से लौटने के बाद कौंग्रेस आम जनता कौंग्रेस बनने की तरफ अग्रसर हुई। महात्मा गांधी ने तीन राष्ट्रीय आंदोलन किया। असहयोग आंदोलन, नमक आंदोलन, अंग्रेजों भारत छोडो इसके बाद अंग्रेजों को भारत भारत छोडना पडा।

14 जुलाई 1942 को वर्धा में कौंग्रेस अधिवेशन बुलाया गया था। जिसकी अध्यक्षता मौलाना अब्दल कलाम आजाद ने की थी। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने भारत छोडो आंदोलन का प्रस्ताव दिया। सरदार पटेल ने उसे प्रस्ताव का समर्थन किया। 8 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी ने कहा था कि एक मंत्र देता हूं करो या मरो, वह स्वतंत्रता से कम किसी वस्तु से संतुष्ट नहीं होंगे। भारत छोडो आंदोलन के बाद ही हमें आजादी मिल पाई थी। कौंग्रेस की पूर्व प्रत्याशी रंजना बराती लाल पांडेय ने कहा कि देश की आजादी में कौंग्रेस पार्टी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज भी लगातार संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कौंग्रेस पार्टी संघर्ष कर रही।

## नाग पंचमी मेले तथा दंगल में लंका मीनार में उमड़े भक्त

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** शुक्रवार को स्थानीय नगर में नाग पंचमी का पर्व परंपरागत तरीके से धूमधाम पूर्वक मनाया गया। शिव भक्तों ने भगवान शिव के साथ ही नाग देवता की पूजा अर्चना करके दूध पिलाया। प्राचीन महत्व की लंका मीनार में नाग पंचमी मेले तथा दंगल में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। नगर के मोहल्ला रावगंज स्थित प्राचीन लंका मीमार परिसर में सुबह से ही खेल, तमाशा, झूलों तथा खिलौने की दुकानें सज गई।

महिलाओं, बच्चों तथा शिवभक्तों का मेले में पहुंचने का सिलसिला शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। महिलाओं तथा शिवभक्तों ने लंका मीनार परिसर में स्थापित विशाल नाग देवता पर दूध, पूजा सामग्री तथा दीपक एवं धूपबत्ती आदि जलाकर भगवान शंकर की पूजा अर्चना की। यमुना नदी के तट में स्थित पातालेश्वर मंदिर में भी सुबह से भक्तों का आना शुरू हो गया। नाग पंचमी के पर्व पर सांपों को दूध पिलाने की परंपरा बहुत पुरानी है।

# तिरंगा यात्रा ट्रैक्टर मार्च के जरिए उठायी किसानों की समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर भारतीय किसान यूनियन चित्रकूट जिलाध्यक्ष राम सिंह राही के नेतृत्व में तहसील सदर कर्वी, तहसील मऊ एवं तहसील राजापुर में किसानों ने किसान क्रांति दिवस मनाया। तिरंगा यात्रा ट्रैक्टर मार्च के माध्यम से किसानों की समस्याओं व उनके समाधान की ओर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा।

तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि किसान को बिजली, खाद समय से नही मिल पा रही है। इस दिशा में उचित कदम उठाए जाएंगे। भूमि अधिग्रहण कानून और भी मजबूती के साथ किसान हितों के लिए बनाया जाएगा। जल-जंगल-जमीन बचाने के लिए एकजुटता दिखाते आदिवासियों की भी सरकार सुध लेगी। केरल का नारियल किसान हो या समुद्री तटों पर मछुआरों के हितों की रक्षा या फिर चार साल के लिए अग्निवीर योजना के तहत चयनित युवाओं का भविष्य फिर से संवारने की योजना, इस पर सबसे पहले संसद के सत्र में विचार कर इसे उपयोगी बनाया जाएगा।

तहसील अध्यक्ष राजापुर राजकिशोर सिंह ने कहा कि किसानों की समस्याओं के बीच से ही भारतीय किसान यूनियन का उदय हुआ। ऐसे में देश-दुनिया के किसानों के साथ कृषि मजदूर भी भाकियू की ओर आस लगाए बैठा है। भारतीय किसान यूनियन ऐसे में देश-दुनिया के किसानों-मजदूरों और आदिवासियों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करती है। भारतीय किसान यूनियन ट्रैक्टर मार्च के माध्यम से राज्य सरकार को किसान हितों में कानून बनाने की दिशा में पहल करने की बात भी



पहुंचाना चाहती है। इसलिए भारतीय किसान यूनियन इस ट्रैक्टर मार्च में इन प्रस्ताव को पारित करती है।

जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने कहा कि एमएसपी गारंटी कानून सबसे अधिक जरूरत है। केन्द्र सरकार का तीसरा कार्यकाल शुरू हो रहा है, ऐसे में केन्द्र सरकार इस मामले में नई समिति का गठन कर इस कानून को तत्काल अमलीजामा पहनाएं। फसलों के उचित लाभकारी मूल्य के लिए स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को केन्द्र सरकार लागू करे। देश में एक अलग से किसान आयोग का गठन किया जाए। गन्ने का मूल्य यूपी समेत अन्य राज्यों में भाजपा के शासनकाल में नाम मात्र का बढ़ाने का काम किया गया है, जिससे किसान संकट में है। कई राज्यों में किसानों को बिजली मुफ्त में देने का काम राज्य सरकारें कर रही हैं। बाकी राज्यों में भी किसानों को मुफ्त बिजली दी जाए। यूपी में नलकूपों पर बिजली मीटर लगाने तत्काल बंद हों। सरकार इस पर स्पष्टीकरण जारी करे। सबसे विकराल समस्या किसानों के सामने अन्ना पशुओं को लेकर है। सरकार ग्राम पंचायत स्तर पर सरकारी परती की जमीनों पर अस्थाई गौशाला बनाए ताकि किसानों को इससे खेती के अलावा जान-माल की सुरक्षा भी हो सके। छोटी जोत के किसानों के लिए अलग से योजना बनाई जाए। छोटी जोत के किसानों को उबारने के लिए कृषि ऋण को ब्याजमुक्त करने का काम किया जाए। जिला उपाध्यक्ष शिवदयाल सिंह बघेल ने उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों के जो भी जनपद बाढ़ की चपेट में आए हैं, उनके मैदानी सर्वे कराकर तत्काल रूप से फसलों के साथ ही जनहानि का भी मुआवजा दिया जाए। खाद-बीज व कीटनाशक के क्षेत्र समेत अन्य क्षेत्रों में किसानों के नाम पर उद्योगों को दी जा रही सब्सिडी सीधे किसानों को दी जाए।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण मध्य तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 34.6 (+2.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 26.4 (0.7)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 83 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 67 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 8.1 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# प्रेमिका को मौत के घाट उतारने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर की गोविंद नगर थाना पुलिस ने लिविंग रिलेशनशिप में रह रही महिला को प्रेमी के द्वारा सिर पर हथौड़े से हमला कर मौत के घाट उतारने वाले आरोपी को पुलिस ने मध्य प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है।

मामला गोविंद नगर थाना क्षेत्र के गुजैनी इलाके का है घटना का खुलासा करते हुए एडीसीपी दक्षिण अंकिता शर्मा ने बताया की मृतक विवाहिता महिला सुनीता अपने प्रेमी सुरेश के साथ उसके ही घर पर अपने चार बच्चो के साथ रह रही थी।महिला लंबे समय से अपने प्रेमी से घर में अपना हिस्सा मांग रही थी जिसके चलते दोनो के बीच काफी लंबे समय से विवाद चल रहा था। बीती 20 जुलाई को एक बार फिर से दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। इसी दौरान सुरेश ने अपनी प्रेमिका के सिर पर हथौड़े से ताबड़तोड़ कई बार हमला कर लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गया।जिसके बाद पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति ने घटना की सूचना गोविंद नगर पुलिस को दी।

जिसपर आनन फानन में मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को कानपुर के हैलेट अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसे लखनऊ अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जहां पुलिस ने लखनऊ अस्पताल में महिला को भर्ती कराया मगर इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई जिसके बाद पुलिस ने महिला की हत्या करने वाले आरोपी की तलाश की तो सर्विलांस की मदद से पुलिस को मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में सुरेश की लोकेशन पुलिस को मिली इसके बाद गोविंद नगर थाना पुलिस मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में पहुंची और सुरेश को गिरफ्तार कर लिया, वहीं सुरेश ने संपत्ति में बंटवारे पर आए दिन हो रहे विवाद के चलते अपनी प्रेमिका की हत्या करने की बात कबूली है।

# बिठूर पुलिस बनी गौ रक्षक, सनातनियों ने किया धन्यवाद

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीती छह अगस्त को जब महान गौ रक्षक धर्म सम्राट पूज्य स्वामी करपात्री जी महाराज का 117 वन जन्म दिवस गौ रक्षा दिवस के रूप में पूरे राष्ट्र में मनाया जा रहा था उसी रात 12:00 बजे गौ भक्षकों ने बिठूर के अज़ीमुल्ला नगर स्थित प्रसिद्ध प्राचीन शिव विष्णु मंदिर एवं मनु सतरुपा मंदिर गौशाला की गाय एवं नवजात बछिया को चुराकर पुराने बिठूर के एक घर में गौकशी की नियत से छुपा दिया।

7 अगस्त की प्रातः काल गाय और बछिया को न पाकर उक्त मंदिर और गौशाला की सेवा करने वाली संस्था सनातन मंदिर चेतना सोसायटी के सदस्यों एवं स्थानीय जनता में अत्यंत छोभ एवं दुख व्याप्त हो गया क्योंकि सभी उस गाय और बछिया को बड़ा स्नेह करते थे। आनन-फानन में सनातन मंदिर चेतना सोसायटी के सदस्यों ने बिठूर थाने में प्राथमिकी दर्ज



करा कर पुलिस से शीघ्र कार्रवाई का अनुरोध किया। बिठूर थाना प्रभारी ने तुरंत मामले की गंभीरता को समझते हुए कार्रवाई आरंभ की और 24 घंटे के अंदर 3 अपराधियों को गाय बछिया सहित गिरफ्तार कर अपनी कर्तव्य परायणता और कुशलता का अनुपम उदाहरण पेश किया और गाय तथा बछिया को सकुशल मंदिर पहुंचाकर मंदिर प्रशासन के लोगों को सौंप कर ही दम लिया इसके लिए पुलिस टीम ने पूरी रात और पूरा दिन काम किया।

बिठूर की धर्म परायण जनता में उत्साह की लहर दौड़ पड़ी जिस किसी ने भी सकुशल गाय और बछिया की कुशल वापसी की बात सुनी वह मंदिर की ओर दौड़ पड़ा क्योंकि इस क्षेत्र में तमाम और गोवंश अभी पिछले कई महीनो से लगातार गायब हुए जिनका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था। गाय और बछिया की आरती करके स्वागत किया गया तथा मिठाई बांटी गई और बिठूर थाना पहुंचकर पुलिस प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बिठूर थाना में विराजमान थानेश्वर महादेव को नमन कर बिठूर पुलिस प्रशासन की कार्य प्रणाली को भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।

समाचार प्राप्त होने तक अपराधियों को जेल भेज कर आगे की कार्रवाई बिठूर पुलिस ने आरंभ कर दी है।

इस अभियान में मुख्य रूप से बिठूर थाने के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह वरिष्ठ उप निरीक्षक प्रमोद कुमार कस्बा प्रभारी अरुण कुमार राठी यस आई पुष्पेन्द्र सिंह कांस्टेबल अर्जुन प्रथम एवं अर्जुन द्वितीय का बहुत ही सराहनीय एवं अद्भुत टीम वर्क रहा।

# अभद्रता के विरोध में तीसरे दिन भी कर्मचारियों की हड़ताल रही जारी



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जलकल एवं नगर निगम कानपुर के नेतृत्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नगर आयुक्त सुधीर कुमार के साथ असंसदीय बात व अभद्रता? के विरोध में तीसरे दिन शुक्रवार को भी हड़ताल जारी रही। इस दौरान हरिओम वाल्मीकि, रमाकांत मिश्रा, विनोद कुमार, कमरुद्दीन नगर आयुक्त आवास पर जाकर वार्ता की जहां नगर आयुक्त ने कर्मचारी नेताओं से त्यौहार एवं जनहित को दृष्टिगत रखते हुए हड़ताल समाप्त करने को कहा।

उन्होंने कहा कि उन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज है व विधिक कार्रवाई होगी। नगर निगम कर्मचारी संघ के महामंत्री रमाकांत मिश्रा ने बताया कि नगर आयुक्त ने महापौर प्रमिला पांडे से मिलने को कहा। उन्होंने बताया कि महापौर एवं विधायक सुरेंद्र मैथानी ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र नेताओं को बुलाकर अधिकारी व कर्मचारियों के समक्ष उनसे खेद प्रकट कराया इसके बाद महापौर, विधायक एवं कर्मचारी नेता कर्मचारियों की सभा में उनके द्वारा माफी मांगे जाने के संबंध में बताया और जारी हड़ताल समाप्त किए जाने घोषणा की। संघ संयोजक हरिओम वाल्मीकि रमाकांत मिश्रा ने कर्मचारियों से आग्रह किया कि कल से हड़ताल समाप्त कर दिया गया है आप लोग अपने काम पर वापस जाएं। सभा में हरिओम वाल्मीकि, रमाकांत मिश्रा, विनोद कुमार, हरिशंकर शुक्ला, सुमेंद्र कुमार, मुन्ना हजारिया, उस्मानअली, युसूफ अली, रमाकांत वाल्मीकि, रमेश चंद शुक्ला, अशोक कुदें आदि लोग मौजूद रहे।

# लाल बंगला उद्योग व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



लाल बंगला उद्योग व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को लाल बंगला खत्री धर्मशाला में आयोजित हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजीव महाना प्रांतीय अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद के द्वारा नव निर्वाचित अध्यक्ष सरदार बलबीर सिंह, उपाध्यक्ष सोनू बाबा, महामंत्री विजय तिवारी, कोषाध्यक्ष रामशंकर गुप्ता को शपथ दिलाई व सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। तत्पश्चात भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक विनोद गुप्ता ने सभी का स्वागत किया और सभी से सत्य व निष्ठा के साथ व्यापारी हितों की रक्षा करने की बात कही। मुख्य चुनाव अधिकारी शिव शरण गुप्ता ने नव निर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष को विजयी होने की शुभकामनाओं के साथ प्रमाण पत्र सौंपें। चुनाव में सहयोग के लिये भारत गुजराल, छेदी लाल, मो. इस्माईल, राजीव निगम को प्रशांसा पत्र दिये गये। शांति पूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिये इंस्पेक्टर चकेरी अशोक कुमार दुबे व चौकी प्रभारी आदेश कुमार यादव को प्रशस्ति पत्र दिये।

कार्यवाही का संचालन चेयरमैने राजीव निगम में किया। प्रमुख रूप से नित्य प्रकाश श्रीवास्तव, मनोज गुप्ता, दिलीप अग्रवाल, साहब सिंह, मंजीत सिंह, जगदीश निषाद, कुंवर सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# साठ लाख हड़पने वाले दे रहे जान से मारने की धमकी



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

काकादेव में फर्जी दस्तावेजों से दूसरे के खाते में भुगतान कर 60 लाख हड़पने के मामले में पुलिस कमिश्नर के आदेश पर पीड़ित कोरियर संचालक ने यूनियन बैंक के कर्मचारियों समेत पांच पर धोखाधड़ी, कूटरचना, जान से मारने की धमकी और आपराधिक षड्यंत्र के गंम्भीर अपराध पर काकादेव थाने में बीती 28 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन मुकदमा लिखने के कई दिन बीतने के बावजूद पुलिस कार्यवाही सुस्त होने से पीड़ित के जान पर बन आयी है आरोप है कि आरोपी उसे धमका रहे है।

अशोक नगर स्थित कानपुर जर्नलिस्ट क्लब में शुक्रवार को हैरिसगंज निवासी पीयूष शुक्ला जो कि एसकेए एक्सप्रेस कोरियर के संचालक हैं उन्होंने प्रेसवार्ता में बताया की पांडु नगर स्थित यूनियन बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय की 2006 से डाक और कोरियर लाने-ले जाने का काम कर रहे थे। बैंककर्मी हरिकेश मिश्रा, अरुण मिश्रा, प्रवीण मिश्रा और प्रशांत कटियार ने उसका भुगतान करने को खाता खुलवाया था। आरोप है कि आरोपितों ने फर्जी दस्तावेजों से भुगतान उसके एसकेए एक्सप्रेस कोरियर खाते के बजाय कानपुर देहात के पंकज कुमार के खाते में कर दिया। आरोप है कि जानकारी पर उसने उच्चाधिकारियों को जानकारी दी। इसके बाद भी वह पंकज के खाते में ही भुगतान करते रहे। तीन साल पहले हरिकेश ने उसकी संस्था के कार्य को ही गलत और फर्जी बताकर काम रुकवा दिया।

पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस कमिश्नर से गुहार लगाई। जिसके बाद काकादेव थाना में आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी न होने उनके हौसले बुलंद है और वो पीड़ित को ही धमका रहे है।

# स्वतंत्रता सेनानी परिवार के सदस्यों का किया गया सम्मान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में क्रान्ति दिवस अंग्रेजो भारत छोड़ो की स्मृति के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी परिवार के सदस्यों का सम्मान एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कानपुर कचहरी के समीप उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य संदीप शुक्ला एडवोकेट के संयोजन में स्वतंत्रता सेनानी स्व.रमेश गुप्त भइये के पुत्र विजय गुप्त, स्व.कन्हैया लाल मेहरोत्रा के पुत्र आनंद मेहरोत्रा, स्व.हमीद खान के पुत्र हलीमुल्ला खान, स्व0 राम सनेही गुप्ता के पुत्र पवन गुप्ता, स्व.नित्यानंद पाण्डेय के पौत्र शैलेन्द्र पाण्डेय एडवोकेट, स्व0 कृष्ण बिहारी अवस्थी वैध जी के पुत्र कृष्ण कांत अवस्थी, स्व.शिव रतन लाल त्रिपाठी के पौत्र ब्रजेश त्रिपाठी, स्व.कैल्लन विश्वनाथ सिंह भदौरिया के पुत्र भूपेंद्र सिंह भदौरिया का सम्मान शाल पहना कर एवं माल्यार्पण कर किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव कानपुर प्रभारी अंशू तिवारी ने कहा आजादी की लड़ाई लड़ने वालों के परिवार ने भी साथ में संघर्ष किया है ये देश कभी उनके बलिदान को भुला नहीं सकता।

कार्यक्रम का संचालन कृपेश त्रिपाठी ने किया एवं संदीप शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हरप्रकाश अग्निहोत्री निजामुद्दीन खान, वसीक, जीशान अंसारी, सैमुअल लकी सिंह, राकेश शुक्ला, बैतुल खान मेवाती, शिवांश राजपूत, राहुल कठेरिया, सुजल गौतम, अफलाक आदि उपस्थित थे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मूंगफली की खेती पर किसानों को दी अहम जानकारी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग के प्रोफेसर डॉ.महक सिंह ने बताया कि खरीफ के मौसम में तिलहनी फसल के अंतर्गत मूंगफली की खेती का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने बताया कि देश के मूंगफली का उत्पादन विश्व के उत्पादन में 34 फीसदी की भागीदारी है। उन्होंने कहा की मूंगफली का देश में क्षेत्रफल 5.02 मिलियन हेक्टेयर है तथा उत्पादन 8.11 मिलियन टन तथा उत्पादकता 1616 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर है। जबकि उत्तर प्रदेश में मूंगफली का क्षेत्रफल 1.01 लाख हेक्टेयर, उत्पादन एक लाख मीट्रिक टन तथा उत्पादकता 984 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर है। डॉ. महक सिंह ने बताया मूंगफली के दानों में 25 से 30 फीसदी प्रोटीन,10 से 12 फीसदी कार्बोहाइड्रेट तथा 45 से 55 फीसदी वसा पाई जाती है। उन्होंने किसानों से इस समय मूंगफली की खेती को लगभग 30 से 35 दिनों की होने तथा फसल में खरपतवारों की समस्या होने पर निराई गुड़ाई करने व खूंटियां निकालने पर जिप्सम का प्रयोग करने की अपील की। जिससे तेल की मात्रा में बढ़ोत्तरी होती है। उन्होंने कहा कि मूंगफली की फसल में टिक्का बीमारी होने पर फफूंदी नाशक खड़ी फसल में मैनकोज़ेब 50 फीसदी डब्ल्यूपी 225 ग्राम प्रति हेक्टेयर 500 से 600 लीटर पानी में घोल बनाकर 10 दिन के अंतराल पर छिड़काव करना चाहिए।

### कार्यकर्ताओं से सोशल मीडिया पर अपनी डीपी बदलकर तिरंगा लगाने की अपील

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने बैठक कर सभी पदाधिकारियों से पंद्रह अगस्त से पूर्व 13 अगस्त को ही अपने घर, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, अस्पताल, दुकान, फैक्ट्री, कारखाना, स्कूल,कालेज आदि स्थानों में तिरंगा लगाकर सेल्फी लेकर सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर पर अपलोड करने की अपील की। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से सोशल मीडिया पर अपनी डीपी बदलकर तिरंगा लगाने की अपील की। जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने हर घर तिरंगा लगवाने के खातिर निराला नगर, किदवई नगर,जूही,श्याम नगर, ओमपुरवा, सरसौल, जरौली, हरजिंदर नगर मण्डलो में बैठक कर जमीनी स्तर पर तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 11, 12,13 अगस्त को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में भाजयुमो कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। भाजपा 13 से 15 अगस्त तक घर घर तिरंगा फहराते हुए सेल्फी का सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार कर आजादी के इस लोकोत्सव को बहुत ही यादगार बनाना चाहती है।

### गहमर की जनता को गहमरी दिलाएंगे परिवहन की समस्याओं से निजात

जन एक्सप्रेस । गहमर/कानपुर नगर। स्थानीय गांव निवासी एवं भोजपुरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सिंह गहमरी गुरुवार को मां कामाख्या का दर्शन पूजन कर अपने पैतृक निवास गहमर पहुंचें, जहा उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की ग्रामीणों द्वारा बारा से लेकर गाजीपुर तक जाने वाली रोडवेज बस के संचालन के बन्द होने से जिला मुख्यालय पर जाने में हो रही दिक्कतों से अवगत कराया गया ।जिस पर संतोष गहमरी ने लोगो को भरोसा दिलाया कि विगत 2 दिनों के अंदर वे परिवहन मंत्री से मिल कर पुन: रोडवेज बस के संचालन के लिए मांग करेंगे। बताया कि इससे पूर्व में भी उनके द्वारा इस मार्ग पर चलने के लिए बस के संचालन की हरी झंडी मिल गई थी किंतु कुछ कारणों वश संचालन नही हो पाया। बताया कि जल्द ही वे बस संचालन के लिए परिवहन मंत्री से मिल कर इसकी मांग करेंगे। अगर मांगे पूरी न हुई तो धरने पर बैठेंगे।

### महिलाओं ने धूमधाम से मनाई हरियाली तीज

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। हरियाली तीज के पावन अवसर पर मैं ब्राह्मण हूं महासभा की प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट पूजा दुबे ने समाजसेवी महिलाओं का सम्मान किया,कार्यक्रम में उपस्थिति रही सभी समाजसेवी महिलाओं ने बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया हरियाली तीज का त्यौहार मनाया। इस दौरान महिलाओं को सुहाग की निशानियां भेंट की गईं कार्यक्रम में सभी समाजसेवी बहनों ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर भी विचार विमर्श किया वह उन्हें किस तरह सशक्त बनाया जाए समाज में उन्हें एक सशक्त स्थान किस तरह प्रदान किया जाए इस पर भी अपने-अपने विचार प्रकट किए।

# काकोरी शताब्दी महोत्सव बिठूर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वंशजों का हुआ सम्मान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर





भारत के स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन से संबंधित अनेक ऐतिहासिक घटनाओं में काकोरी की घटना का विशेष महत्व है। 4 फरवरी सन 1922 में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जनपद में घटित चौरी चौरा घटना के बाद गांधी जी द्वारा 11 फरवरी सन 1922 को बारदोली गुजरात में असहयोग आंदोलन को स्थगित करने की घोषणा की गई थी। इस निर्णय ने क्रांतिकारी आंदोलन को पुनः जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 9 अगस्त सन 1925 को शाहजहांपुर से लखनऊ आ रही 8 डाउन ट्रेन को काकोरी के निकट रोक कर अंग्रेजी सरकार के 4679 रुपए राशि के खजाने पर क्रांतिकारियों द्वारा कब्जा कर लिया गया। काकोरी ट्रेन इंसिडेंस को 100 वर्ष बीत जाने के उपलक्ष में पूरे भारतवर्ष में काकोरी शताब्दी वर्ष बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बीते दिन शुक्रवार को बिठूर के ऐतिहासिक नाना राव पेशवा पार्क काशी मुक्ता मंच पर काकोरी शताब्दी महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर हुआ। इस कार्यक्रम में पर्यावरण को साफ और स्वच्छ रखने के लिए पौध रोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में साइकिल रैली को भी मुख्य अतिथि द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी ने मंच से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों के सदस्यों व एक्स आर्मी के जवानों को अंग वस्त्र माला व स्मृति चिन्ह देकर मंच पर सम्मानित किया। इसके उपरांत उन्होंने अपने संबोधन में क्रांतिकारी धरती बिठूर को नमन करते हुए देश को आजाद करने में जिन अमर शहीदों, क्रांतिकारियों ने अपनी प्राणों का बलिदान दिया उन्हें नमन किया। आज का भारत वर्ष उन्हीं आजादी के मतवाले वीर सपूतों से आजाद हुए भारत का काकोरी स्वर्णिम वर्ष उत्सव मना रहा है। यह महा उत्सव पूरे भारतवर्ष में वर्ष भर मनाया जाएगा। वहीं क्षेत्रीय विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने अपने संबोधन में कहा कि बिठूर की धरती क्रांतिकारियों की भूमि है। जहां आजादी के मतवालों ने अपनी वीरता से अंग्रेजों को खदेड़ने की रणनीति बनाई और उन्होंने युद्ध में अपनी वीरता से अंग्रेजों के दांत खट्टे किए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत स्वागत गीत से हुई जिसे ओंकारेश्वर इंटर कॉलेज की छात्रों द्वारा मां की वीणा के गूंजतेश्वर स्वागतम स्वागतम से किया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवार से आए सनी राव मोघे, धर्म कुमार सिंह, हरिराम गुप्ता, सत्येंद्र कुमार सिंह,रामकुमार सिंह, जोगिंदर सिंह बाजवा, अनिल शुक्ला, पदम कांत गुप्ता, अनिल त्रिपाठी, पवन मिश्रा, मृगांक शेखर आनंद, चंद्रभान सिंह, रामदुलारे गुप्ता, सुमन दीक्षित वही एक्स आर्मी मैन अरुण कुमार यादव, दिनेश सिंह, आदि को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कानपुर नगर की मेयर प्रमिला पांडे, विधायक किदवई नगर महेश त्रिवेदी, विधायक घाटमपुर सरोज कुरील, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष दिनेश सिंह कुशवाहा, जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, इसके अलावा शहर का पूरा प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

# शिक्षक समस्याओं के निस्तारण को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन उपवास स्थगित

जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा



कानपुर नगर। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय सह संयोजक शिक्षक नेता शैलेन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में शिक्षकों द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में शुक्रवार को शिक्षक समस्याओं के निस्तारण को लेकर अनिश्चितकालीन उपवास किया गया। महामंत्री राहुल कुमार मिश्रा ने बताया कि शिक्षा निदेशक के हस्तक्षेप एवं उनके निस्तारण के आश्वासन पर शिक्षक नेता शैलेंद्र द्विवेदी द्वारा उपवास को एक सप्ताह के लिए स्थगित किया गया। उन्होंने बताया कि उपवास का संज्ञान लेते हुए प्रदेश के शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ.महेन्द्र देव ने जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार व संयुक्त शिक्षा निदेशक को लखनऊ शाम 4.30 पर सभी समस्याओं से संबंधित पत्रजात सहित बुलाया गया है।

मौन उपवास के दौरान उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ(पाण्डेय गुट) के प्रदेश मंत्री ब्रज भूषण मिश्रा, मंडल अध्यक्ष रमेश चंद्र पाण्डेय, जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, जिलामहामंत्री राहुल मिश्रा, शेखर चौधरी, राकेश भारद्वाज, राम प्रकाश शुक्ला, गोपाल शरण सिंह सेंगर, शैलेन्द्र अवस्थी सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

### हाई टेंशन लाइन की चपेट में आए दो मजदूर, एक की मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। थाना रावतपुर सराएँ अंबेडकर पुरम स्थित निर्माणाधीन बिल्डिंग में पुताई का काम करने के लिए लोहे की घुड़िया चढ़ाते समय 11 हजार वोल्ट करंट की हाई टेंशन लाइन की चपेट में आए दो युवक गंभीर रूप से झुलस गए। चपेट में आए एक युवक की मौके पर मौत हो गई वहीं दूसरे घायल युवक का एक निजी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। वहीं मृतक को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कार्य कराए जाने के दौरान लापरवाही की बात सामने आई है। एचटी लाइन की चपेट में आए जयकिशन निवादा थाना शिवराजपुर निवासी घायल रामबली( 45 ) ने बताया कि वह पेंटिंग कारीगर है।

# अवनीश दीक्षित ने कोर्ट को दी मजिस्ट्रेट के सामने कलमबंद बयान कराने की अर्जी





जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के सबसे चर्चित मामले नजूल की जमीन पर कब्जे को लेकर जेल भेजे गए पत्रकार अवनीश दीक्षित की जमानत याचिका और पुलिस कस्टडी रिमांड के मामले में तारीख आगे बढ़ गई है। इस मामले में अवनीश दीक्षित संग जुड़े एक और आरोपी की अंतिम जमानत याचिका पर एक पीड़ित ने वकील के माध्यम से विरोध दर्ज कराया है। जिस कारण जमानत के लिए याचना करने गए आरोपी को अंतरिम जमानत नहीं मिली है। वहीं दूसरी और हाई कोर्ट इलाहाबाद का रुख करने वाले हरेंद्र मसीह और अन्य की याचिका के मामले में सुनवाई की तारीख आगे बढ़ गई है। आपको बताते चलें कि बीती 28 जुलाई को कानपुर नगर के थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित सिविल लाइंस में एक विवादित नजूल की भूमि पर कब्जे को लेकर दो मुकदमे दर्ज करने के बाद पत्रकार अवनीश दीक्षित को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया था। और इसके साथ ही लगभग तीन दर्जन लोगों को आरोपी बनाया गया था। अवनीश दीक्षित के जेल जाने के बाद से उन पर लगभग आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज किया जा चुके हैं और साथ ही साथ कई अन्य पत्रकारों पर वसूली के गंभीर आरोप के मुकदमे भी दर्ज हुए हैं।



"आज मेरे द्वारा एडीजे 16 में थाना अनवरगंज में दर्ज़ मुकदमे के वादी मुफीद खान की ओर से अवनीश दीक्षित संग आरोपी बनाए गए वसीम की अंतरिम जमानत याचिका का विरोध किया गया है। मेरे द्वारा कोर्ट को बताया गया कि अवनीश दीक्षित और अन्य ने तमंचे के बल पर जबरन मुफीद से हस्ताक्षर करवा लिए थे। आपत्ती लिखित में दाखिल करने का समय मेरे द्वारा मांगा गया है।

**राहुल कुमार शुक्ला**
**मुफीद खान के अधिवक्ता**



"आज बचाव पक्ष के विद्वान अधिवक्ता द्वारा शपथ पत्र पेश करते हुए कोर्ट में लोअर कोर्ट का खारिजा बढ़ी हुई धारा के साथ पेश किया गया है अब इस मामले में सुनवाई 13 अगस्त को होगी।

**विनोद त्रिपाठी**
**सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता एडीजे छह**



"आज एक प्रार्थना पत्र सीजेएम कोर्ट में अवनीश दीक्षित की ओर से दिया गया था। इस पत्र में याचना की गई थी कि अवनीश दीक्षित के कलम बंद बयान मजिस्ट्रेट के सामने कराए जाएं जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है। सेशन कोर्ट में आज बड़ी हुई धारा पर बेल दाखिल की गई है। दोनों मामलों की सुनवाई आगामी 13 तारीख को होगी।

**शिवाकांत दिक्षित**
**अवनीश दीक्षित के वकील**

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव में विविध कार्यक्रम संपन्न

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**

काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का शुक्रवार को जनपद में भव्य शुभारंभ हुआ।मुख्य कार्यक्रम जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में आयोजित किया गया।जिसमें राज्यमंत्री व विधायक तिलोई मयंकेश्वर शरण सिंह,विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह,पुलिसअधीक्षक अनूप कुमार सिंह एवम मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस अवसर पर लखनऊ के काकोरी में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में अमेठी पुलिस द्वारा देशभक्ति गीतों पर आधारित बैंड वादन किया गया।महोत्सव में राज्यमंत्री ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन से संबंधित अनेक ऐतिहासिक घटनाओं में काकोरी की घटना अत्यंत महत्वपूर्ण है।आज ही के दिन नौ अगस्त1925 को काकोरी में अंग्रेजों का खजाना क्रांतिकारियों ने लूट लिया था।इस पूरे प्रकरण में पंडित राम प्रसाद बिस्मिल ठाकुर रोशन सिंह,अशफाक उल्ला खां और राजेंद्र नाथ लाहिड़ी को फांसी की सजा हुई।और अन्य लोगों को भी सजाएं हुई। इसके बाद पूरे देश में क्रांतिकारी गतिविधियां बढ़ने लगी।उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में काकोरी कांड बहुत ही महत्वपूर्ण घटना थी। भारत को मजबूती दिलाने में हम सब अपना अपना योगदान दें।जिससे प्रधानमंत्री मोदी का 2047 तक भारतवर्ष को एक मजबूत राष्ट्र बनाने का सपना पूरा हो।आज भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में उभर रहा है।कार्यक्रम में विधायक गौरीगंज ने संबोधित करते हुए कहा कि आज शहीद हुए लोगों की आत्मा को शांति मिल रही होगी कि उनके द्वारा किए



गए कार्यों का सम्मान उनकी पीढ़ी को मिल रहा है।उन्होंने आठ अगस्त को जिला अस्पताल में आयोजित हुए रक्तदान शिविर में जिन लोगों ने रक्तदान किया,उनके प्रति आभार व्यक्त किया।और कहा की रक्तदान महादान है।इससे किसी का जीवन बचाया जा सकता है।इसके बाद शहीदों के परिजनों अनारकली पत्नी शहीद सैनिक सिपाही रंजीत सिंह,रामलली देवी माता शहीद सैनिक सिपाही वीरेंद्र सिंह,सुधा पांडे पत्नी शहीद सैनिक गनर महेंद्र कुमार पांडे,नीलम शुक्ला पत्नी शहीद सैनिक जय प्रकाश सुनीता देवी पत्नी शहीद सैनिक नायक यादव,रागिनी सिंह पत्नी शहीद सैनिक नायक उत्तम सिंह, शिवकुमारी पत्नी शहीद सैनिक गनर राकेश कुमार सिंह एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों तथा रक्तदाताओं को अंग वस्त्र व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न विद्यालय की छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों,भाषण तथा स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।इसके अतिरिक्त काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी के सुअवसर पर प्रातः आठ बजे कलेक्ट्रेट परिसर से बेसिक शिक्षाविभाग की छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकली गई।जिसे अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इसके अतिरिक्त वन विभाग द्वारा मुसाफिरखाना के कादूनाला स्थित भाले सुल्तान शहीद स्मारक पर सैंकड़ों पौधे रोपित कर शहीद स्मृति वाटिका की स्थापना की गई।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता,अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सात्विक श्रीवास्तव,बीएसए संजय तिवारी, डीपीआरओ मनोज त्यागी,डीआईओएस डॉ.राजेश द्विवेदी,जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी महेंद्र मिश्रा सहित अन्य अधिकारी, छात्र-छात्राएं और जन सामान्य मौजूद रहे।

# काकोरी ट्रेन एक्शन डे,भारत देश के शौर्य एवं स्वाभिमान का प्रतीक: धीरेन्द्र प्रताप सिंह



**जन एक्सप्रेस। तिलोई अमेठी**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी व खण्ड शिक्षा अधिकारी राम किशन कश्यप की प्रेरणा से कम्पोजिट विद्यालय भेलाई कला, तिलोई में काकोरी ट्रेन एक्शन डे, धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी।काकोरी काण्ड में शहीद हुए अमरसपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।अमर सपूतों की स्मृति में विद्यालय में वृक्षारोपण भी किया गया।बच्चों की सुलेख प्रतियोगिता भी सम्पन्न करायी गयी।प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिकशिक्षक संघ अमेठी ने प्रभात फेरी को भेलाई खुर्द,गांव के मोहल्ले-मोहल्ले में रोककर बच्चों को बताया कि काकोरी काण्ड कर वीरों ने,गोरों की नींदउड़ाई थी।भड़क उठी थी आग देश में,नई क्रांति आयी थी।आज के इस शौर्य एवं स्वाभिमान दिवस को,जिसे काकोरी ट्रेन एक्शन डे के रूप में मनाया जा रहा है।आज ही के दिन नौ अगस्त 1925 को हिन्दुस्तान रिपब्लिक एसोसिएशन के अमर सपूतों ने जिसमें राम प्रसाद बिस्मिल, चन्द्र शेखर आजाद,मनमठ नाथ गुप्त,अशफाक उल्ला,मुरारी लाल गुप्ता,बनवारी लाल,राजेन्द्र लाहिड़ी, सचीन्द्र नाथ बख्शी,केशव चक्रवर्ती, एवं मुकुंदी लाल शामिल थे।सबने मिलकर सहारनपुर से लखनऊ चलने वाली ट्रेन को काकोरी के पास लूट लिया था।जिसमें छ आजादी के दीवानों को फांसी व चार को काला पानी की सजा सुनाई गई थी।यह काकोरी काण्ड पैसों के लिए किया गया था,जिससे भारत को आजाद कराने के लिए हथियार खरीदना था।आजादी एक ऐसा शब्द है,जो प्रत्येक भारतवासी की रगों में दौड़ता है। स्वतंत्रता हर मनुष्य का जन्म सिद्ध अधिकार है।धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने विजेता बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम में शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# अयोध्या की पंचकोसी परिक्रमा से पहले बनकर तैयार हो जाएगा फोर लेन पंचकोसी परिक्रमा मार्ग

- अब तक 55 प्रतिशत पूरा हो चुका है फोर लेन पंचकोसी परिक्रमा मार्ग का निर्माण
- 473.22 करोड़ रुपए की लागत से हो रहा फोर लेन का निर्माण



**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

अयोध्या में नवम्बर माह के दौरान आयोजित होने वाली पंचकोसी परिक्रमा से पहले योगी सरकार की ओर से बनाए जा रहे फोर लेन परिक्रमा मार्ग का निर्माण एवं सड़क चौड़ीकरण पूरा कर लिया जाएगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा अब तक 55 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। अयोध्या के विकास के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार अरबों रुपये के बजट से विभिन्न परियोजनाएं चला रही है। अयोध्या की प्रसिद्ध पंचकोसी परिक्रमा में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु अयोध्या आकर परिक्रमा करते हैं। श्रद्धालुओं को परिक्रमा के लिए सुगम मार्ग उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश की योगी सरकार फोर लेन का निर्माण करा रही है। पंचकोसी परिक्रमा मार्ग को फोर लेन के साथ सड़क का चौड़ीकरण करने के लिए प्रदेश सरकार ने 473.22 करोड़ की लागत से फोर लेन का निर्माण प्रारम्भ कराया है। सड़क की लम्बाई 9.025 किलोमीटर है। पंचकोसी परिक्रमा का निर्माण 16 अक्टूबर 2023 से प्रारम्भ हुआ। अबतक लगभग 55 प्रतिशत सड़क निर्माण पूरा हो चुका है।

बता दें कि नव्य, भव्य राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की मूर्ति स्थापित होने के बाद यह पहली पंचकोसी परिक्रमा होगी। ऐसे में यह माना जा रहा है कि अयोध्या की 14 कोसी परिक्रमा में तो श्रद्धालुओं की अपार भीड़ जुटेगी साथ ही पंचकोसी परिक्रमा में भी भारी भीड़ जुटने की संभावना है। ऐसे में फोरलेन का निर्माण करा रही निर्माण इकाई लोक निर्माण विभाग 26 नवम्बर 2024 तक पंचकोसी परिक्रमा मार्ग को फोर लेन के रूप में तैयार कर लेना चाहता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की समीक्षा बैठक में इस बात पर जोर दिया गया है कि पंचकोसी परिक्रमा से पहले हर हाल में पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के निर्माण को पूरा कर लिया जाए।

# रोजगार मेले में 132 अभ्यर्थी चयनित हुए

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

प्रदेश में युवाओं को रोजगार स्वरोजगार से जोड़कर ÷आत्मनिर्भर भारत अभियान÷ तथा ÷हर हाथ को की काम÷ के तहत पं0 रामेश्वर बाजपेई स्मृति महाविद्यालय, मुंशीगंज रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का शुभारम्भ विजय बहादुर सिंह सेंगर, जिला रोजगार सहायता अधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने अच्यर्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यहां मिल रहा छोटा सा अवसर आपके जीवन को नया आयाम दे सकता है। सुश्री तनुजा यादव, रोजगार मेला प्रभारी द्वारा कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत करने के साथ ही सेवायोजन विभाग द्वारा नव विकसित रोजगार संगम पोर्टल पर अच्यर्थियों को पंजीयन करने की प्रकिया की जानकारी दी गयी। कम्पनी प्रतिनिधियों द्वारा अपनी कम्पनी की सेवा शर्तों के बारे में जानकारी दी गयी। वाई0पी0 रामेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा रोजगार मेले में एनसीएस पोर्टल पर निःशुल्क पंजीयन एवं साथ ही कैरियर काउंसिलिंग भी की गयी

मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार की प्रक्रिया पूर्ण की गयी। जिसमें 197 अच्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न पदों हेतु पुखराज हेल्थ केयर प्रा0लि0, पीपल ट्री ऑनलाइन प्राइवेट लिमिटेड, शिवशक्ति एग्रीटेक लि0, जी फोर एस, क्विज कार्प लि0, यूनाईटेड यंग्स इण्डिया, सोनाटा फाइनेंस प्रा0लि0, बूसा मैनेजमेंट मार्केटिंग लि0 आदि कम्पनियों द्वारा कुल 132 अच्यर्थियों को प्राथमिक रूप से चयनित किया गया एवं कुछ कम्पनियों के चयन परिणाम प्रतीक्षित है

पं0 रामेश्वर बाजपेई स्मृति महाविद्यालय, मुंशीगंज रायबरेली के प्राचार्य डॉ0 एस0बी0 मिश्र एवं महाविद्यालय के विजय प्रताप सिंह, डॉ0 बलवन्त कुमार, आर0के0 मिश्र व अन्य सहयोगियों का रोजगार मेले को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। सर्वेश कुमार राय, धीरेन्द्र सिंह एवं उमेश कुमार वर्मा, वरिष्ठ सहायक द्वारा मेले के आयोजन में सहयोग प्रदान किया गया है।

# साड़ी केंद्र की संचालिका रश्मि वर्मा को कॉलेज के प्रबंधक ने किया सम्मानित



**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

पलक वूमेन एंड चाइल्ड सोसायटी के द्वारा संचालित तुलसी नगर पूरे हुसैन खान अयोध्या में साड़ी केंद्र से गरीब एवं निचले तबके की महिलाओं को साड़ी उपलब्ध कराया जाता है। साईं ग्रुप आफ कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम में साड़ी केंद्र संचालिका रश्मि वर्मा को कॉलेज के प्रबंधक विपिन राठौर, दिग्विजय सिंह, डॉक्टर आशुवेन्द्र मोहन जायसवाल, डॉक्टर बालेश्वर प्रसाद ने साड़ी केंद्र से गरीब महिलाओं को साड़ी उपलब्ध कराने और समाजसेवा करने के लिए सम्मानित किया। साड़ी केंद्र की संचालिका रश्मि वर्मा ने बताया कि समाज में निचले तबके की महिलाओं के लिए यह कार्य किया जा रहा है उन्होंने कहा कि हर महिला की इच्छा होती है कि वह अच्छी से अच्छी साड़ी पहने और समारोह में भाग ले।

## सीआरपीएफ में तैनात अयोध्या के लाल का निधन, शव गांव पहुंचा तो मच गया कोहराम

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** मिल्कीपुर के ग्राम बसवार खुर्द निवासी अवधेश द्विवेदी के पुत्र सीआरपीएफ जवान शैलेंद्र द्विवेदी (40) का श्रीनगर के मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान निधन हो गया।शैलेंद्र कश्मीर के श्रीनगर में 28 बटालियन सीआरपीएफ में तैनात थे। जवान के अचानक निधन की खबर सुनकर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बसवार खुर्द पूरे दूबे में उनके पैतृक आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा हुआ है। मृतक जवान के पिता ने बताया कि वह वर्तमान में कश्मीर के श्रीनगर में तैनात थे।अचानक उनका ब्लड प्रेशर बढ़ गया। आनन-फानन उन्हें कश्मीर के श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। श्रीनगर हेड क्वार्टर पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

## पैसेंजर ट्रेन में साफ सफाई बिल्कुल नहीं यात्रियों का बैठना हुआ मुश्किल

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** यात्रियों की सुविधा के लिए चलाई गई स्पेशल ट्रेनों का हाल हुआ बदहाल । यात्रियों की सुविधा के लिए चलाई गई स्पेशल गाड़ी संख्या 04382 जिसमें यात्री सुविधा के नाम पर सारी सुविधा नदारद इस पैसेंजर ट्रेन को अयोध्या कैंट से संगम प्रयागराज तक चलने वाली स्पेशल मेमो में साफ सफाई बिल्कुल नदारद गंदे और बदबूदार बोगी में सफर करना यात्रियों की मजबूरी बन गई है इसी पैसेंजर ट्रेन में आज जिले के वरिष्ठ पत्रकार का सफर करना हुआ उन्होंने बताया की ट्रेन के डिब्बे गंदे बदबू इतनी की बैठना मुश्किल स्पेशल ट्रेनों के लिए तो साफ सफाई की तवज्जो दिया जा रहा है लेकिन पैसेंजर ट्रेनों की साफ-सफाई का बिल्कुल भी ख्याल नहीं है बदबू से बोगी मे बैठना पैसेंजर के लिए मुश्किल हो रहा है।

# ब्लॉक स्तर पर होगा प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

लोकसभा क्षेत्र फैजाबाद में ब्लाक स्तर पर प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता की शुरूआत 4 सितम्बर से पूरा ब्लाक से की जाएगी। लोकसभा क्षेत्र के सभा 13 ब्लाकों में दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता के ग्राम पंचायत की टीमें प्रतिभाग करेंगी। ब्लाक स्तर पर विजेता तथा उपविजेता टीमों का फाइनल लोकसभा स्तर पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें कबड्डी, वॉलीबाल तथा रस्साकसी की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर आयोजन समिति का गठन किया गया है। जिसकी



तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि पहले युवा खेलों को कैरियर के रूप में नही लेते थे। क्यों कि पुरानी सरकारें खेल को प्रोत्साहन नही देतीं था। पीएम मोदी की सरकार में खेलों को प्रोत्साहन मिलने से अब युवा इसको प्रोफेशन के तरह से ले रहे है। आज युवाओं की सोच बदली है। हमारे गांवों के प्राचीन खेलों को इस तरह प्रतियोगिता में शामिल करने से उन खेलों को पुर्नस्थापित होने का मौका मिला है।

उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। खेलों का प्रयोग अपने जीवन में लोग कई प्रकार से करते है। शारीरिक व मानसिक विकास में इसका महत्वपूर्ण रोल रहता है। खेलों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में कई प्रतिभाएं मौजूद है। जिनमें निखार लाने के लिए प्रतियोगिताओं के माध्यम से मंच प्रदान किया जाता है। खेल के माध्यम से हमें टीम भावना की शिक्षा मिलती है। जो भविष्य में काफी उपयोगी साबित होती है।

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में परंपराओं और लोक संस्कृति के साथ नागपंचमी का त्योहार मनाया गया।साथ ही आजादी के अमृत महोत्सव के तहत काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी वर्ष प्रारम्भ पर शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी गई।

विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने भगवान भोलेनाथ का पूजन किया और नाग देवता एवं नागकन्या का तिलक कर कार्यक्रम की शुरुआत की तदोपरांत ÷झूला झूल रही सब सखियां। आई हरियाली की छाँव।। राधा संग में झूले कान्हा। अब तो झूमे सारा गाँव।। गीत पर छात्र/छात्राओं की नृत्य प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। इस नृत्य के माध्यम से नागपंचमी पर होने वाली लोक परम्पराओं का भी प्रदर्शन किया



गया।

कार्यक्रम के अंत में छात्रा अनुष्का और कृतिका ने काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष प्रारम्भ पर विद्यार्थियों को बताया कि चौरी-चौरा की घटना के बाद गांधी जी के द्वारा असहयोग आंदोलन की वापसी ने देश में क्रांतिकारी आंदोलन को पुनर्जीवित कर दिया। जिसके बाद आजादी के मतवाले क्रांतिकारियों ने 9 अगस्त 1925 को काकोरी के निकट एक ट्रेन से अंग्रेजी खजाने को अपने कब्जे में लिया। इस घटना ने ब्रिटिश सरकार की नींव हिला दी। इस घटना में शामिल क्रांतिकारियों को फांसी की सजा दी गयी। आज इस घटना के शताब्दी वर्ष प्रारम्भ पर उन सभी शहीदों को याद रखना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

बच्चों को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य जी ने सभी को नागपंचमी की बधाई दी ,और कहा कि हमें अपनी परम्पराओं को हमेशा याद रखना चाहिए। साथ ही उन्होंने काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष की शुरुआत पर कहा कि हमें देश की आजादी के लिए अपनी जान कुर्बान करने वाले वीर शहीदों को याद रखना चाहिए, जिससे कि हमें आज़ादी की कीमत का अंदाजा रहे , आइये हम उन शहीदों को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करें इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा

# एनटीपीसी ऊंचाहार को सीएसआर के उन्कृष्ट कार्य के लिए एक्सीड अवार्ड से किया गया सम्मानित



**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

ऊंचाहार एनटीपीसी ऊंचाहार को महिला एवं बालिका सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए नैगम सामाजिक दायित्व के एक्सीड अवार्ड 2024 से नवाजा गया है। यह प्रतिष्ठित अवार्ड तेलंगाना सरकार के कृषि एवं सहकारिता मंत्री श्री टी. नागेश्वर राव द्वारा हैदराबाद में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। एनटीपीसी ऊंचाहार की प्रबंधक (सीएसआर) स्नेहा त्रिपाठी ने कार्यक्रम में पहुंचकर इस अवार्ड को हासिल किया

इस अवसर पर श्री टी. नागेश्वर राव ने एनटीपीसी ऊंचाहार के सीएसआर विभाग द्वारा महिलाओं के कौशल विकास, आत्मनिर्भरता और आर्थिक सुदृढ़ता की दिशा में किए गए प्रयासों की भूरि-भूरि सराहना की। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी ऊंचाहार ने ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया है। इस अवार्ड ने यह प्रमाणित कर दिया है कि विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी होने के साथ-साथ एनटीपीसी ऊंचाहार अपने सामाजिक सरोकारों के प्रति भी अत्यंत संवेदनशील है

अवार्ड मिलने के उपलक्ष्य में एनटीपीसी ऊंचाहार परियोजना में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा और अन्य विभागाध्यक्षों ने अवार्ड प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। श्री छाबड़ा ने कहा कि हमारा प्राथमिक उद्देश्य विद्युत उत्पादन है, लेकिन इसके साथ ही हम ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार लाने के प्रति भी संकल्पित हैं। यह अवार्ड हमारी प्रतिबद्धता और प्रयासों का साक्षी है

इस अवसर पर मानव संसाधन विभाग की प्रमुख रूमा दे शर्मा ने सीएसआर गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी और इस विशेष अवार्ड की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे एनटीपीसी ऊंचाहार ने विभिन्न सीएसआर पहल के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया है

यह सम्मान एनटीपीसी ऊंचाहार के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो उनके सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एनटीपीसी ऊंचाहार भविष्य में भी इसी तरह से सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे समाज के वंचित वर्गों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार हो सके।

## स्वतंत्रता सेनानी स्व राजबली यादव गरीबों के मसीहा थे: तेज नारायण पांडेय

**जन एक्सप्रेस/पूरा बाजार- अयोध्या।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व पूर्व विधायक स्वर्गीय राजबली यादव की 25वी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा व सम्मान समारोह का आयोजन राजबली स्मारक पब्लिक इंटर कॉलेज मडना में समारोह पूर्वक किया गया । मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडेय ने कहा कि स्वर्गीय राजबली यादव ने स्वतंत्रता दिलाने में अहम भूमिका निभाई तथा जीवन भर गरीबों के लिए संघर्ष करते रहे इसलिए उन्हें गरीबों का मसीहा कहा जाता है उन्होंने राजबली यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया पूर्व मंत्री विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय होने के कारण अंग्रेजों ने स्वर्गीय राजबली यादव पर अनेको अत्याचार किए उनका घर जला दिया गया लेकिन वह अपने उद्देश्य से नहीं हटे और आजादी के लिए संघर्ष करते रहे आनंद सेन यादव ने स्वर्गीय राजबली यादव की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया।

# एन एस पी एस त्रिपुला में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी (पी टी एम) का आयोजन हुआ

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी (पीटीएम)का आयोजन किया गया। इस दौरान रंगोली और इंटर ब्रांच क्विज़ प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी और विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड में सफल विद्यार्थियों को विद्यालय के संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय में पीरियोडिक टेस्ट-प्रथम के लिए आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक के दौरान अभिभावक-शिक्षक साझेदारी को बढ़ावा देते हुए अभिभावकों से बच्चों की प्रगति की जानकारी दी गयी साथ ही बच्चों की उत्तर पुस्तिकाओं की समीक्षा एवं शिक्षकों के साथ उनके शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा हुई ।कार्यक्रम में जूनियर कक्षाओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता और विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड में सफल छात्रों को सम्मानित करने के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. शर्मा ने ओलम्पियाड में सफल विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर उन्हें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। ओलंपियाड के लिए उपलब्धियां हांसिल करने वाले छात्र/छात्राओं में माही को जोनल गोल्ड मेडल, जोनल एक्सीलेंस सर्टिफिकेट और 2500 रुपये का चेक; दीपक शर्मा को जोनल ब्रॉन्ज मेडल, जोनल एक्सीलेंस सर्टिफिकेट और 500 रुपये का चेक; एवं शैलेंद्र यादव को जोनल ब्रॉन्ज मेडल, सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस और 500 रुपये का चेक के साथ ही कई अन्य को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने आये हुए सभी अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य ने मया ब्लॉक विकास कार्य का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। मया अयोध्या**

शुक्रवार को पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य बौद्ध अरविंद सिंह पटेल ने मया क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उनके कार्यक्रम के अनुसार, पटेल ने मया विकास खण्ड कार्यालय, सीएचसी मया, ग्राम पंचायत सरैया, रजपलिया में गौशाला, और नेवकबीरपुर में जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पानी की टंकी का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अफरा-तफरी की स्थिति पैदा हो गई, और पटेल निर्धारित समय से तीन घंटे विलम्ब से पहुंचे। पटेल ने ब्लाक कार्यालय में कर्मचारियों से शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने एडिओ राम विचार वर्मा, उमाशंकर सिंह, जेई श्याम बहादुर, राजाराम राजभर, दीपमाला सिंह, राम शंकर वर्मा, ज्योति रानी, वैभव पान्डेय और खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह से योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने योजनाओं के पात्र लाभार्थियों तक सही तरीके से पहुंचाने और वृक्षारोपण में लगे पौधों के संरक्षण की दिशा में निर्देश दिए। ब्लाक परिसर में सहजन और आंवला के पेड़ भी लगाए गए। निरीक्षण के दौरान पटेल ने सरैया में पंचायत भवन और विभिन्न विकास कार्यों



की समीक्षा की। रजपलिया में गौशाला और नेवकबीरपुर में पानी की टंकी का भी अवलोकन किया। सीएचसी मया में ओपीडी रजिस्टर, हेल्थ मीटर, प्रसव कक्ष, ओटी और एक्स-रे मशीन की स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान ध्रुव गुप्ता ने अस्पताल में महिला चिकित्सक, बालरोग विशेषज्ञ और एक्स-रे मशीन को चालू करने की मांग की। रामपुर मया निवासी संदीप तिवारी ने अस्पताल में आकस्मिक सेवाओं में लापरवाही की शिकायत की और एक चिकित्सक पर मौत के बाद भी रेफर करने का आरोप लगाया अधिकारियों ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई की बात की और आश्वस्त किया कि विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा, अन्यथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के बाद पटेल ने गोशाईंगंज के लिए रवाना हो गए।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 30°C | 27°C |
| कानपुर | 31°C | 26°C |
| देहरादून | 29°C | 25°C |
| नई दिल्ली | 32°C | 27°C |

# अब भारत का समय आ गया है, दुनिया की कोई शक्ति हमें महाशक्ति बनने से रोक नहीं सकती : सीएम योगी

**सीएम ने काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का किया उद्घाटन, डाक अनावरण व संस्कृति विभाग की पुस्तिका के विमोचन के साथ ही बच्चों के साथ ली सेल्फी**

- सीएम योगी बोले, अमृतकाल में पंच प्रण का सब पालन करें तो कोई कारण नहीं कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति न बन सके
- पिछले 10 वर्षों में पांचवीं महाशक्ति बना देश, पीएम मोदी के नेतृत्व में अगले 2 वर्षों में दुनिया की तीसरी महाशक्ति बनेगा भारत : सीएम योगी
- काकोरी एक्शन ब्रिटिश राज की कायरता का प्रमाण, 4,679 रुपए की लूट के लिए खर्च किए 10 लाख, शहीदों को एक दिन पहले ही फांसी पर लटकाया गया : योगी




**जन एक्सप्रेस | काकोरी/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की वीर भूमि काकोरी में शुक्रवार को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्व के अंतर्गत वीरों के नमन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम का उद्घाटन करने हुए डाक अनावरण व संस्कृत विभाग द्वारा निर्मित पुस्तिका का विमोचन किया और बच्चों के साथ काकोरी शहीद मंदिर के बाहर सेल्फी भी ली। सीएम योगी ने इस अवसर पर कहा कि अब भारत का समय आ गया है, दुनिया की कोई शक्ति हमें महाशक्ति बनने से रोक नहीं सकती। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा जो पंच प्रण दिलाए गए हैं, उनको देश के हर नागरिक को आत्मसात करना होगा। यही हमारे अमर बलिदानियों और शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अगर हम इन प्रण को आत्मसात करके अपने कार्यों को पूरा करते हैं तो कोई कारण नहीं है कि हमारा देश विश्वगुरु और दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति न बने। इस अवसर पर सीएम योगी ने जिला प्रशासन लखनऊ व संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित एक्शन शताब्दी महोत्सव के अंतर्गत वीरों को नमन कार्यक्रम में रोहित खत्री (रामकृष्ण खत्री के प्रपौत्र), राजीव कुमार सिंह व क्षिप्रा सिंह (प्रपौत्र व प्रपौत्री ठाकुर रोशन सिंह), आफाक उल्लह खान (पौत्र अश्फाक उल्लह खान) तथा मनमोहन पाण्डेय (कैल्हन मनोज पाण्डेय के भाई) समेत स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया। इस दौरान लघु फिल्म, नृत्य नाटिका, वीर गायन समेत विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन भी हुए। सीएम योगी ने काकोरी ट्रेन एक्शन को याद करते हुए कहा कि देश से बाहर जा रहे राजस्व को देश सेवा में प्रयुक्त करने की मंशा से जो कार्य पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह जैसे वीर सपूतों ने किया था उसने न केवल देश बल्कि पूरी दुनिया में सुर्खियां बटोरीं थी। प्रदेश भर में आयोजित कार्यक्रमों के जरिए यह मां भारती के वीर सपूतों, उन महान क्रांतिकारियों को जिन्होंने सर्वस्व बलिदान किया था, उन सभी ज्ञात-अज्ञात सेनानियों व शहीदों को नमन करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि आजादी एक दिन में प्राप्त नहीं हुई। अलग-अलग कालखंड में हुए संघर्षों से इसकी नींव पड़ी। अब आजादी के अमृत काल के शुभारंभ के अवसर पर ही काकोरी एक्शन के शहीदों के प्रति कृतज्ञता प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। सीएम योगी ने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन के दौरान क्रांतिकारियों ने रणनीति बनाकर भारत का पैसा जो ब्रिटेन ले जाया जा रहा था उसे रोककर भारत की क्रांति में धन का उपयोग किया था। तब जो रकम प्राप्त हुई थी वह मात्र 4,679 रुपए थी, जबकि अंग्रेजी हुकूमत ने 10 लाख रुपए केवल केस पर खर्च कर दिए। घटना में बिना सुनवाई के ही वीरों को फांसी की सजा सुना दी गई थी और नियत दिन से एक दिन पहले ही फांसी दे कर उस समय की हुकूमत ने कायरता दिखाई थी। सीएम योगी ने कहा कि एक्शन में शामिल कुछ वीर सपूतों को फांसी हुई, जबकि कुछ को कालापानी की सजा हुई। इन सभी को अंग्रेजों ने तमाम प्रलोभन दिए मगर इनका एक ही जवाब था, जीवन पुष्प चढा चरणों पर, मांगे मातृभूमि से यह वर। तेरा वैभव अमर रहे मां, हम दिन चार रहें न रहें। इसी संकल्प के साथ खुद को बलिदान करना स्वीकार किया मगर हार नहीं मानी। आज आजादी इन्हीं शहीदों के बलिदान का परिणाम है। कार्यक्रम में लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, सदस्य विधान परिषद लालजी प्रसाद निर्मल, अंबरीश कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, लखनऊ पूर्व के विधायक ओपी श्रीवास्तव, बख्शी का तालाब के विधायक योगेश शुक्ल, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम, लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार समेत विभिन्न अधिकारी, नेता, अधिकारी व शहीदों के परिजन उपस्थित रहे।

### जाति-मत-मजहब नहीं, देश हो सर्वोपरि : सीएम योगी

सीएम योगी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने अपनी शानदार यात्रा को आगे बढ़ाया है। भारत अगले 2 वर्षों में देश की तीसरी सबसे बड़ी महाशक्ति बनने जा रहा है। सबके चेहरों पर खुशहाली होगी, मगर ये तभी हो सकता है जब हमारी प्राथमिकता हमारी जाति, मत, मजहब नहीं बल्कि राष्ट्र होगा। समतामूलक समाज की स्थापना के लिए वोकल फॉर लोकल जैसे मूल्यों पर आगे बढ़ना होगा। दुनिया की कोई ताकत भारत का रास्ता नहीं रोक सकती। यही समय है, सही समय है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने आजादी के अमृत महोत्सव पर पंच प्रण की शपथ दिलाई थी, ये हमारा सूत्र होना चाहिए। हम भारत को दुनिया में किस रूप से शक्तिशाली राष्ट के रूप में स्थापित कर सकते हैं इसका चिंतन करना होगा। आज हम अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं तो कोई कारण नहीं कि भारत की उन्नति न हो।

### प्रदेश में साढ़े चार करोड़ घरों पर फहराया जाएगा तिरंगा

सीएम योगी ने कहा कि 1942 में 9 अगस्त यानी आज ही के दिन महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन का आगाज किया था। आज हर शहीद स्माकर पर राष्ट्र धुन के साथ विभिन्न बैंड की धुन बजेगी। हर घर तिरंगा अभियान चलेगा जिसमें हर घर तिरंगा फहराया जाएगा। उत्तर प्रदेश में साढ़े चार करोड़ तिरंगा हर घर फहराया जाएगा। एक वर्ष तक चलने वाले राष्ट्रभक्ति के विभिन्न कार्यक्रमों में हम सबकी सहभागिता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज नाग पंचमी भी है। नाग कुंडलिनी शक्ति का द्योतक है। उन्होंने कहा कि कल भारत को हॉकी और जैवलिन थ्रो में भी नीरज चोपड़ा को मेडल प्राप्त हुआ है, इन सभी खिलाड़ियों का अभिनंदन है, देश इनसे प्रेरणा ले रहा है।

# स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना (डिजी शक्ति) के तहत एसआर ग्रुप में टैब हुए वितरण, छात्रों के चेहरे खिले

**जन एक्सप्रेस | पीयूष द्विवेदी**



**बीकेटी, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना (डिजी शक्ति) के अंतर्गत बख्शी का तालाब स्थित एसआर ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स में 30 जुलाई से 7 अगस्त तक टैब वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के तहत एसआर इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी लखनऊ के 3143 एवं एसआर मैनेजमेंट बिज़नेस स्कूल के 446 छात्रों को टैब वितरित किए गए। वहीं यह सभी छात्र छात्राएं भारत के उज्जवल भविष्य के लिए अपना योगदान विभिन्न कंपनियों में काम करके प्रगति का साधन बनेंगे। एस आर ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में टैब वितरण के लिए एमएलसी पवन सिंह चौहान, एसआरजीआई के वाइस चेयरमैन पीयूष सिंह चौहान वाइस चेयरपर्सन, सुष्मिता सिंह एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) लखनऊ, डॉ. शुभी सिंह द्वारा सभी छात्रों को पंजीकृत किए हुए टैब का वितरण किया तथा वितरित किए गए सभी टैब को छात्रों के आधार कार्ड, मोबाइल नंबर व एकेटीयू रोल नंबर से लिंक किया गया है जिससे सरकार को टैब के सही हाथों में दिए जाने का सुनिश्चित किया जा सके। छात्र एवं छात्राएं टैब प्राप्त करने के बाद अति उत्साहित थे और मुख्य धारा में शामिल होकर नई तकनीक के साथ अग्रणी बने रहने में सहयोग प्राप्त कर सकेंगे।




# आईटीआई प्रवेश परीक्षा का प्रथम चरण का परिणाम घोषित

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

प्रदेश राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद एससीवीटी अलीगंज, लखनऊ ने सत्र 2024-25 एक वर्षीय और 2024-26 दो वर्षीय के लिए राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों आईटीआई में प्रवेश हेतु प्रथम चरण के चयन परिणाम घोषित कर दिया गया है। विशेष सचिव व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग और अधिशासी निदेशक, एससीवीटी अभिषेक सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि चयनित अच्यर्थी परिणाम वेबसाइट पर देख सकते हैं। प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया 10 अगस्त से 16 अगस्त तक अवकाश सहित निर्धारित की गई है। अच्यर्थी अपने प्रवेश परिणाम को जानने के लिए वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण संख्या और जन्मतिथि दर्ज करें।

# नेता प्रतिपक्ष के निजी सचिव रामकृष्ण अवस्थी का हुआ प्रमोशन

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



उत्तर प्रदेश विधानसभा सचिवालय सेवा के चार अधिकारियों को प्रोन्नति मिली है।प्रमोशन पाने वाले कर्मचारियों में नेता प्रतिपक्ष विधानसभा के निजी सचिव रामकृष्ण अवस्थी का प्रथम नाम है।प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक निजी सचिव श्रेणी- 4 शुकदेव प्रसाद के 31 जुलाई2024 को सेवानिवृत्त हो जाने के फलस्वरूप रिक्त निजी सचिव श्रेणी-4 के पद एवं उसकी श्रृंखला में निजी सचिव श्रेणी-3 ,निजी सचिव श्रेणी-2,विशेष कार्याधिकारी(नि. संवर्गीय) व निजी सचिव श्रेणी-1के पद पर प्रमोशन देकर चार कार्मिकों को तैनात किया गया है।जारी आदेश के अनुसार रामकृष्ण अवस्थी निजी सचिव श्रेणी -3 को निजी सचिव श्रेणी-4 बना दिया गया है। श्री अवस्थी वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष विधानसभा के निजी सचिव के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। इसके अलावा दिनेश कुमार त्रिपाठी निजी सचिव श्रेणी-2 से निजी सचिव श्रेणी -3 ,रामसम्हार यादव विशेष कार्याधिकारी(नि. संवर्गीय) से निजी सचिव श्रेणी -2,अनिल कुमार दुबे निजी सचिव श्रेणी-1 से विशेष कार्याधिकारी(नि. संवर्गीय)और अनिल कुमार अपर निजी सचिव को निजी सचिव श्रेणी-1में प्रोन्नति प्रदान की गई है।

# शहीद पार्क चौक में परिवहन मंत्री ने किया महान सेनानियों को नमन

- महान सेनानियों के बलिदान की बदौलत हम स्वतंत्र भारत में ले रहे सांस : दयाशंकर

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह का शुभारम्भ शहर के शहीद चौक में हुआ। मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार, एसपी विक्रांतवीर के साथ स्वतंत्र्य समर नामक महान क्रान्तिकारियों के शिलापट्ट पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। सेनानी रामविचार पाण्डेय व महान सेनानियों के आश्रितों को पुष्प व अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।परिवहन मंत्री दयाशंकर ने कहा कि बलिया क्रांतिकारियों की धरती है। आज ही के दिन काकोरी एक्शन हुआ था। जब आजादी के लिए चलाए जा रहे आंदोलन के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी, तब हमारे महान क्रान्तिकारियों ने अंग्रेजों के सरकारी खजाने को लूट कर सेनानियों को दिया था। हमारे महान सेनानियों ने अपने जीवन का बलिदान दिया, तभी हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने कार्यक्रम में अतिथियों, सेनानी परिजनों व अन्य लोगों के प्रति आभार जताया।उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में बलिदान हुए क्रान्तिकारियों को नमन करता हूं। बताया कि आज ही के दिन 1925 में हुआ काकोरी ट्रेन एक्शन आजादी की चल रही लड़ाई के ऐतिहासिक क्षणों में एक था। आज हम उस एक्शन के 100वें वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं। इससे सम्बन्धित कार्यक्रम एक वर्ष तक आयोजित होंगे। इस अवसर पर उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करने का मौका है, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में अपनी जान न्योछावर कर दी। काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के अवसर पर कलेक्ट्रेट से साइकिल रैली निकाली गयी। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने इसे हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। पीआरडी जवान, स्काउट, एनसीसी कैडेड्स व स्टेडियम के खिलाड़ियों ने इस रैली में प्रतिभाग किया। विभिन्न देशभक्ति स्लोगन व गुंजायमान नारों के साथ निकली यह रैली टीडी कालेज से पूरा शहर भ्रमण करते हुए शहीद पार्क चौक पर जाकर समाप्त हुई।

# बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो : गजेंद्र

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र ने शुक्रवार को एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि पड़ोसी बांग्लादेश हिंसा और अराजकता से ग्रसित है। निर्वाचित प्रधानमंत्री के त्यागपत्र देने और देश छोड़ने के बाद अराजक तत्व हावी हो गए हैं और कानून व्यवस्था सर्वथा निष्प्रभावी हो चुकी है। इस अराजक स्थिति में वहाँ के अतिवादी जिहादी तत्वों ने हिंदू समाज का बड़े पैमाने पर उत्पीड़न शुरू कर दिया है। श्री गजेंद्र ने कहा कि बांग्लादेश में पिछले कई दिनों से हिन्दू अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और घरों को नुकसान पहुंचाया गया है। पूरे बांग्लादेश में हर जिले में यह वीभत्स कुकृत्य होने की सूचना है। कट्टरपंथियों के निशाने से शमशान तक नहीं बचे हैं । मंदिरों को भारी क्षति पहुंचाई गई है। बांग्लादेश में शायद ही कोई जिला बचा हो जो इनकी हिंसा व आतंक का निशाना न बना हो। समय समय पर निरंतर अंतराल पर होने वाले ऐसे दंगों का ही परिणाम है कि बांग्लादेश में हिंदू जो विभाजन के समय 32त्न थे, अब 8त्न से भी कम बचे हैं और वे भी लगातार जिहादी उत्पीड़न के शिकार हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं के घर, मकान, दुकान, ऑफिस, व्यवसायिक प्रतिष्ठान व महिलाएं, बच्चे व उनकी आस्था व विश्वास के केंद्र मन्दिर तक सुरक्षित नहीं हैं। वहां पीड़ित अल्पसंख्यक हिन्दुओं की हालत बद से भी बदतर होती जा रही है। यह स्थिति अत्यंत चिंतनीय है। श्री गजेन्द्र ने आगे कहा कि विश्व समुदाय की यह जिम्मेदारी है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा व उनके मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रभावी कार्यवाही करें।

### विकट परिस्थिति का लाभ उठा कर सीमा पार से किया जा सकता है घुसपैठ का एक बड़ा प्रयत्न

श्री गजेंद्र ने कहा कि निश्चय ही भारत इस परिस्थिति में आंखे मूँद कर नहीं रह सकता। भारत ने परंपरा से ही विश्वभर के उत्पीड़ित विस्थापितों की सहायता की है। विश्व हिन्दू परिषद ने भारत सरकार से यह आग्रह किया है कि वह बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए। विकट परिस्थिति का लाभ उठा कर जिहादियों द्वारा सीमा पार से घुसपैठ का एक बड़ा प्रयत्न किया जा सकता है । इससे सतर्क रहना होगा। इसलिए हमारे सुरक्षाबलों के लिए यह आवश्यक है कि सीमा पर कड़ी चौकसी बरतें और किसी भी तरह के अतिक्रमण को न होने दें। पत्रकार वार्ता में मौजूद विहिप के अवध प्रांत के मंत्री ने कहा कि हमारी कामना है कि बांग्लादेश में शीघ्रतिशीघ्र लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्ष सरकार पुन: स्थापित हो। वहाँ के अल्पसंख्यक समाज को मानवाधिकार मिले और बांग्लादेश की निरंतर हो रही आर्थिक प्रगति में कोई बाधा न आए। भारत का हिंदू समाज और सरकार इस विषय में निरंतर बांग्लादेश के सहयोगी बने रहेंगे। पत्रकार वार्ता में मौजूद अवध प्रांत के प्रांत प्रचार-प्रसार प्रमुख नृपेन्द्र विक्रम सिंह प्रेस वक्तव्य जारी कर यह जानकारी दी।

# दिल्ली-लखनऊ के संघर्ष में पिस रही यूपी की जनता : माताप्रसाद पांडे

- न थाने में कोई सुनता है न तहसील में,बाढ़पीड़ितों का पुरसाहाल नही

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



दिल्ली और लखनऊ के संघर्ष में उत्तर प्रदेश की जनता पिस रही है। विकास की बात छोड़िये ,जंगलराज है। न थाने में कोई सुनता है न तहसील में,बेवजह लोगो को थाने और तहसील के चक्कर लगाने पड़ते हैं ।कोई कामकाज नही हो रहा है। कानून व्यवस्था इतनी खराब पहले कभी नहीं रही।यह उदगार व्यक्त करते हुए नेता विरोधी दल विधानसभा माता प्रसाद पांडे ने कहा,ये बौखलाए हुए हैं। अनाप शनाप निर्णय लेते हैं और फजीहत होती है।उत्तर प्रदेश में बहू बेटी सुरक्षित नहीं हैं।सरकार केवल झूठे दावे कर रही है।उन्होंने कहा कि इधर मै कई जिलों में गया हूं, कही स्थिति संतोषजनक नहीं है।बहराइच में एक लड़की का अपहरण और बलात्कार किया गया। भाजपा कार्यकर्ता के खिलाफ शिकायत हुई किंतु कही कोई सुनवाई नही हुई। बड़ी मुश्किल से मुकदमा लिखा गया।उन्होंने कहा कि मै कन्नौज भी गया था। कन्नौज में एक दलित लड़की का शव लटकता मिला।परिवार के लोंगो का कहना है कि उसकी हत्या की गई है लेकिन पुलिस घटना को आत्महत्या बनाने में लगी रही। धारा 396 में मामला दर्ज हुआ।परिवार वालों दो लड़के पहले भी छेड़छाड़ कर चुके थे। उनका कहना है कि लड़की को रेप के बाद मारकर लटका दिया गया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि ऐसी अनेक घटनाये हैं किंतु न पुलिस सुनती है न सरकार ।दावा चुस्त दुरुस्त कानून व्यवस्था के किये जाते हैं। श्री पांडे ने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ से लोग जूझ रहे हैं, त्राहि त्राहि मची हुई है।लोग बेघर हो गए हैं। फसल डूब गई हैं। बाढ़पीड़ितों का कोई पुरसाहाल नहीं है। लेखपाल की सर्वे रिपोर्ट ही नही आती,राहत कार्य हवा में चल रहे हैं।लोग भूख से परेशान हैं। उन्हें कोई राहत सामग्री नही मिल रही है। कागज पर भले ही सब ठीक बताये लेकिन धरातल पर कुछ नहीं।पीड़ितों को न राहत मिल रही न मुआवजा। लीडर अपोजिशन माता प्रसाद पांडे कहते हैं कि विनेश फोगाट का मामला दुर्भाग्यपूर्ण है। उनके साथ साजिश हुई है। नेता विरोधी दल श्री पांडे दो बार विधानसभा के स्पीकर रह चुके हैं। उन्हें नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी मिली है। यह यूपी विधानसभा के इतिहास मे दूसरे नेता प्रतिपक्ष हैं जो स्पीकर रहने के बाद लीडर अपोजिशन बने हैं।उन्होंने खुद बताया कि हमारी ही पार्टी के धनीराम वर्मा भी स्पीकर भी रहे और नेता प्रतिपक्ष भी रहे। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे ने कहा कि हम विपक्ष में हैं, जनता की आवाज जरूर बनेंगे। सदन से लेकर सड़क तक आवाज उठाएंगे। जिसकी सरकार अनसुनी करेगी उसकी तो हम अवश्य सुनेंगे।

# नव नियुक्त सहायक अनुभाग अधिकारियों का मिला आधारभूत प्रशिक्षण

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब लखनऊ द्वारा, केन्द्रीय सचिवालय, प्रशिक्षण संस्थान भारत सरकार के सहयोग से 29 जुलाई, से 09 अगस्त तक भारत सरकार के नव नियुक्त सहायक अनुभाग अधिकारियों हेतु, आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत, %ग्रामीण अंचल से संबद्ध करते हुये शासकीय योजनाओं का अध्ययन तथा भारत दर्शन% विषयक कार्यक्रम के व्यवहारिक ज्ञानार्जन हेतु, प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।इस आधारभूत प्रशिक्षण के कार्यक्रम अन्तर्गत भारत सरकार के संघ लोक सेवा आयोग, जल संसाधन, भूतल परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग, सूचना एवं प्रसारण, संचार, पेट्रोलियम एंव प्राकृतिक गैस, रक्षा, नीति आयोग, पूर्वोत्तर क्षेत्रीय विकास, नागरिक उड्डयन, पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, कृषि एवं कृषक कल्याण, विधि मामले, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आवास एवं शहरी कार्य तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इत्यादि मंत्रालयों से सम्बद्ध सहायक अनुभाग के 39 अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया ।प्रशिक्षण के दौरान प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे जनहित के कार्यों के परिप्रेक्ष्य में, ग्रामीण विकास, आईसीडीएस पंचायती राज, पुलिस विभाग, वित्त विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति तथा अन्य उपयोगी विभागों से सम्बन्धित राज्य जिला स्तरीय प्रबुद्ध अधिकारियों द्वारा विभागों की कार्यशैली, योजनाएँ एवं कार्यक्रम, संसाधन तथा अधिकारियों कार्मिकों की भूमिका तथा कार्यशैली एवं ग्रामीण समुदाय हेतु उपयोगिता इत्यादि विषयों पर प्रासंगिक वार्ता प्रदान की गई। लखनऊ के विकास खण्डों बख्शी का तालाब, सरोजनीनगर तथा मलिहाबाद में क्रियान्वित की जा रही, विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यकमों के आंकलन हेतु प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा भ्रमण अध्ययन किया गया।भारत दर्शन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रतिभागी अधिकारियों द्वारा अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, सीतापुर तथा लखनऊ नगर का भ्रमण किया गया। इस भ्रमण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों द्वारा स्थानीय ऐतिहासिक भवनों से सम्बद्ध ऐतिहासिक तथ्यों तथा सांस्कृतिक गतिविधियों एवं प्रचलित रीति रिवाजों के विषय में विधिवत जानकारियां प्राप्त की गई।आज 09अगस्त को प्रशिक्षण के समापन सत्र के अवसर पर संस्थान के प्र. अपर निदेशक बीडी चौधरी द्वारा प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुये बताया कि आप लोगो की सेवायें जिस दिन से आरम्भ हुयी हैं, उसी दिन से शासकीय सेवा के अन्तर्गत अनुशासनबद्धरूप से शासकीय अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे हैं। जैसा कि भ्रमण अध्ययन के दौरान ग्रामीण अंचल में क्रियान्वित की जा रही जनहित योजनाओं की स्थितियों का मौलिक रूप से आंकलन किया है, उसी अनुसार जब आप लोग अपने-अपने कार्यालयों के कार्य पटल पर जायेंगे और सम्बन्धित योजनाओं की यदि कोई पत्रावली या विषय आता है, तो वह आप की नोटिंग ड्राफ्टिंग में बहुत ही सहायक होगा। प्रशिक्षण एवं भ्रमण अध्ययन कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के सहायक निदेशक ड एसके सिंह के मार्ग निर्देशन में किया गया तथा प्रशिक्षण सत्रों का संचालन भी इनके द्वारा किया गया। भ्रमण एवं भारत दर्शन के दौरान समन्वय व सहयोग की दृष्टि से नोडल ऑफिसर कुमार दीपक, सलाहकार संस्थान तथा सहायक निदेशक संजय कुमार का विशेष योगदान रहा । प्रशिक्षण के आयोजन प्रबन्धन तथा सहयोग की दृष्टि से मो शाहरूख, ट्रेनिंग असिस्टेंट, मो शहंशाह, प्रचार सहायक तथा अमित यादव, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर की सराहनीय भूमिका रही है। समापन अवसर पर केन्द्रीय सचिवालय प्रशिक्षण संस्थान भारत सरकार के प्रतिनिधि के रूप अमरजीत सिंह, सलाहकार व संस्थान के सहायक निदेशक डॉ अशोक कुमार व वरिष्ठ सलाहकार हेमेन्द्र शर्मा मौजूद रहे।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय


# पड़ोसी देशों में भारत-विरोधी सरकारों के गठन की चिन्ता

**मालदीव एक समय भारत का सहयोगी हुआ करता था। वहां की अर्थव्यवस्था चीन और भारत पर निर्भर है। हालांकि, मालदीव की भारत से नजदीकी हमेशा चीन को खटकती थी, जिस कारण उसने इस देश को अपने कर्ज के जाल में फंसाया। धीरे-धीरे इस देश की माली हालत बुरी होने लगी, जिसके बाद यहां चीन समर्थक और इंडिया आउट का नारा देने वाले मोहम्मद मुइज्जू की सरकार बनी। पाकिस्तान एवं चीन के दबाव में उनके नए राष्ट्रपति के सुर बदले हुए हैं। वहां भारत-विरोधी स्वर उग्रतम बने हुए हैं।**

*भारत के पडोसी देशों में अस्थिरता एवं अराजकता का माहौल चिन्ताजनक है। बांग्लादेश के साथ-साथ भारत के पड़ोसी मुल्कों में हुए हालिया अराजक, हिंसक एवं अस्थिरता के घटनाक्रमों से एक तस्वीर बनती है एवं एक सन्देश उभर कर आता है, वह है, चीनी के द्वारा भारत विरोधी सरकारों के गठन की साजिश। सिर्फ बांग्लादेश ही नहीं, बल्कि मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और श्रीलंका में राजनीतिक उथल-पुथल और तख्तापलट के बाद अस्तित्व में आई सरकारों ने भारत के लिए चुनौतीपूर्ण हालात पैदा कर दिए हैं। भारत को सतर्क एवं सावधानी बरतने की जरूरत है। अब सवाल ये उठते हैं कि भारत के पड़ोसी देशों में हो रही इस अराजकता एवं अस्थिरता के कारण क्या हैं? यह सिर्फ एक संयोग है या फिर साजिश? क्या इसके पीछे चीन का हाथ है? क्या पाकिस्तान भी इसके लिये जिम्मेदार है? पड़ोसी देशों में पनप रही इस राजनीतिक अस्थिरता का भारत पर क्या असर होगा? इसकी भरी-पूरी आशंका है कि चीन ने पाकिस्तानी तत्वों के जरिये शेख हसीना विरोधी आंदोलन को हवा दी। निश्चित ही शेख हसीना की छवि एक अधिनायकवादी शासक की बनी और पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका उनकी निंदा करने में मुखर हो उठा। अमेरिका उनकी नीतियों से पहले से ही खफा था, क्योंकि वह मानवाधिकार और लोकतंत्र पर उसकी नसीहत सुनने को तैयार नहीं थीं। उनका सत्ता से बाहर होना भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है, बांग्लादेश में एक अर्से से भारत विरोधी ताकतें सक्रिय हैं। उनका भारत विरोधी चेहरा आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान भी दिखा। यह ठीक नहीं कि हिंसक प्रदर्शनकारी अभी भी हिंदुओं और उनके मंदिरों के साथ भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बना रहे हैं। लगभग ऐसी ही स्थितियां चीन और पाकिस्तान ने मालदीव, नेपाल, अफगानिस्तान और श्रीलंका में खड़ी की है। हसीना का जाना या उनका निष्कासन चीन एवं पाकिस्तान की साजिशों का परिणाम है, जो भारत के लिए कई मायनों में झटका है। इसका यह मतलब भी है कि भारत ने पड़ोस में अपने इकलौते स्थिर साथी को अब खो दिया है। भारत अपने चारों ओर से बदहाल, कट्टरवादी, अराजक एवं अस्थिर पड़ोसियों से घिरा है। हमारे पड़ोस में अफगानिस्तान है, जिस पर कट्टरपंथी तालिबान का राज है। भारत-विरोधी समूहों को समर्थन देने का उसका एक काला इतिहास रहा है। पाकिस्तान तो भारत का दुश्मन देश ही है। एक बेहद अशांत पड़ोस, जो कट्टरपंथियों, सैन्य शासकों, दिवालिया अर्थव्यवस्थाओं और जलवायु-परिवर्तन के कारण डूबते देशों में अग्रणी है। अपनी आर्थिक बदहाली के बावजूद वह भारत विरोधी षडयंत्र रचता ही रहता है। वह राजनीतिक अस्थिरता का पर्याय है। विडम्बना देखिये कि पाकिस्तान के एक भी वजीरे-आजम ने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया है। हमेशा वहां की फौज ने उनके कार्यकाल में टांग डाली है। दक्षिण में श्रीलंका और मालदीव हैं। श्रीलंका 2022 में दिवालिया हो गया था। वहां से सामने आई तस्वीरें एवं घटनाक्रम आज के बांग्लादेश से काफी मिलती-जुलती रही हैं। वहां भी प्रदर्शनकारियों ने बड़ा जनआंदोलन किया और जनता ने राष्ट्रपति भवन पर कब्जा कर लिया, जिस कारण राष्ट्रपति गोटाबाया को देश छोड़कर भागना पड़ा था। आर्थिक दिवालियेपन का शिकार यह देश चीन के कर्ज के जाल में फंसा हुआ है। श्रीलंका के कर्ज का एक बड़ा हिस्सा चीन का था, जिस कारण चीन ने यहां के हंबनटोटा बंदरगाह पर कब्जा कर लिया था। हालात यह हो गए थे कि श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भंडार खाली हो गया था।*

### एक्सप्रेस आलेख

**सत्ता पर सेनाध्यक्ष वकार उज-जमान का नियंत्रण है। प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के बाद देश के विभिन्न हिस्सों में हिंसा भड़क उठी है। देश में अराजकता के हालात हैं। इस हिंसा का मुख्य निशाना हिंदू समुदाय बन रहा है, जिनके घरों और मंदिरों पर हमले किए जा रहे हैं। हसीना के इस्तीफे के बाद उत्पन्न हुई राजनीतिक अस्थिरता के कारण यह हिंसा भड़की है। हिंदू समुदाय के लोग डरे हुए हैं और उन्हें अपनी सुरक्षा की चिंता सता रही है।बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे हमलों को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय भी चिंतित है। भारत में भी इस मुद्दे पर चिंता बनी हुई है। शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद जाय ने दावा किया है कि उनकी मां अब राजनीतिक वापसी नहीं करेंगी।**



डा. दिलीप अग्निहोत्री

**आज इसे एशिया के उभरते देशों में से एक माना जाता है। शेख हसीना का तख्तपलट होने और देश छोड़ने के बाद जहां सेना ने सत्ता संभाल ली है। वहीं देशभर में अराजकता और हिंसा के बीच राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को तत्काल रिहा करने के आदेश दिए हैं।**

# अस्थिरता और अराजकता का मंजर

भारतीय सैनिकों ने अपना बलिदान देकर बांग्लादेश का निर्माण कराया था। यहां के लोगों को पाकिस्तान के कहर से बचाया था। लेकिन बांग्लादेश में कट्टरपंथी सदैव अस्तित्व में रहे। समय समय में वह सिर उठाते रहे हैं। ऐसे ही तत्वों ने बंगलादेश के राष्ट्रपिता मुजुबुर्रमान को उनके अनेक परिजनों के साथ मौत के घाट उतार दिया था। उनकी पुत्री शेख हसीना और उनकी बहन वहां नही थीं। इसलिए बच गईं। उनको भी बहुत यातना देखनी पड़ी। शेख हसीना बांग्लादेश के उन लोगों में रहीं जो भारतीय सेना के एहसान को मानते थे। दुसरी तरफ भारत विरोधी पार्टियां थीं। शेख हसीन के शासन में भारत बंगलादेश के संबंध ठीक रहे। जबकि उनके विरोधी कट्टरपंथियों के हांथ में खेलते रहे। नरेंद्र मोदी और शेख हसीना ने दोनो देशों के आपसी सहयोग को बुलंदी पर पंहुचाया। नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद पड़ोसी देशों से बेहतर संबंध रखने का विचार व्यक्त किया था। इस दिशा में उन्होंने यथासंभव प्रयास किए थे। उनके इन प्रयासों में पाकिस्तान और चीन भी शामिल थे। यह सच है कि विदेश नीति में विचार के साथ व्यवहार का भी महत्व होता है। संबंधित देशों को नेक नीयत दिखानी होती है, लेकिन पाकिस्तान और चीन की फितरत में यह बात शामिल नहीं है। पाकिस्तान सीमा पार के आतंकवाद को छोड़ नहीं सका। चीन को सीमा पर तनाव बनाए रखना पसंद है। जाहिर है ऐसे देश भारत के शांति और सौहार्द संबंधी विचारों को समझ ही नहीं सकते। यह राहत की बात है कि पड़ोसियों से बेहतर संबंध रखने की भारतीय नीति पर बांग्लादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार को विश्वास है। इससे बांग्लादेश को बड़ा लाभ हुआ। सीमावर्ती कुशियारा नदी जल बंटवारे पर समझौते से भारत में दक्षिणी असम और बांग्लादेश में सिलहट क्षेत्र को लाभ मिलना सुनिश्चित हुआ। भारतीय रेल बांग्लादेशी रेल कर्मियों को प्रशिक्षण एवं सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में मदद कर रही है। भारत की न्यायिक अकादमी बांग्लादेश के न्यायिक अधिकारियों को भारत में प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है।सीएसआइआर और बांग्लादेश के सीएसआइआर के बीच विज्ञान एवं तकनीक सहयोग प्रगति पर है। न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड और जापानी अंतरिक्ष एजेंसी के बीच सहयोग के अंतर्गत भारत बांग्लादेश की मदद कर रहा है। प्रसार भारती और बांग्लादेश टेलीविजन एक दूसरे के कार्यक्रमों का प्रसारण कर रहे थे। 2019 के समझौते को विस्तार दिया गया। इसके अलावा फ्रेट मैनेजमेंट सिस्टम और अन्य आइटी आधारित क्षमताओं को बढ़ाने में भारत बांग्लादेश को मदद कर रहा है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग में बहुत बढ़ोत्तरी हुई। दोनों देश आतंकवाद और कट्टरवाद के खिलाफ सहयोग को बढ़ाने पर भी सहमत हुए थे। बांग्लादेश निर्माण की भावना को जीवंत रखने के लिए भी यह सहयोग बहुत आवश्यक था। दोनों देश ऐसी शक्तियों का मिलकर मुकाबला कर रहे थे, जो हमारे आपसी विश्वास पर आघात करना चाहती हैं। 54 नदियां भारत- बांग्लादेश सीमा से गुजरती हैं। ये नदियां दोनों देशों के लाखों लोगों की आजीविका से जुड़ी हैं। तीस्ता नदी जल बंटवारे मामले का भी सर्व सम्मति से हल का प्रयास किया गया। रोहिंग्या घुसपैठिए दोनों देशों के लिए समस्या बन रहे थे। शांति बनाए रखने के लिए दोनों देशों ने मिलकर इसका भी हल करने की नीति बनाई।बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा विकास भागीदार बना। मधुर रिश्ते ही देशों के बीच कारोबार को बढ़ाने का आधार बनते हैं। आपसी सौहार्द की बदौलत ही भारत बांग्लादेश का बाजार बना। दोनों देशों को आपसी व्यापार और बढ़ाने के लिए जल, रेल तथा हवाई संपर्क बढ़ाने पर जोर रहा। इस दौरान द्विपक्षीय व्यापार में सौ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। परिवहन संपर्क बढ़ाकर भारत की योजना को तीस अरब डालर तक पहुंचाने का लक्ष्य था। भारत-बांग्लादेश के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए तीन यात्री ट्रेनें-मिताली एक्सप्रेस, मैत्री एक्सप्रेस और बंधन एक्सप्रेस चलाने पर सहमति हुईं। भारत बांग्लादेश का चिकित्सा हब भी बन रहा है। इलाज के लिए पड़ोसी देश की पहली पसंद भारत है। कोरोना काल में तीन लाख बांग्लादेशी लोगों ने मेडिकल वीजा हासिल कर भारत में इलाज कराया। भारत और बांग्लादेश बहुत जल्द सीईपीए यानी समग्र आर्थिक भागीदारी समझौता पर सहमत हुए। नरेन्द्र मोदी विशेष अवसर पर बांग्लादेश की यात्रा पर गए थे। तब बांग्लादेश ने अपनी आजादी की 50वीं वर्षगांठ मनाने के साथ ही बांग्लादेश के संस्थापक बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की जन्म शताब्दी पर समारोह भी आयोजित किए थे। आज उसी बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं। बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण व्यवस्था के मुद्दे पर शुरू हुआ बवाल शुरू हुआ था। प्रदर्शनकारी इस कथित विवादास्पद रिजर्वेशन सिस्टम को खत्म करने की मांग कर थे, जिसके तहत बांग्लादेश मुक्ति संग्राम 1971 में हिस्सा लेने वाले लड़ाकों के रिश्तेदारों को सरकारी नौकरियों में तीस प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया था। शेख हसीना को देश छोड़ना पड़ा। सत्ता पर सेनाध्यक्ष जनरल वकार उज-जमान का नियंत्रण है। प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के बाद देश के विभिन्न हिस्सों में हिंसा भड़क उठी है। देश में अराजकता के हालात हैं। इस हिंसा का मुख्य निशाना हिंदू समुदाय बन रहा है, जिनके घरों और मंदिरों पर हमले किए जा रहे हैं। हसीना के इस्तीफे के बाद उत्पन्न हुई राजनीतिक अस्थिरता के कारण यह हिंसा भड़की है। हिंदू समुदाय के लोग डरे हुए हैं और उन्हें अपनी सुरक्षा की चिंता सता रही है।बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे हमलों को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय भी चिंतित है। भारत में भी इस मुद्दे पर चिंता बनी हुई है। शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद जाय ने दावा किया है कि उनकी मां अब राजनीतिक वापसी नहीं करेंगी।



**भारत बांग्लादेश का चिकित्सा हब भी बन रहा है। इलाज के लिए पड़ोसी देश की पहली पसंद भारत है। कोरोना काल में तीन लाख बांग्लादेशी लोगों ने मेडिकल वीजा हासिल कर भारत में इलाज कराया। भारत और बांग्लादेश बहुत जल्द सीईपीए यानी समग्र आर्थिक भागीदारी समझौता पर सहमत हुए।**

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | षष्टी 29:45 तक |
| नक्षत्र: | चित्रा 29:48 |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | शनिवार |
| योग: | साध्य, 14:51 |
| सूर्योदय: | 05:49 |
| सूर्यास्त: | 19:03 |
| चंद्रमा: | तुला राशि में |
| राहुकाल: | 09:07-10:47 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | सावन |
| शुभ मुहूर्त: | 12:02-12:50 |

## जन एक्सप्रेस

**है मचा बवाल !**

*लेकर के सुरक्षा को ।
है मचा बवाल ।।
मौसम है चुनावी ।
मचा है बवाल ।।
रस्साकस्सी चल रही ।
कौन जिम्मेदार ?
हर तरफ से हो रहे ।
शब्दों के प्रहार ।।
ना दो मुझे सुरक्षा ।
बात निकल कर आई ।।
हरकतों से ऐसी ।
होती जगहंसाई ।।
रहें सब महफूज़ ।
हो काम इस प्रकार ।।
रहें सब सुरक्षित ।
जो सबका अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस कविता

*हमने अजनबीयों से मिलकर एक घर बना लिया,
बिखरे पत्तों टहनियों से एक सजर बना लिया।
लाख मिन्नतें भी हमारी काम ना आई उन पर,
हमने कैनवास पर रंगों का हसीन मंजर बना लिया।
उनकी खुशबू खयालों से भीगे हुए थे हम,
ख्वाबों ने मुझे आशिकों का सिकंदर बना लिया।*

*वादा करके भी लौट कर ना आए फिर,
अपने को उनके मकां का प्रस्तर बना लिया।
जमाने ने उनको सर आंखों पर रखा फिर भी,
दुनिया को पैरों से लुड़कता पत्थर बना दिया।
उनकी बेवफाई के किस्से अनगिनत हैं लेकिन,
हमने तनहाइयों को अपना हमसफर बना लिया।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*एक बार जब आप नकारात्मक विचारों को सकारात्मक विचारों से बदल देंगे, तो आपको सकारात्मक परिणाम मिलने लगेंगे*

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होती है लाल नाशपाती



**मानसून** में नाशपाती खूब आता है और लोग इसे खाने का मजा भी भरपूर लेते हैं। आमतौर पर नाशपाती हरे रंग की होती है, लेकिन क्या आपने कभी लाल नाशपाती के बारे में सुना है? हरे की तरह की लाल नाशपाती का स्वाद भी हल्का सा खट्टा और मीठा होता है। हरे के मुकाबले लाल नाशपाती सेहत, स्किन और बालों के लिए बहुत फायदेमंद होती है।

**लाल नाशपाती खाने के फायदे:** न्यूट्रिशनिस्ट अमरीन शेख के अनुसार, लाल नाशपाती में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, पोटेशियम, कैल्शियम और फाइबर जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह पोषक तत्व हार्ट हेल्थ, ग्लोइंग स्किन और बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं।

**हृदय रोगों से बचाता है:** नाशपाती में फाइबर भरपूर मात्रा में होता है, जो हृदय संबंधी समस्याओं को रोकने में मददगार होता है। एक्सपर्ट के अनुसार, लाल नाशपाती में मौजूद पोटेशियम ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करके हार्ट अटैक और हार्ट फेल्योर के खतरे को कम करता है।

**एलर्जिक रिएक्शन को कम करता है:** नाशपाती को खाने पर अन्य फलों की तुलना में एलर्जिक रिएक्शन की संभावना कम होती है। मानसून में लाल नाशपाती का सेवन करने से त्वचा संबंधी एलर्जी, खुजली और जलन की संभावना कम होती है।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है:** लाल नाशपाती विटामिन सी से भरपूर होती है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने और संक्रमण को दूर रखने में मदद करती है। लाल नाशपाती में मौजूद कॉपर संक्रमण पैदा करने वाली बीमारियों को भी रोकता है। एक्सपर्ट का कहना है कि मानसून में रोजाना लाल नाशपाती का सेवन करने से बुखार, सर्दी, खांसी और जुकाम के लक्षणों को कम करने में मदद मिलती है।

**ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करता है:** लाल नाशपाती में एंथोसायनिन भरपूर मात्रा में होता है, जो टाइप 2 डायबिटीज की संभावना को कम करता है। एक्सपर्ट के अनुसार, मानसून में आने वाले अन्य फलों की तुलना में लाल नाशपाती का ग्लाइसेमिक इंडेक्स काफी कम होता है। इसका सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल प्रभावित नहीं होता है, ऐसे में डायबिटीज के मरीज भी लाल नाशपाती बिना किसी संकोच के खा सकते हैं।

**पेट को स्वस्थ रखता है:** लाल नाशपाती में फाइबर की मात्रा होती है। इसका सेवन करने से पाचन क्रिया दुरुस्त रहती है। मानसून में लाल नाशपाती खाने से कब्ज, पेट में दर्द और एसिडिटी की समस्या नहीं होती है। इतना ही नहीं लाल नाशपाती मल को मुलायम बनाकर मल त्याग की प्रक्रिया को आसान बनाता है।

**झुर्रियों और झाइयों को रोकने मदद करता है:** उम्र के साथ त्वचा पर होने वाली झुर्रियों और झाइयों को रोकने में भी लाल नाशपाती बहुत फायदेमंद होता है। न्यूट्रिशनिस्ट के अनुसार, लाल नाशपाती में कॉपर, विटामिन सी और विटामिन के पाया जाता है। यह त्वचा की फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मदद करते हैं, जिसकी वजह से झुर्रियां और झाइयों को रोकने में मदद मिलती है।

### एक्सप्रेस विशेष

# प्रकृति की चेतावनियों को अनसुना करना ठीक नहीं



डॉ. आशीष वशिष्ठ

**देश में हर राज्य में, हर क्षेत्र में विकास होना चाहिए, लेकिन ऐसी घटनाओं से सबक भी सीखना चाहिए। विकास-कार्य जापान और ताइवान सरीखे देशों में भी हो रहे हैं। वहां भी पहाड़ काटे जा रहे हैं, लेकिन ऐसे हादसों से बचने के बंदोबस्त भी किए जा रहे हैं।**

**एक शोध में कहा गया है कि जो वायनाड साल भर बूंदाबांदी और मानसून की बारिश वाला ठंडा, नम वातावरण वाला इलाका होता था, जलवायु-परिवर्तन के कारण अब सूखा, गर्म, लेकिन मानसून के दौरान भारी, तीव्र बारिश वाला क्षेत्र बन गया है। इस बदलाव से भूस्खलन का जोखिम बढ़ा है। 2018 के मानसून में भी खूब बारिश हुई थी, तब करीब 400 लोगों की जान चली गई थी।**

**प्रकृति** का अत्यधिक दोहन और छेड़छाड़ के दुष्परिणाम वायनाड, जोशी मठ और केदारघाटी के तौर पर हमारे समक्ष हैं। प्रकृति बार बार किसी ने किसी घटना या तरीके से पूरी मानव जाति को चेतावनी और संदेश दे रही है, और हम लगातार प्रकृति के संदेशों को अनसुना और अनदेखा कर रहे हैं। 2013 में केदार घाटी में जो सैलाब आया और तबाही हुई अथवा उत्तरकाशी में भूकंप के बाद जो बाढ़ आई, हमने उन्हें ही प्रलय माना। विनाश और बर्बादी का दूसरा नाम प्रलय है। अब केरल के वायनाड जिले में लगातार तीन भू-स्खलन आए और फिर सैलाब आया, गांव के गांव दफन हो गए, 400 से अधिक घर देखते ही देखते 'मलबा' हो गए, करीब 387 मौतें हो चुकी हैं और 200 से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं, यह प्रलय नहीं है, तो और क्या है? 'स्थावराणां हिमालयः', इस प्रसंग का उल्लेख श्रीमद्भागवत गीता के दसवें अध्याय के 25 वें श्लोक में हुआ है। इसमें 'श्रीकृष्ण' ने कहा है कि 'मैं स्थिर रहने वालों में हिमालय हूं'। सुखमय जीवन के लिए वेदों में हिमालय की आराधना का उल्लेख भी हुआ है। महाकवि कालिदास ने अपने महाकाव्य 'कुमारसंभव' में हिमालय को 'धरती का मानदंड' तथा 'दुनिया की छत व आश्रय' बताया था। अनादिकाल से पहाड़ आध्यात्मिक चेतना की पुण्यभूमि रहे हैं। प्रकृति के प्रबल उपासक रहे कई ऋषि मुनियों की तपोस्थली, भक्ति व अनुसंधान का केंद्र पर्वतराज हिमालय ही रहा है। मगर बढ़ती प्राकृतिक आपदाएं व अंधाधुंध निर्माण कार्य पहाड़ों की स्थिरता को चुनौती पेश कर रहे हैं। 16 जून 2013 को केदारनाथ धाम के पीछे मौजूद चोराबाड़ी ग्लेशियर के ऊपर बादल फटा। ग्लेशियर में बनी एक पुरानी झील में इतना पानी भर गया कि उसकी दीवार टूट गई। पांच मिनट में पूरी झील खाली हो गई। पानी इतनी तेजी से निकला कि केदारनाथ धाम से लेकर हरिद्वार तक 239 किलोमीटर तक सुनामी जैसी लहरें देखने को मिलीं। चारों तरफ तबाही और बर्बादी। हजारों लोग मारे गए। हजारों का आज भी पता नहीं चला। नदियों का बढ़ा जलस्तर देख डर लग रहा था। लोगों को बचाने के लिए सेना, एयरफोर्स और नौसेना ने 10 हजार से ज्यादा सैनिक और 50 से ज्यादा हेलीकॉप्टर और विमान लगाए। वायुसेना के विमानों ने 2137 बार उड़ान भरी। 1.10 लाख से ज्यादा लोगों को बचाया गया। साल-दर-साल बीतते चले गए। हादसे के निशान तो अब भी पहाड़ों की ढलानों पर दिखते हैं। केदारनाथ धाम जाने की दूरी भी बढ़ गई। क्योंकि रामबाड़ा कस्बा पूरी तरह से खत्म हो गया था। नया रास्ता बनाया गया। जो पुराने रास्ते से करीब तीन किलोमीटर ज्यादा है। पहले आप केदारनाथ घाटी के बाएं पहाड़ों पर चलते हुए मंदिर तक जाते थे अब रामबाड़ा से रास्ता दाहिनी ओर कट जाता है। उत्तराखंड का शहर जोशीमठ धीरे-धीरे जमीन में धंसता जा रहा है। 2023 में जोशीमठ से जुड़े समाचार देश दुनिया में छाये हुए थे। विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान संकट कई कारणों से उत्पन्न हुआ है, जिनमें वर्षों से चल रहा अनियोजित निर्माण, जलविद्युत परियोजनाएं और उचित जल निकासी व्यवस्था का अभाव शामिल है। 1976 में एक सरकारी रिपोर्ट में जोशीमठ में भारी निर्माण कार्य पर प्रतिबंध लगाने की बात कही गई थी, जिसमें कहा गया था कि ÷मिट्टी की भार वहन क्षमता÷ की जांच के बाद ही इसकी अनुमति दी जानी चाहिए। रिपोर्ट में उचित जल निकासी और सीवेज प्रणाली के निर्माण तथा कटाव को रोकने के लिए कंक्रीट सीमेंट ब्लॉक लगाने का भी सुझाव दिया गया था। लेकिन विशेषज्ञों की हर हिदायत और चेतावनी को अनसुना किया गया। वायनाड में जो कुछ हुआ, यह कुदरती मार नहीं, मानव-निर्मित घटना है, क्योंकि आदमी अपनी मौज मस्ती और ऐयाशी के लिए पहाड़ों को तोड़ रहा है। पहाड़ों की चोटियों पर भी इमारतें बनाई जा रही हैं। केरल की भौगोलिक स्थिति परंपरागत पहाड़ों से भिन्न है, लेकिन देश भर के 80-85 फीसदी भू-स्खलन केरल में ही आते हैं। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के मुताबिक, 2015 से 2022 तक 3782 भूस्खलन आए। उनमें से करीब 60 फीसदी केरल में ही आए। मौजूदा हालात पर विशेषज्ञों का मानना है कि अरब सागर का तापमान बढ़ने से बेहद घने बादल बने और उसी से केरल में कम समय में बहुत ज्यादा बारिश हुई। वायनाड पहाड़ी जिला है और पश्चिमी घाट का हिस्सा है। यहां 2100 मीटर तक ऊंचे पहाड़ हैं। विशेषज्ञों की मानें तो, जलवायु-परिवर्तन ने भी बारिश की स्थिति और भूस्खलन की तीव्रता को बढ़ाया है।

# घूसखोर कानूनगो पर गिरी गाज जिलाधिकारी ने किया सस्पेंड

* किसान ने घूस लेने का वीडियो शोशल मीडिया पर किया वायरल मामले ने तूल पकड़ा जिला अधिकारी ने लिया एक्शन




जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** तहसील में तैनात परगना औरंगाबाद क्षेत्र के कानूनगो को जिला जिलाधिकारी ने निलंबित कर दिया है। कानूनगो पर पैमाइश करने के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप एक किसान ने लगाया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। वहीं, जांच में लेखपाल निर्दोष साबित हुए हैं।
दिनांक 29 07 2024 को मैगलगंज क्षेत्र के गांव मोहब्बतनगर के रहने वाले किसान ब्रजेश कुमार ने जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र देकर क्षेत्रीय कानूनगो राजकुमार मौर्या, लेखपाल जीवन लाल पर पैमाइश के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप लगाते हुए एक शिकायती पत्र दिया गया था। किसान ने ही कानूनगो राजकुमार मौर्या का अवैध वसूली करने एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल किया था। किसान लगाया था आरोप शिकायती पत्र में किसान ने बताया कि गाटा संख्या 34 का रकबा 0.542 हैक्टेयर भूमि पर सन 2015 से एक ट्यूबवेल कनेक्शन चल रहा था, जिसमें पक्का कुंआ व टीन शेड पड़ी थी, लेकिन पड़ोसी किसान राजकुमार व अरुण कुमार ने ब्रजेश की उस जमीन को चकमार्ग में बताया, जिसकी कई बार पैमाइश हुई, लेकिन ट्यूबवेल वाली जमीन ब्रजेश के खेत में निकली। जब विपक्षी किसानों ने पैमाइश करने को कहा तो लेखपाल व कानूनगो ने ट्यूबल को अवैध बताकर उसे बचाने के लिए 35 हजार रुपये की मांग की। दस हज़ार रुपये लेखपाल व 15 हज़ार कानूनगो राजकुमार मौर्या को दिए। लेखपाल निर्दोष साबित शेष बची रकम न मिलने से नाराज कानूनगो ने गलत तरीके से नपाई कर दी और ट्यूबल व उस पर पड़ी टीन शेड को हटा दिया, जिसकी कोई नोटिस किसान को नहीं दी गई। वहीं, एसडीएम मितौली विनीत उपाध्याय ने बताया कि जांच में परगना औरंगाबाद के कानूनगो दोषी पाए गए है। निलबंन की कार्रवाई की गई है। वहीं, लेखपाल के ऊपर लगे आरोपों के कोई ऐसे सुबूत नहीं मिले हैं, जिससे वह निर्दोष साबित हुए हैं। मामला अखबारों की सुर्खियां बना घूस लेते हुए कानूनगो का विडियो वायरल हुआ और जिला अधिकारी ने बड़ी कार्रवाई की।

# औचक निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं देख नाराज दिखीं डीएम



### तीन वृद्ध निराश्रित मरीजों की जानी कुशलता, स्वस्थ होने पर भेजे वृद्धाश्रम

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने वार्ड के निरीक्षण के दौरान तीन वृद्ध निराश्रित मरीजों से मुलाकात कर कुशलता जानी। संवाद में पाया कि उनका हाल खबर लेने वाला घर परिवार में कोई नहीं है। इस पर डीएम ने सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता को निर्देश दिए की स्वस्थ होने के उपरांत जिला समाज कल्याण अधिकारी से समन्वय कर तीनों वृद्धजन को वृद्धश्रम भिजवाए। समाचार लिखे जाने तक समाज कल्याण विभाग द्वारा तीनों वृद्धजनों को वृद्ध आश्रम शिफ्ट कर दिया गया।

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिला चिकित्सालय ओयल का औचक निरीक्षण किया, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।निरीक्षण में जिला अस्पताल की तमाम खामियां खुलकर सामने आईं।गंदे शौचालय से लेकर गंदे चादर तक को डीएम ने स्वयं देखा।करीब एक घंटे तक अस्पताल का निरीक्षण करने के दौरान डीएम कई बार नाराज हुईं। उन्होंने अस्पताल के जिम्मेदारों को कड़ी चेतावनी देते हुए तीन दिन में व्यवस्थाएं सुधारने की बात कही।
जिला अस्पताल के औचक निरीक्षण पर शुक्रवार को सुबह करीब 8.50 बजे पहुंची डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने दुर्व्यवस्था देख नाराजगी जाहिर की। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में गंदगी का अंबार लगा था। कई ओपीडी कक्ष में डॉक्टर-कर्मचारी भी नहीं थे। अस्पताल के वार्डों में दुर्व्यवस्था की भरमार मिली। डीएम ने सीएमएस डॉ.राज कुमार कोली को कड़ी फटकार लगाई। डीएम ने उपस्थित पंजिकाएं अपने कब्जे में ली। अनुपस्थित डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ का वेतन रोकने के निर्देश दिए। डीएम के पूछने पर वार्ड में भर्ती मरीजों ने बताया कि सुबह 09 बजे तक कोई भी डॉक्टर भ्रमण पर नहीं आया है। मरीजों के फाइल पर भी इसका कोई उल्लेख नहीं था। डीएम ने सीएमएस को संबंधित डॉक्टरों से स्पष्टीकरण लेकर अवगत कराने और फाइल पर भ्रमण का नियमित ब्योरा दर्ज करने का निर्देश दिया।डीएम ने सीएमएस डॉ. आरके कोली से पूछा कि इतनी गंदगी क्यों है। इस तरह के गंदे शौचालय का वह लोग प्रयोग कर सकते हैं?
निर्देश दिए कि जबतक शौचालय साफ न हो, तबतक वह चिकित्सको, पैरामेडिकल के लिए बने शौचालयों का प्रयोग करेंगे। सीढ़ियों पर पान की पीक पड़े होने पर नाराजगी जताई। निर्देश दिए कि ऐसा करने वाले से 200 की जगह 2000 का जुर्माना वसूला जाए, ताकि इसकी पुनरावृत्ति ना हो। निरीक्षण के दौरान अपनी 08 वर्षीय पुत्री रेशमा को रेबीज का दूसरा इंजेक्शन लगवाने अस्पताल पहुंचे ओमप्रकाश से डीएम ने जाना कि इंजेक्शन लगवाने के लिए किसी ने पैसे तो नहीं लिए। जवाब आया नही साहब पर्चा काउंटर पर कार्मिक राजेंद्र मिश्रा अनुपस्थित मिले। चिकित्सालय में 100 कैपेसिटी की सीटिंग व्यवस्था करने को कहा। चिकित्सालय में रिफ्लेक्टर लाइट वाली साइन एज लगवाने के निर्देश दिए। चिकित्सालय भवन के बाहर तत्काल सीवर टैंक को ढकवाने के निर्देश दिए। एंट्री-एग्जिट प्वाइंट्स पर फ्लोर मैट डलवाए।
सीएमएस को निर्देश दिए कि सुबह एक घंटे राउंड लेकर एक-एक मरीज से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करें। रिसेप्शन के पास स्वास्थ्य संबंधी स्वास्थ्य संबंधी आईईसी सामग्री को प्रदर्शित किया जाए। वेटिंग एरिया में सीटिंग अरेंजमेंट को प्रॉपर करवाए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने पर्ची काउंटर, पुरुष सर्जिकल वार्ड, पुरुष ऑर्थो वार्ड, डेंगू वार्ड, इमरजेंसी, ड्रेसिंग रूम, सर्जन कक्ष, दवा वितरणकक्ष, इंजेक्शन कक्ष, पैथोलोजी कक्ष, ओपीडी कक्ष, जनरल महिला व पुरुष वार्ड, टायलेट मेल व फीमेल, आपातकालीन कक्ष का निरीक्षण किया। डीएम ने निर्देश दिए कि आमजन की सुविधा के लिए प्रवेश द्वार पर नागरिक चार्टर प्रदर्शित किया जाए। सीसीटीवी के साथ पहुंच मार्गों की रोशनी, बड़े पैमाने पर अस्पताल का नाम प्रदर्शित किया जाए। प्रतीक्षालय में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था/ स्वास्थ्य संबंधी आईईसी और सुविधा संबंधी जानकारी प्रदर्शित करने के लिए एलसीडी का प्रयोग किया जाये। सभी खिड़कियों में तार की जाली लगायी जाये।

# समाजवादी मजदूर सभा का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन डीएम को 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी




समाजवादी मजदूर सभा के सदस्यों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में उन्होंने मजदूरों के हितों के साथ ही श्रम कानून में बदलाव की मांग की है।सामाजिक मजदूर सभा के सदस्य कलेक्ट्रेट परिसर में 11 बजे नारेबाजी करते हुए पहुंचे और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने अपनी 12 प्रमुख मांगों का उल्लेख किया, जिनमें काम के 12 घंटे के कानून को वापस लेकर 8 घंटे करने और उत्तर प्रदेश बोनस अधिनियम संशोधन 2024 की वापसी शामिल है। उन्होंने न्यूनतम मजदूरी सलाहकार बोर्ड के गठन का भी मुद्दा उठाया। कल्याण बोर्ड का पोर्टल पिछले 6 माह से भ्रष्टाचार के कारण बंद
मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह ने बताया कि पंजीकृत निर्माण श्रमिकों का कल्याण बोर्ड का पोर्टल पिछले 6 माह से भ्रष्टाचार के कारण बंद है और राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड के अंतर्गत योजनाओं का संचालन भी ठप है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ऑटो ट्रांसपोर्ट वर्कर्स के हिट एंड रन कानून के खिलाफ भी विरोध जताया और प्राइवेट कार्य करने वाले मजदूरों और घरेलू कामगारों के लिए ठोस नियम-कानून बनाए जाने की मांग की, ताकि उनकी खाद्य सुरक्षा और अन्य अधिकार सुनिश्चित किए जा सकें।

## काकोरी की सौवीं वर्षगांठ पर सम्मानित किए गए स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन




जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ

खीरीदेश के स्वतंत्रता संग्राम की महत्वपूर्ण घटना जिसनें अंग्रेज हुकूमत को आर्थिक रूप से झझकोर कर रख दिया था। आज ही के दिन 09 अगस्त 1925 को लखनऊ के पास काकोरी नामक ग्राम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों द्वारा अंग्रेज सरकार का खजाना लूटकर स्वतंत्रता संग्राम को गतिशील बनाया था। आज काकोरी कांड की सौवीं वर्षगांठ पर नगर पालिका परिषद गोला के सभागार में मुख्य अतिथि शत्रोहन मिश्रा नगर अध्यक्ष भाजपा के द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी फेरुलाल के पुत्र लखपति राम, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बन्धाराम के पुत्र दाताराम, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्यारेलाल के पुत्र रामभजन, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जैजैराम के पुत्र राधेश्याम को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।इस अवसर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, गोला नगर के लेखपाल जे पी वर्मा, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, विजय मिश्रा, अशोक मिश्रा सहित अनेक नगर वासी उपस्थिति रहे।

# घटनाओं का खुलासा, पुलिस ने तीन चोरों को किया गिरफ्तार, नकदी व पीली धातु बरामद

जन एक्सप्रेस । सीतापुर




**महमूदाबाद।** चोरी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए कोतवाली पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों के पास से पुलिस ने नकदी व पीली धातु के चोरी गए जेवर बरामद करने का दावा किया है। सीओ दिनेश शुक्ल ने बताया कि आठ जून को खेटौरा के अनवर पुत्र हनीफ व तीन अगस्त को कलुवापुर के अर्पित पुत्र दिनेश चंद्र के वहां बदमाशों ने धावा बोलकर नकदी व मात्रा में सोने व चांदी के जवर चोरी कर लिए थे। दोनों घटनाओं की अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस घटना को अंजाम देने वालों की तलाश कर रही थी। कोतवाली प्रभारी द्वारा लगाए गए मुखबिरों की सूचना पर थाने के एसआई प्रदीप पांडेय, शिवम सिंह, एचसीपी मोहन सिंह, आरक्षी संजय यादव, आशीष कुमार ने शारदा सहायक नहर के नूरपुर पुल पर रविवार की सुबह गश्त के तीन संदिग्धों को रोंका। तलाशी लेने पर युवकों के पास से 23 हजार पांच सौ रुपए नकद, पीली धतु का एक हार व एक जोड़ी झाला बरामद हुआ। पूंछतांछ में युवकों ने बताया कि उक्त नकदी व जेवर पूर्व में खेटौरा व कलुवापुर गांव में की चोरियों के हैं। पकड़े गए युवकों ने अपने नाम रामपुर मथुरा बसंतीपुर के दिनेश पुत्र पाले, महमूदाबाद के भुड़कुड़ा के आशीष पुत्र रामसिंह व मिथुन पुत्र महादेव बताया। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि पकड़े गए दिनेश के खिलाफ रामपुर मथुरा में दो, कोतवाली देहात व महमूदाबाद में दो मुकदमें तथा ओशिष व मिथुन के खिलाफ महमूदाबाद कोतवाली में दो-दो मुकदमें दर्ज हैं। तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# शारदा के निशाने पर हैं बैलहा, सिकटिहा, करसौर, सिंघिया गांव

* राकिशसं ने देखी बाढ़ की हकीकत
* एक करोड़ 37 लाख से बने रपटा पुल को खतरा
* कहा किसानों को मुआवजे की धनराशि बहुत कम





जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने अपने साथियों के साथ ब्लाक बिजुआ शारदा बाढ़ क्षेत्र के गाँव बेलहा सिकटिहा, करसौर, रामनगर, रामेश्वरपुर और बझेरा पहुँच कर शारदा बाढ़ पीड़ितों का हाल जाना बेलहा सिकटिहा गाँव के लोगों ने बताया कि पूर्व में शारदा नदी गाँव से लगभग 400 मीटर दूर थी आज गाँव के अंदर घुस कर कई पक्के मकान अपनी गोद में ले लिया है और खेतिहर जमीनें पहले से ही शारदा में समा चुकी हैं। करसौर के बाढ़ पीड़ितों ने बताया है कि गाँव के मजरा नयापुरवा में बने पक्के मकान और स्थापित विशाल माता दुर्गा जी का मंदिर पहले ही कटकर शारदा में समा गया है अब करसौर को खतरा है। गाँव से शारदा की ओर जाने वाले पक्के सड़क पर 1 करोड़ 37 लाख की लागत से बने रपटा पुल भी शारदा के निशाने पर है गाँव के अंदर पानी घुस चुका है कई मकान आज के एक सप्ताह पहले ही कट कर शारदा में समा चुके हैं श्री वर्मा ने कहा है कि सरकार और उसके जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी यह जानते हुए कि शारदा में प्रति वर्ष बाढ़ आती है किंतु शारदा की धारा की दिशा बदलने एवं अवैध खनन पर रोक लगाने के कोई ठोस प्रयास नहीं कर रहे हैं और बाढ़ विभीषिका के नाम पर शारदा सिंचाई विभाग एवं राजस्व विभाग अरबों रुपये प्रति वर्ष का सरकार को चूना लगाते हैं। गांव वालों का कहना है कि प्रशासन 3500 से रुपए तक बाढ़ का मुआवजा दे रहा है जबकि लाखों रुपए की फसलें और जमीन शारदा नदी में समा चुकी हैं मुआवजा ऊंट के मुंह में जीरे के समान है राहत सामग्री बाढ़ पीड़ितों तक न पहुंचकर सिर्फ कागजों पर बंट रही है।

# विधुत विभाग में बनाए गये भवनों में धन उगाही मानक नदारद

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

विधुत विभाग में घटिया सामग्री का प्रयोग कर बनाए जा रहे भवन जबरदस्त गड़बड़ झाला जिसकी बानगी कालाआम पावर हाउस डिवीजन सेकंड में बन रहे भवन निर्माण में जमकर हो रहा भ्रष्टाचार जेई एसडीओ की जुगलबंदी से चल रहा है। विधुत विभाग में बहुत बड़ा खेला सिर्फ किस तरह से धन आएं इसी पार ध्यान केन्द्रित रहता है भष्टाचार के दलदल में गोते लगाने वाला बिजली विभाग शून्य से शिखर भष्टाचार में लिप्त है बताते चलें काला आम में बन रहा भवन में सेकेंड क्लास की ईंटों का प्रयोग हो रहा है। भवन निर्माण में बनाएं गये मसाले में सीमेंट की मात्रा बहुत कम यही दशा एक नम्बर पावर हाउस में भी दिखाई पड़ रही जहां निर्माणधीन सर्किल हाउस मानकों के विपरित बना हुआ है। बिजली विभाग में बनाए गये नवीनतम भवनों में बहुत ही घटिया निर्माण कर रंग रोगन कर एब को छुपाया गया है।

# डीएम ने ली कलेक्ट्रेट में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी बैठक, होंगे विविध कार्यक्रम



* सभी सरकारी भवनों पर करें रोशनी: डीएम

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

स्वतन्त्रता दिवस समारोह 15 अगस्त के शुभ अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा निर्धारित करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक का संचालन एडीएम संजय कुमार सिंह ने सीडीओ अभिषेक कुमार की मौजूदगी में किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि सभी सरकारी इमारतो, कार्यालयो एवं दफ्तरों में लाइटिंग रहेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सरकारी दफ्तरों में साफ सफाई का विशेष अभियान चलाया जाए। जिसको वह स्वयं देखेंगी। डीएम ने निर्देश दिए कि विश्व के सबसे बड़े लोकतन्त्र की आज़ादी का जश्न पूरी गरिमा और सम्मान के साथ मनाया जाय। डीएम ने सभी अधिकारियों, जनपद के सम्मानित नागरिकों से अपील की है कि स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में पूरे उत्साह के साथ भाग लें।डीएम ने स्वतंत्रता दिवस पर गत वर्षो की भांति दिनभर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को स्वीकृति देते हुए उसमें कई अन्य कार्यक्रम भी जोड़े। बैठक में सभी ने अपनी अपनी राय रखी कुछ प्रमुख बिन्दुओ पर चर्चा हुई। डीएम ने आमजनमानस से अपील किया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक सम्मिलित हों।
एडीएम संजय कुमार सिंह ने स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम को लेकर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सभी कार्यक्रमों को पूरी भव्यता और इस दिवस की गरिमा के अनुरूप आयोजित किया जाए। बैठक में सीडीओ अभिषेक कुमार, सभी जिला स्तरीय अधिकारी, स्वयंसेवी संस्थाएं, सभी जिला स्तरीय अधिकारी, समाज के प्रबुद्ध गण मौजूद रहे।

# काकोरी ट्रेन एक्शन की 100 वीं वर्षगांठ के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजन कर वीर शहीदों को किया गया नमन



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि ने काकोरी ट्रेन एक्शन की 100 वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को नमन किया गया एवं उनके उत्तम स्वास्थ्य तथा लम्बी आयु की कामना भी की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल एवं नगर पालिका अध्यक्ष सीतापुर नेहा अवस्थी ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन राज शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, अधिशासी अधिकारी वैभव त्रिपाठी सहित संबधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

काकोरी ट्रेन एक्शन की 100 वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुक्रवार को लालबाग स्थित शहीद पार्क में भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर वीर शहीदों को नमन किया गया। लालबाग शहीद पार्क में आयोजित समारोह के अवसर पर मा. कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह तथा नगर पालिका अध्यक्ष सीतापुर नेहा अवस्थी ने शहीद स्तम्भ पर शहीदों को पुष्पाजंलि देकर नमन कर एवं दीप प्रज्जवलित करते हुये स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों के साथ हवा में गुब्बारें छोड़े। साथ ही माननीयों एवं अधिकारियों द्वारा शहीद अशफाकुल्ला खां, शहीद रोशन जी, शहीद सचिंद्र बक्शी जी, शहीद सचिंद्र सान्याल जी, शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी जी, शहीद राम प्रसाद बिस्मिल जी की स्मृति में पोधरोपित किया गया। मा0 राज्य मंत्री कारागार द्वारा निर्देशित किया गया कि पौधों को बचाने हेतु सभी पौधों में ट्री-गार्ड अवश्य लगाये जायें। कार्यक्रम के दौरान उदय प्रताप द्विवेदी जी ने लालबाग पार्क के इतिहास पर संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। इसके उपरान्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को अंग वस्त्र पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। लोकगायिका सुश्री अदिति शुक्ला द्वारा स्वागत गीत आज मेरे राम घर आये हैं एवं लोकगायिका सुश्री राधिका श्रीवास्तव द्वारा देशभक्ति गीत ऐ मेरे वतन के उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्लह खान और रोशन सिंह को 19 दिसंबर, 1927 को काकोरी डकैती में शामिल होने के लिये फाँसी पर लटका दिया गया था। उन्होंने कहा कि लालबाग को किसी और ही नाम से जाना जाता था, लेकिन जब यहां पर स्वतंत्रता सेनानियों पर गोलियां चलीं तभी से इसका नाम लालबाग पड़ा।
उन्होंने कहा कि देश तो आजाद है ही, लेकिन हम लोगों को अपनी मानसिकता को भी आजाद करना है।

# सिर्फ धन कमाना ही मकसद है आबकारी निरीक्षक का




जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

आबकारी विभाग धौरहरा के निरीक्षक लगे रहते हैं धन उगाही पर आबकारी विभाग धौरहरा के निरीक्षक जो अपने आप को मुख्यमंत्री से बढ़ कर अपने आप को समझते हैं एक युवक को पकड़ कर निघासन आबकारी निघासन में लेकर आये फिर अवैध वसूली की बात कह रहे हैं सूत्रों ने बताया भ्रष्टाचारी आबकारी इंस्पेक्टर जो हमेशा सुर्खियों में रहते हैं अपने गुर्गे के साथ सरकारी गाड़ी में बैठकर अपना क्षेत्र छोड़कर दूसरे के क्षेत्र में घुसकर अवैध वसूली करने पहुंच जाते हैं कुछ पत्रकार बंधु को जब सूचना मिलती है मौके पर पहुंचकर भ्रष्टाचारी आबकारी इंस्पेक्टर की घूसखोरी की वीडियो और फोटो खींच लेते हैं ऐसा पहली बार नहीं हुआ है इन सब को तो बस अपनी ड्यूटी से हटकर केवल और केवल धन उगाही में लगे रहना हैं ऑफिस में बैठकर अपने गुर्गे के साथ धन उगाही की करते हैं प्लानिंग अपना क्षेत्र भूल गए जिसको लाये थे लेन देन की बात चल रही हैं। सूत्र आबकारी निरीक्षक धौरहरा को पकड़े गए अपराधी अपने साथ धौरहरा ले जाना चाहिए था फिर निघासन आबकारी कार्यालय ले जाने का सवाल चर्चा का विषय बना हुआ है।

# भव्य कांवड़ यात्रा व विशाल भंडारे की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने की संयुक्त बैठक

जन एक्सप्रेस । सीतापुर




शिव शक्ति सनातन सेवा समिति के तत्वाधान में श्री त्यागी बाबा के संरक्षण में आयोजित होने वाली भव्य कावड़ यात्रा एवं विशाल भंडारे की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र की अध्यक्षता में लहरपुर स्थित खेमकरन इंटर कालेज में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने आयोजक मंडल के सदस्यों से उनके द्वारा अभी तक की गई तैयारियों के विषय में जानकारी प्राप्त करते हुए प्रशासन के स्तर से वांछित सहयोग के विषय में जानकारी भी ली। जिलाधिकारी ने आयोजक मंडल के सदस्यों से अपेक्षा की कि अपेक्षित तैयारियां समय से पूर्ण की जाये। उन्होंने संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि कावड़ यात्रा, विश्राम स्थलों एवं भंडारे के स्थलों में चिकित्सा टीमों, एंबुलेस एवं चिकित्सा शिविरों का प्रभावी प्रबंध आवश्यक दवाओं के साथ रखा जाना सुनिश्चित किया जाये। जल लेने के स्थलों पर बेरीकेटिंग, संकेतक सहित अन्य सुरक्षा हेतु अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाये। संबंधित मार्गों पर सफाई एवं सुरक्षा हेतु पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किए जाये। विश्राम स्थलों पर सफाई, प्रकाश एवं पार्किंग हेतु समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए।
बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने पुलिस के प्रबंध में विषय में जानकारी देते हुए अपेक्षा की कि पूरे अनुशासन के साथ सभी कार्यक्रम आयोजित कराएं जाय। कानून व्यवस्था से संबंधित किसी भी विषय को तत्काल पुलिस/प्रशासनिक अधिकारियों के संज्ञान में लाया, जिससे त्वरित कार्यवाही हो सके। उन्होंने बताया कि संपूर्ण आयोजन के दौरान सुरक्षा का पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक के दौरान उपजिलाधिकारी बिसवां मनीष कुमार, उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, जिला विकास अधिकारी हरिश्चंद्र प्रजापति, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई विशाल पोरवाल, सहित आयोजक मंडल के सदस्य, गणमान्य नागरिक एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने फूड प्वाइजनिंग के शिकार छात्रों का जाना हाल बढाया हौंसला

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने शुक्रवार प्रातः महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में फूड प्वाइजनिंग की घटना से प्रभावित चिकित्सारत छात्रों का हाल जाना और बीमार बच्चों से संवाद कर उनका हौसला बढ़ाया तथा परिजनों को हर संभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया।
सीएमएस डॉक्टर एचके मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार प्रातः जिलाधिकारी के निरीक्षण के समय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, मेहरौना में फूड प्वाइजनिंग की घटना में बीमार पड़े 16 छात्र भर्ती थे। बाद में 10 छात्रों को स्वास्थ्य जाँच रिपोर्ट के आधार पर डिस्चार्ज कर दिया गया। वर्तमान समय में 6 छात्र चिकित्सारत हैं।
सभी छात्रों का स्वास्थ्य स्थिर है। डीएम के निर्देशानुसार सभी छात्रों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। जांच रिपोर्ट सामान्य आने की दशा में अन्य छात्रों को भी डिस्चार्ज किया जाएगा।
डीएम के निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉक्टर राजेश झा सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

# मनरेगा योजना में जिम्मेदारों की मेहरबानी से लूट की खुली छूट

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह मंडल गोरखपुर के गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया व कुशीनगर जिले में बिना कोई काम कराए, फर्जी फोटो व फर्जी हाजिरी विभागीय साइट अपलोड किए जाने की खबर हिन्दी दैनिक जन एक्सप्रेस द्वारा निरंतर प्रकाशित किए जाने से उपरोक्त जिलों के भ्रष्टाचारी ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधानों की जहां नींद उड़ा दी है, वहीं अब मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार के शिष्टाचार में मशगूल जिम्मेदार मनरेगा योजना में किए जा रहे भ्रष्टाचार की जांच करने की बजाय भ्रष्टाचारियों से गलबहियां कर रहे हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण गोरखपुर मंडल अंतर्गत देवरिया जिले के देवरिया सदर विकास खंड क्षेत्र के ग्राम सभा सोनूघाट का है जहां बिना कार्य कराए विभागीय साइट पर फर्जी फोटो के साथ सप्ताह भर सैकड़ों मजदूरों की उपस्थिति दर्ज कराई गई है।




### यक्ष प्रश्न – क्या जिम्मेदार नहीं मानते सीएम योगी के भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन का फरमान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा निरंतर भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रशासन कायम रखने का निर्देश प्रदेश से लेकर जिलों के अधिकारियों को दिया जाता है परंतु भ्रष्टाचार की गंगोत्री में डुबकी लगाने के माहिर भ्रष्टाचारी विभागीय जिम्मेदारों द्वारा मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रशासन का मखौल उड़ाना नियति बन गई है।

### चार मस्टरोल से सैकड़ों मजदूरों की अपलोड की गई है फर्जी हाजिरी

देवरिया जिले के विकास खंड देवरिया सदर के तमाम गांवों में गत दिनों मनरेगा योजना के तहत प्रधानों द्वारा कराए जा रहे कार्यों की सत्यता उजागर करने पर क्षेत्र के प्रधानों में खलबली मची हुई है। बताते चलें कि सदर विकास खंड क्षेत्र ग्राम सभा सोनूघाट में पूर्व में कराए गए चकबंध मरम्मत में मिट्टी कार्य के तहत 23 जुलाई 2024 से लगातार चार मस्टरोल के माध्यम से दर्जनों मनरेगा मजदूरों की फर्जी फोटो अपलोड कर उपस्थिति दर्ज कराई जा रही गई है जिसका स्थलीय पड़ताल कर पत्रकारों की टीम ने डीसी मनरेगा सह खण्ड विकास अधिकारी सदर को 30 जुलाई को विभागीय साइट पर अपलोड किए गए फर्जी फोटो व मजदूरों की हाजिरी के संबंध में स्थलीय फोटो उपलब्ध कराकर किया गया था परंतु भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे डीसी मनरेगा सह खण्ड विकास अधिकारी सदर आलोक पाण्डेय ने ग्राम प्रधान द्वारा किए गए भ्रष्टाचार का संज्ञान लेना मुनासिब नहीं समझा और ग्राम प्रधान द्वारा बिना विकास कार्य फर्जी हाजिरी अपलोड करने का सिलसिला अनवरत जारी है।

### डीसी की संलिप्तता को स्पष्ट कर रहा है कार्रवाई ना होना

बताते चलें कि जिले के सदर विकास खंड में कुछ प्रधानों द्वारा मनरेगा कार्य में काफी फर्जीवाड़ा किए जाने की सूचना पर सत्यता की जांच पड़ताल में उक्त फर्जीवाड़े को उजागर किया गया। मनरेगा के बेवसाइट पर अपलोड फोटो सत्यता से अलग पाया गया। बेवसाइट पर अपलोड मनरेगा का फोटो तथा धरातल की सत्यता का फोटो डी सी मनरेगा को उपलब्ध करा दिया गया परन्तु विभाग के जिम्मेदार अधिकारी डीसी मनरेगा द्वारा इस भ्रष्टाचार का संज्ञान नहीं लेना डीसी मनरेगा के भ्रष्टाचार में संलिप्त होना दर्शाता है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### विश्व आदिवासी दिवस पर धुरिया, गोंड समाज का विशाल धरना प्रदर्शन




**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर धुरिया, गोंड समाज ने जाति प्रमाण पत्र के लिए जिला अधिकारी कार्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व मूलवासी गोंडवाना गणतंत्र संस्था के प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ छात्रनेता शिव शंकर गोंड ने किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री द्वारा जाति प्रमाण पत्र के मामले में विशेष ध्यान देने की बात की गई थी, लेकिन इसके बावजूद जिला प्रशासन ने धुरिया, गोंड समाज के जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किए हैं। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष सीताराम गोंड ने किया। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को समाज की समस्याओं के बारे में विस्तार से बताया। प्रदर्शनकारियों ने उपजिला अधिकारी से बिना ज्ञापन के तीखी नोकझोंक की, जिसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा गया। सिटी मजिस्ट्रेट ने आश्वासन दिया कि जल्द ही जाति प्रमाण पत्र के मामले का निस्तारण कर दिया जाएगा। धरना प्रदर्शन में ई. राम अवध गोंड, नरसिंह गोंड, आदित्य गोंड, विक्रांत गोंड, शुभम गोंड, दुर्गेश गोंड, अभिषेक, प्रीतम, अनूप, राज गोंड, पवन कुमार गोंड, रामजश्न, इंद्र गोंड, राकेश गोंड, संदीप, सचिन, आर्यन, गोलू, राहुल, पंडित आयुष पूरी, विकास गोंड, नीतीश गोंड, राममिलन गोंड, आकाश, अरविंदर, सुमित, सूरज, लालबहादुर, खुशीहाल, प्रियांशु राज, बुधिराम, दीपक, अजित, अवनीश, सत्यम, राधेश्याम, रामरतन, मोतीलाल, जीत बहाल, हेमंत, महेंद्र, हरेंद्र, जैनेंद्र, रामायण, राकेश, हरिद्वार, बेचू, रामकरण, ममता देवी, गीता देवी, कुसुम देवी, शिवंशी, प्रतिभा रुकमणी, अंजली, विद्धु, भीम, अजय, और अभिषेक गोंड सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

### बाबू राम नरेश सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में हुई काकोरी शताब्दी पर संगोष्ठी




**जन एक्सप्रेस/चौरी चौरा।** शुक्रवार को बाबू राम नरेश सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज, कोना बरही में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत काकोरी ट्रेन एक्शन की शताब्दी पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेश पति त्रिपाठी ने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन की घटना ने अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए विवश कर दिया था। इस घटना में राम प्रसाद बिस्मिल, चंद्रशेखर आजाद, राजेंद्र लाहिड़ी, रोशन सिंह और अशफ़ाक उल्ला खान जैसे महान क्रांतिकारियों ने अंग्रेजों को चुनौती दी थी। हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के माध्यम से इन क्रांतिकारियों ने अंग्रेजों का खुलकर विरोध किया और जब धन की कमी हुई, तो अंग्रेजी खजाना लूटने की योजना बनाई, जिसमें चार हजार छः सौ रुपये लूटने में सफलता मिली। इसके प्रतिशोध में अंग्रेजों ने इन क्रांतिकारियों को 19 दिसंबर 1927 को फांसी की सजा दी। राम प्रसाद बिस्मिल को गोरखपुर के बिछिया जेल में फांसी दी गई थी।इस दौरान महाविद्यालय के उप प्रबंधक राजेश्वर सिंह, सहायक आचार्य डॉ. बलविंदर प्रजापति, डॉ. नम्रता यादव, राजू प्रजापति, रीना सिंह, गीतांजलि मिश्रा और विकास कुमार ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग के सहायक आचार्य योगेंद्र मौर्य ने किया। इस मौके पर प्रिया, संजना, अंकिता, नेहा, साधना, काजल, नितिन, आकाश, आदित्य, सन्ध्या सहित कई छात्र–छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### बीडीओ ने ग्राम चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्या, किया निस्तारण

**जन एक्सप्रेस/आनन्दनगर महराजगंज।** ग्राम चौपाल में बीडीओ के नेतृत्व में



सुनी ग्रामीणों की समस्याए ।खण्ड विकास अधिकारी धानी मनोज कुमार एवं ज्वाइन्ट बी ग्राम चौपाल गांव की समस्या गांव में समाधान ग्राम सभा बरवाड़ विकास खण्ड धानी खण्ड विकास अधिकारी धानी मनोज कुमार एवं ज्वाइन्ट बी डी ओ मार्कण्डेय पाण्डेय ग्राम सचिव शशिकांत पाण्डेय,ग्राम प्रधान रोहित ,मुकेश यादव ग्राम विकास अधिकारी सचिव ,ए डी ओ पंचायत वीरेन्द्र यादव, राजेश कुमार ए टी डी एलकलचर कृषि विभाग मार्कण्डेय पाण्डेय ग्राम सचिव शशिकांत पाण्डेय,ग्राम चौपाल में ग्रामीणों ने शिकायते किया ।जिसमें ग्रामीणों ने शिकायतें दर्ज कराया। ग्रामीणों के द्वारा कुल चार शिकायत दर्ज किया गया लेकिन एक का निस्तारण करते हुए खण्ड विकास अधिकारी धानी ने कहा कि चौपाल में कर्मचारीयों को साफ – सफाई शौचालय में हमेशा सफाईकर्मी को सफाई होना चाहिए और लगें हुए पेड़ को किनारे पर्यावरण संरक्षण करें। जिससे जीवन सुरक्षा रहे ।उपस्थित कर्मचारी सहायक कंपूटर ऑपरेटर शशिकला, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां ग्राम रोजगार सेवक, सफाईकर्मी मौजूद थे ।ग्राम पंचायत चौपाल सामाधान दिवस बरडाड़ ग्राम प्रधान रोहित ,मुकेश यादव ग्राम विकास अधिकारी सचिव ,ए डी ओ पंचायत वीरेन्द्र यादव, राजेश कुमार ए टी डी एलकलचर कृषि विभाग एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा कार्यकत्री, सफाईकर्मी पंचायत सहायक कम्प्यूटर ,रोजगार सेवक आदि लोगों मौजूद थे।

# गोरखपुर में नाग पंचमी पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**जन एक्सप्रेस | गोरखपुर**

गोरखपुर में नाग पंचमी पर शुक्रवार को घर-घर विभिन्न जगहों और शिव मंदिरों पर पूजा अर्चना की गई । नाग देवता से पूजा कर लोगों ने जीवन में सुख शांति और समृद्धि की कामना की ।
दूध लावा के साथ घर-घर नाग देवता पूजे गए । घरों में पूजा के लिए प्रसाद और खीर भी बनाई गई । मंदिरों में जलाभिषेक के लिए सुबह से ही भीड़ जुटी है । सुबह से ही हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं ।

### मंदिरों में रुद्राभिषेक का आयोजन

अंधियारी बाग स्थित मानसरोवर शिव मंदिर जाफरा बाजार स्थित शिवाला मेडिकल कॉलेज रोड़ स्थित शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों मैं भी भक्तों की भीड़ रही।



### नाग देवता की पूजा से जीवन में सुख समृद्धि शांति और पुण्य की होगी प्राप्ति

हिंदू त्योहारों में नाग पंचमी का विशेष महत्व है नाग शिव भगवान का गले का आभूषण है। नागपंचमी पर जीवन में सुख समृद्धि खेतों में फसलों की रक्षा के लिए नाग देवता की पूजा की जाती है । नाग पंचमी के त्योहार पर नाग देवता के साथ भगवान शिव की पूजा और रुद्राभिषेक करने से जीवन में काल सर्प दोष खत्म होता है । इस दिन नागों का अभिषेक करने वह दूध चढ़ाने से पुण्य की प्राप्ति होती है।

### महादेव झारखंडी एवं मुक्तेश्वर मंदिर में उमड़ी भीड़

पर्व को लेकर गोरखपुर के महादेव झारखंडी मंदिर मानसरोवर मंदिर हुआ मुक्तेश्वर मंदिर सहित सभी शिव मंदिरों पर भोर से श्रद्धालुओं विशेष कर महिलाओं की भीड़ जुटने लगी । भक्तों ने भोलेनाथ को दूध मेवा भांग धतूरा बेलपत्र श्वेत मदार पुष्प गाना आदि अर्पित करने के बाद दूध व जल से रुद्राभिषेक किया ।
महादेव झारखंडी मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष शिवपूजन तिवारी ने बताया कि सुबह से भी हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा का जलाभिषेक किया । राजघाट स्थित मुक्तेश्वर नाथ शिव मंदिर का भी यही हाल रहा । मंदिर के पुजारी रामानंद ने बताया कि यहां पूरे दिन में 15 से 20 हजार श्रद्धालु जल अभिषेक करेंगे ।

## भाजपा की ब्रह्मपुर मंडल की बैठक में 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम की तैयारी पर जोर



**जन एक्सप्रेस | चौरी चौरा**

विकासखंड ब्रह्मपुर कार्यालय में भाजपा के बिशनपुर मटियारा और ब्रह्मपुर मंडल की संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें 13 से 15 अगस्त तक होने वाले %हर घर तिरंगा% कार्यक्रम की तैयारी पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख सुमन यादव ने की। मुख्य अतिथि स्वतंत्र सिंह, जिला मंत्री भाजपा, और विशिष्ट अतिथि बेचनराम, पूर्व विधायक, ने बैठक में शामिल होकर अपने विचार साझा किए। बैठक में प्रमुख नेताओं में राम दयागर निषाद, विधायक प्रतिनिधि; मानवेंद्र कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेता; चंदन मिश्रा; सुग्रीव तिवारी; धर्मेंद्र यादव; भीमराव; संदीप यादव उर्फ कालीया; संदीप मिश्रा; दीपक उपाध्याय; उमेश यादव; देवेंद्र पासवान; अब्दुल हन्नान; अरविंद पासवान; सत्यनारायण; साविर अली; और उमेश निषाद शामिल थे। नेताओं ने %हर घर तिरंगा% अभियान की सफलता के लिए विभिन्न रणनीतियों और योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने स्थानीय समुदाय से सक्रिय भागीदारी की अपील की और राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और एकता की भावना को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया गया और %हर घर तिरंगा% कार्यक्रम के सफल आयोजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

## राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने तरकुलहा में किया पौधरोपण

**जन एक्सप्रेस | चौरीचौरा**

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने शुक्रवार को चौरीचौरा क्षेत्र के प्रसिद्ध तरकुलहा देवी मंदिर में पूजा अर्चना की। पूजा के बाद, उन्होंने तरकुलहा मेले में पौधरोपण किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि देश को हरा-भरा बनाए रखने के लिए सभी को पौधरोपण करना चाहिए। पौधों की सुरक्षा के लिए टी गार्ड भी लगाया गया।इस दौरान ईश्वर चंद जायसवाल और विशाल जायसवाल ने राज्यपाल को शॉल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला प्रमुख संघ के पूर्व अध्यक्ष ईश्वर चंद जायसवाल, विश्व हिंदू परिषद के सह सेवा प्रमुख विशाल कुमार जायसवाल, रामा शंकर शुक्ला, विहिप के विशेष संपर्क



प्रमुख डीके सिंह, चौरीचौरा के पूर्व डिब्बी चेयरमैन गणेश प्रसाद जायसवाल, जेबी महाजन डिग्री कॉलेज के उप प्रबंधक शक्ति जायसवाल, मनीष जायसवाल, दिनेश यादव, काशीनाथ जायसवाल, विवेक जायसवाल, राजू जायसवाल और राजकुमार जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पुलिसिया मेहरबानी से बीच सड़क में अवैध टैक्सी स्टैंड, जाम के झाम से आमजन परेशान

**जन एक्सप्रेस | गोरखपुर**

जहां उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अवैध कारोबारियों और कारोबार पर नकेल कसने का भगीरथ प्रयास कर रही है वहीं प्रशासनिक जिम्मेदारों की मेहरबानी से अवैध कारोबार का जमकर फल फूल रहा है। मामला जिले की आदर्श नगर पंचायत कैंपियरगंज का है जहां नगर के मुख्य चौराहे पर सड़क के बीचोंबीच अवैध टैक्सी स्टैंड का संचालन बेखौफ किया जा रहा है जहां आए दिन लगने वाले जाम के झाम से आमजन का आवागमन दुरुह हो गया है। बिना पड़ाव संचालित किया जा अवैध टैक्सी स्टैंड, जिम्मेदार मौन
शासन के निर्देशानुसार टैक्सी स्टैंड लगाने हेतु बकायदे पड़ाव निर्धारित



किया गया जहां विभिन्न क्षेत्रों में आने जाने वाले आटोरिक्शा,जीप आदि का स्टैंड वसूली की जाती है जिसके लिए बकायदा नगर पंचायतों द्वारा टेंडर जारी किया जाता है या स्वयं विभाग द्वारा स्टैंड वसूली कराईं जाती है परंतु कैंपियरगंज मुख्य चौराहे का मामला कुछ और ही जहां पुलिसिया मेहरबानी से
अवैध टैक्सी स्टैंड सड़क के बीचोंबीच लगाया जाता है।
स्थानीय लोगों ने बताया कि इस अवैध टैक्सी स्टैंड से आए दिन भारी जाम लग जाता है जिससे आमजन का आवागमन बुरी तरह प्रभावित होता है परंतु चौराहे पर मौजूद पुलिसकर्मियों द्वारा अवैध रूप संचालित टैक्सी स्टैंड का संज्ञान नहीं लेना पुलिस की संलिप्तता को उजागर करता है। मामले के संबंध में जानकारी प्राप्त करने हेतु उपजिलाधिकारी के सीयूजी मोबाइल फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन काल रिसीव करना मुनासिब नहीं समझा जो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों की अवहेलना करना है।

## कम्पोजित विद्यालय में काकोरी कांड शताब्दी महोन्सव का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस | आनन्दनगर महराजगंज**

काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी कार्यक्रम के अंतर्गत फरेंदा क्षेत्र के कम्पोजित विद्यालय भगवत नगर परसिया में शुक्रवार को प्रभातफेरी एवं सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन कर आजादी के अमृत महोत्सव का शुभारंभ किया हुआ। बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविन्द कुमार गौड़ ने कहा कि काकोरी कांड देश की स्वाधीनता आंदोलन में अहम भूमिका रखता है।काकोरी ट्रेन कांड के बाद अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिल



गयी थी । आजादी की लड़ाई में क्रांतिकारी गतिविधियों को संचालित करने तथा धन एवं हथियारों की व्यवस्था के लिए नौ अगस्त सन 1925 ई0 को चन्द्रशेखर आजाद के नेतृत्व में स्वाधीनता आंदोलन के क्रांतिकारियों ने काकोरी में अंग्रेजों का खजाना लूटकर ब्रिटिश सरकार को खुलेआम चुनौती दिया था।उसी को लेकर आजादी के अमृत महोत्सव मनाया जा रहा था अब इस कांड के सौ साल पूरा होने पर इस वर्ष हम काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव मना रहे हैं।सुलेख प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्रधानाध्यापक द्वारा पुरस्कृत कर बच्चों में मिष्टान्न वितरण किया गया।इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका तसनीम कौसर , आरती राय,प्रियंका सिंह,प्रियंबदा एवं इन्दू,खुशी,रागिनी , रोली , दिव्या , किंजल,आयुष,अभय , खुशबू , काजल,अंकुश आदि सैकड़ों छात्र


उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

| निविदा सं. | खुलने की तिथि | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | वेबसाइट |
|---|---|---|---|---|
| 96245664 | 02.09.24 | सप्लाई, इंस्टालेशन, कमीशनिंग एंड परीक्षण आफ आटोमेटिक एंड कंप्यूटराइज्ड SCADA । | 06 नं. | www.ireps.gov.in |

सं.: Sr.DMM/NR/TENDER/AT/LKO/24 दिनांक: 09.08.2024 2477/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## पीड़ित ने जान–माल की सुरक्षा के लिए लगाई गुहार

**जन एक्सप्रेस/चौरी चौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के शत्रुघ्नपुर निवासी पवन चौहान ने स्थानीय पुलिस और जन सुनवाई के माध्यम से प्रार्थना पत्र देकर अपनी जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पवन चौहान ने बताया कि वह तरकुलहा मंदिर में व्यापारियों की समस्याओं को समय-समय पर उठाते रहते हैं। बीती रात, कुछ लोगों ने तरकुलहा माता मंदिर जाने वाले रास्ते पर जबरन दुकान लगा दी और रास्ता अवरुद्ध कर दिया। स्थानीय दुकानदार रमेश सैनी की सूचना पर पवन चौहान मौके पर पहुंचे, जहां आधा दर्जन लोग ललकारते हुए जान-माल की धमकी देने लगे। पवन चौहान किसी तरह वहां से जान बचाकर भागे।
पवन चौहान ने आरोप लगाया कि पिछले कई सप्ताह से उन्हें देखकर लोग जान से मारने की धमकी और गालियां देते हैं।

### डीयूडीए को सौंपा गया एक लाख नेशनल फ्लैग बनाने का लक्ष्य, 450 महिलाएं बना रही हैं ध्वज

# गोरखपुर में हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियां जोरों पर



**जन एक्सप्रेस | गोरखपुर**

गोरखपुर में काकोरी ट्रेन कांड शताब्दी महोत्सव हर हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं । इस अभियान के तहत गोरखपुर नगर निगम और 11 नगर पंचायत में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलेगा । इसके लिए जिला नगरीय विकास अभिकरण एक लाख राष्ट्रीय ध्वज तैयार करने में जुटा है । इन ध्वजों को बनाने का कार्य डीयूडीए में रजिस्टर्ड स्वयं सहायता समूह की महिलाएं कर रही हैं जिन्होंने अब तक 30000 झंडा तैयार कर चुकी हैं ।

### डीयूडीए को मिला एक लाख राष्ट्रीय ध्वज बनाने का लक्ष्य

शासन द्वारा डीयूडीए को एक लाख राष्ट्रीय ध्वज बनाने का लक्ष्य दिया गया है ।इनमें से 70,500 झंडे नगर निगम को और 29500 झंडे जिले की 11 नगर पंचायत को दिए जाएंगे ।इन झंडो का आकार 20*30 इंच होगा और एक झंडे को बनाने के लिए स्वयं सहायता समूह को 20 रुपए का भुगतान किया जाएगा ।इस प्रकार एक लाख झंडा बनाने पर इस सहायता समूह की महिलाओं को कुल 20 लाख रुपए का मेहनताना मिलेगा ।

### अब तक बन चुकें है 30 हजार झंडे

हालांकि झंडे को बनाने की लागत को देखते हुए प्रति झंडे पर दो से तीन रुपए की बचत होगी ।इस अभियान में 50 स्वयं सहायता समूह की 450 महिलाएं जुटी हुई है ,और अब तक 30000 झंडा बना चुकी हैं ।उम्मीद है कि 11 अगस्त तक झंडे बनाने का लक्ष्य पूरा हो जाएगा ।ध्वज निर्माण के साथ–साथ उनके वितरण का कार्य भी शुरू हो चुका है ।डीयूडीए गोरखपुर के परियोजना अधिकारी विकास सिंह और शहर मिशन प्रबंधक अभिषेक कौशल श्रीवास्तव ने विभिन्न महिला समूहो के ध्वज निर्माण कार्य का निरीक्षण किया जिसमें सभी समूह की महिलाएं पूरी लगन से झंडा निर्माण कार्य में जुटी हैं।

# सलमान खुर्शीद के खिलाफ लेटर लेकर थाने पहुंचे भाजपाई नेता

## सलमान खुर्शीद पर लगाया बयानों से देश में अराजकता का माहौल पैदा करने का आरोप

जन एक्सप्रेस । आगरा




आगरा-ग्वालियर रोड स्थित थाना सदर में भाजपाइयों द्वारा भाजपा नेता गोविंद चाहर के नेतृत्व में कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद के खिलाफ थाने में तहरीर देकर देशद्रोह की कार्रवाई की मांग की है। भाजपा नेता गोविंद चाहर ने बताया है कि कांग्रेस नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद पुत्र खुर्शीद आलम खान ने विवादित बयान दिया है। जिसे हमने न्यूज चैनलों के माध्यम से देखा है। जिसमें उनके द्वारा कहा जा रहा है कि पहले जनता श्रीलंका में पीएम के घर में घुसी, फिर बांग्लादेश में पीएम के घर में घुसी, अब भारत का नंबर है। जनता पीएम आवास में घुस जाएगी और कब्जा कर लेगी। सलमान खुर्शीद के इस तरह के बयानों से देश में अराजकता का माहौल पैदा हो गया है। और जो भी देश विरोधी ताकतें हैं। कहीं न कहीं उनको बढ़ावा दिया जा रहा है। इस तरह के बयान से साफ हो गया है कि सलमान खुर्शीद भारत की भाषा नहीं बोल रहे। वे अफगानिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। क्योंकि वे अपने वंश को अफगानिस्तान के अफरीदी और खेशगी जनजातियों से जोड़ते हैं। इस तरह के बयान ने बांग्लादेश हिंसा का समर्थन किया है। जिसमें हिन्दुओं के मंदिरों को तोड़ा जा रहा है। उनके घर और प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया जा रहा है। बहन-बेटियों की आबरू को लुटा जा रहा है। भारत में प्रतिबंधित समूह ÷स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया÷ के बचाव पक्ष के वकील के रूप में पेश हो चुके हैं। इससे साफ पता चलता है कि इनकी मानसिकता भारत विरोधी है। भाजपा नेता बोले- ये लोग भारत की खाते हैं और इस्लामिक देशों की बजाते हैं। ऐसे लोगों को भारत में रहने का हक नहीं है। भाजपा नेता ने पुलिस प्रशासन से कांग्रेस नेता के खिलाफ देश द्रोह और गृह युद्ध के लिए भड़काऊ भाषण फैलाने के लिए मुकद्दमा पंजीकृत करके कठोर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। थाना सदर प्रभारी ने बताया है कि मामले में तहरीर आई है और उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है। उच्च अधिकारियों के दिशा-निर्देशन पर ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा।


## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट से निकली प्रभात फेरी

**जन एक्सप्रेस/अम्बेडकर नगर।** जनपद में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव÷ के अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अगुवाई में कलेक्ट्रेट परिसर से भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में विभिन्न विद्यालय/कॉलेज के छात्र-छात्राओं सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, आशा बहुएं, एनसीसी एवं स्काउट गाइड के बच्चे व विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी अपने हाथों में आजादी के नागरिकों के चित्र, देशभक्ति के नारे लिखी पट्टीकाओं एवं देश की आन बान शान तिरंगा लिए सम्मिलित हुए। यह प्रभात फेरी देशभक्ति के नारों एवं वीर स्वतंत्रता सेनानियों के जयघोष के साथ पटेल नगर तिराहा तक निकाली गई। पटेल नगर चौराहा पर सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर जिलाधिकारी अपर जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी तथा अन्य अधिकारियों द्वारा माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों कार्यों को नमन किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी डॉक्टर सदानंद गुप्ता, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवम् नागरीकगण मौजूद रहे।

# मेट्रो स्टेशन पर बजने लगे अलार्म, स्टेशन खाली कराया

## सुरक्षा व्यवस्था परखने के लिए देर रात हुई मॉक ड्रिल

जन एक्सप्रेस । आगरा



ताजमहल मेट्रो स्टेशन पर तैनात सुरक्षाकर्मी ने स्टेशन परिसर में किसी संदिग्ध व्यक्ति के होने की सूचना स्टेशन कंट्रोलर और विशेष सुरक्षा बल के स्टेशन प्रभारी को दी। इसके बाद स्टेशन परिसर में अचानक इमरजेंसी अलार्म बजने लगे। स्टेशन परिसर को खाली कराया। सुरक्षाकर्मियों ने दौड़कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। इसके बाद मेट्रो कर्मी और सुरक्षाकर्मियों के संयुक्त प्रयास से परिसर को खाली कराया गया। ये सब हुआ मेट्रो स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को परखने के लिए मॉक ड्रिल के दौरान। गुरूवार को उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा ताजमहल मेट्रो स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान स्टेशन की पार्किंग में तैनात सुरक्षाकर्मी द्वारा स्टेशन कंट्रोलर और विशेष सुरक्षा बल के प्रभारी को स्टेशन परिसर में किसी संदिग्ध व्यक्ति के प्रवेश करने की सूचना दी गई। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए स्टेशन कंट्रोलर ने ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर को इसकी सूचना दी। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों की तीन टीमें बनाकर संदिग्ध व्यक्ति की तलाश शुरू की गई। स्टेशन कंट्रोलर द्वारा स्टेशन परिसर में इमरजेंसी अलार्म बजाकर स्टेशन परिसर को खाली करने की घोषणा की गई। स्टेशन कंट्रोलर की निगरानी में स्टेशन परिसर को खाली कराया गया। वहीं, सुरक्षाकर्मियों की तीनों टीमों ने मिलकर स्टेशन परिसर की गहनता से जांच कर संदिग्ध को पकड़ा। इसके सभी लोग एक जगह एकत्र हुए और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ऐसी स्थिति में महत्वपूर्ण पहलुओं को लेकर जानकारी दी गई। यूपी मेट्रो द्वारा नियमित अंतराल पर अपातकालीन स्तिथि, फायर फाइटिंग, फर्स्ट एड आदि को मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाता रहा है। इसके साथ ही यूपी मेट्रो द्वारा मेट्रोकर्मियों को निरंतर इन पहलुओं को लेकर ट्रेनिंग भी दी जाती है। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के लिए यात्रियों की सुरक्षा हमेशा ही सर्वोपरि रहा है।

# पर्यावरण को स्वच्छ बनाने हेतु वृक्षारोपण आवश्यक

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर



जनपद की सेवा ही धर्म टीम के संस्थापक अध्यक्ष धर्मवीर सिंह बग्गा के दिशा निर्देश पर आलापुर के समाजसेवी नीरज मौर्य और आदर्श मानव समाज सेवा संस्थान की पूरी टीम ने थानाध्यक्ष जहांगीरगंज अक्षय कुमार के साथ नागपंचमी के शुभ अवसर पर जहांगीरगंज थाना परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर वृक्षारोपण किया समाजसेवी नीरज मौर्य ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले ऑक्सीजन की कमी को देखते हुए हम लोग लगातार वृक्षारोपण का प्रयास करते हैं हर शुभ अवसर पर वृक्ष लगाकर वातावरण को शुद्ध बनाया जाए और ऑक्सीजन की कमी को ही पूरा किया जाए आदर्श मानव समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष घनश्याम ने उपस्थित जनसमूह से करबद्ध निवेदन के साथ कहां की मानव जीवन वृक्षों पर आधारित है बिना वृक्षो के मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है थाना अध्यक्ष अक्षय कुमार ने लोगों से अपील किया कि आप सभी लोग अपने घर पर एक एक पौधारोपण अवश्य करें ।

# कंपनी के खाते से निकाले 77 लाख रुपए

## साइबर फ्रॉड करने वाले गिरोह का एक आरोपी पकड़ा

जन एक्सप्रेस । आगरा



साइबर फ्रॉड करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार या गया है। गिरोह के सदस्य अलग-अलग जगहों पर बैठकर वॉट्सऐप और टेलीग्राम ग्रुपों के माध्यम से लोगों के जुड़ते थे। उनके बैंक खाते की गोपनीय जानकारी लेकर वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क का इस्तेमाल करते थे। आगरा की एक कंपनी के खाते से 77 लाख रुपए से ज्यादा ट्रांसफर कर लिए। निमित मगन ने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि उनकी कंपनी के अकाउंट से 7 और 8 जुलाई को 77 लाख 93 हजार रुपए दो अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए हैं। निमित मगन ने बताया कि उनकी ई-मेल आईडी हैक कर ली गई है। मुकदमा दर्ज करने के बाद साइबर थाने में जांच शुरू की गई। जांच के लिंक उन्हें महाराष्ट्र ले गए। महाराष्ट्र के भिवंडी शहर से आफताब खुर्शीद को गिरफ्तार किया गया। आफताब ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर निमित की कंपनी श्रॉफ सेल्स कॉर्पोरेशन के खाते में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी हैक करते पता कर ली। रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर के सिम को स्वाइप कराते हुए बेनिफिसरी डिटेल जोड़ने के लिए एक ओटीपी प्राप्त किया। उसके बाद कंपनी के अकाउंट पर रजिस्टर्ड मेल आईडी को हैक किया। मोबाइल पर मिले ओटीपी को बाइपास कर अकाउंट की मेल आईडी से फिर से ओटीपी लिया। उसके बाद कंपनी के अकाउंट से पैसे ट्रांसफर किए। इसके लिए आरोपियों ने डार्क वेब और वीपीएन का भी इस्तेमाल किया। 77 लाख में से 60 लाख रुपए का सोना खरीदा। एसीपी हरीपर्वत आदित्य कुमार ने बताया कि जांच में पता चला है कि इस गिरोह के तार सिलिगुड़ी और मुंबई तक फैले हैं। संभवत÷ गिरोह के सदस्य इन जगहों पर हों। जल्द ही गिरोह के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

## सिम्बायोसिस के एमबीए प्रोग्राम के लिए एसएनएपी टेस्ट 2024 की एडमिशन विंडो खुली

जन एक्सप्रेस । आगरा

सिम्बायोसिस नेशनल एप्टीट्यूड टेस्ट (एसएनएपी ) 2024 के माध्यम से सिम्बायोसिस एमबीए प्रोग्राम के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अब आधिकारिक रूप से शुरू हो गई है। इस बेहद प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षा ने 5 अगस्त 2024 से अपनी एडमिशन विंडो खोल दी है। वे छात्र को इस परीक्षा के ज़रिए सिम्बायोसिस एमबीए प्रोग्राम में प्रवेश पाना चाहते हैं, वे एसएनएपी की ऑफिशियल वेबसाईट पर विज़िट कर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया, योग्यता के मानकों पर विवरण एवं अन्य ज़रूरी जानकारी पा सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि परीक्षा का शहर, और परीक्षा की दिनांक का आवंटन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। 2024 के लिए एसएनएपी कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट का आयोजन तीन दिनांकों मैं 8 दिसम्बर 2024 (रविवार), 15 दिसम्बर 2024 (रविवार) और 21 दिसम्बर 2024 (शनिवार) को होगा। परीक्षा के परिणमों की घोषणा 8 जनवरी 2025 (बुधवार) को की जाएगी। आगामी परीक्षा के माध्यम से उम्मीदवार एक ही फॉर्म के साथ सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) के 17 संस्थानों में 27 प्रोग्रामों के लिए आवेदन कर सकते हैं। सिम्बायोसिस इंटरनेशनल युनिवर्सिटी में हम छात्रों को उद्योग जगत की ज़रूरत के अनुसार प्रोफेशनल्स के रूप में तैयार करते हैं, जो इनोवेटिव हों और समस्याओं के समाधान में सक्षम हों। एसएनएपी उन्हें ऐसे संस्थान में प्रवेश का मौका देता है, जहां वे मैनेजमेन्ट में बेहतरीन करियर बनाने के लिए उचित प्रशिक्षण पा सकते हैं।

# डीएम ने स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किए जा रहे झण्डा निर्माण कार्य को परखा

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़



जिलाधिकारी ने शुक्रवार को हर-घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए झण्डा निर्माण में लगे स्वयं सहायता समूहों के कार्य का जायजा लिया। जिले में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में 06 लाख एवं शहरी क्षेत्र में 1.45 लाख झण्डों का निर्माण कराया जा रहा है। जिलास्तर से ऑर्डर मिलते ही ग्रामीण एवं शहरी आजीविका मिशन के समूहों द्वारा झण्डा निर्माण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। शासन की प्राथमिकता के अनुरूप सभी स्वयं सहायता समूह निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने में जुट गये हैं। इस कार्य के लिए शासन स्तर से समूहों को पारिश्रमिक भी उपलब्ध कराया गया है। जिलाधिकारी विशाख जी ने लोधा ब्लॉक के ताजपुर रसूलपुर में ''जय माता'' स्वयं सहायता समूह का निरीक्षण किया। समूह की मुखिया ममता ने बताया कि सभी 11 महिला सदस्य मिलकर प्रतिदिन 700-750 तिरंगा झण्डे बना रही हैं। डूडा द्वारा गठित रामश्री क्षेत्र स्तरीय समिति द्वारा बरौरा बाईपास रोड पर झण्डा निर्माण कार्य का भी जिलाधिकारी द्वारा अवलोकन किया गया। पीओ डूडा कौशल कुमार ने बताया कि 04 क्षेत्र स्तरीय समिति एवं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत गठित 28 समूहों द्वारा झण्डे बनाए जा रहे हैं। पीडी डीआरडीए भाल चन्द त्रिपाठी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में 128 महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा झण्डों का निर्माण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान झण्डा निर्माण की गुणवत्ता को परखते हुए समय से लक्ष्य के अनुरूप झण्डा निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होंने झण्डा निर्माण में बरती जाने वाली सावधानियां एवं राष्ट्र ध्वज के मानकों से भी विस्तृत रूप से समूहों की महिलाओं को अवगत कराया।

## काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न कायर्क्रमों का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रो0 अनुराधा गुप्ता जी के निर्देशन में हुआ। चित्रकला विभाग व एन0सी0सी0 की छात्राओं द्वारा संयुक्त रूप से काकोरी घटना को चित्रों के माध्यम से दशार्या गया। जिसमें प्रथम स्थान पर कौशिकी भारद्वाज, द्वितीय स्थान पर स्वाती एवं तृतीय स्थान पर आरती लोधी रहीं। निणार्यक मण्डल में डॉ0 नीलम कान्त अध्यक्ष चित्रकला विभाग एवं प्रो0 अनुराधा गुप्ता अध्यक्ष अथर्शास्त्र विभाग रहीं। राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें निणार्यक मण्डल में प्रो0 अनुराधा गुप्ताए डॉ0 कुमारी अनुपमा एवं डॉ0 चंचल देवी रहीं जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमश÷ इकरा बी0ए0 तृतीय सेमेस्टर तनु जादौन बी0कॉम पंचम सेमेस्टर एवं प्रीति बी0ए0 तृतीय सेमेस्टर रहीं। निबंध प्रतियोगिता के निणार्यक मण्डल में प्रो0 शिखा श्रीधर एवं डॉ0 नीलम सिंह रहीं जिसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान क्रमश÷ तान्या रितु एवं रचना ने प्राप्त किया।

**कृमि मुक्ति अभियान : स्वस्थ भविष्य की ओर एक कदम**

# आज से खिलाई जाएगी कृमि मुक्ति दवा

जन एक्सप्रेस । आगरा




राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत शनिवार से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान शुरू होगा। इसके तहत जिले के निजी एवं सरकारी विद्यालयों और आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरूण श्रीवास्तव ने बताया कि कृमि संक्रमण कुपोषण का एक बहुत बड़ा कारण है। पेट के कीड़े संक्रमित व्यक्ति के शरीर से पोषण लेते है , इसके कारण अच्छा पौष्टिक भोजन देने के बाद भी बच्चा कुपोषित रहता है। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी के अधिकारियों से अभियान में सहयोग करने व जनपदवासियों से बच्चों को अभियान के दौरान दवा खिलाने की अपील की है, कृमि मुक्ति अभियान बच्चों को स्वस्थ रखने की दिशा में एक कदम हैं। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. संजीव वर्मन ने बताया कि एक से 19 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों और किशोरों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए प्रदेश में वर्ष में दो बार अभियान चलाया जाता है। इस वर्ष भी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (10 अगस्त) के अवसर पर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर कृमि मुक्ति के लिए 24.27 लाख बच्चों व किशोरों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी।दवा खाली पेट नहीं खानी है। दवा खाने के बाद उल्टी दस्त या मिचलाने की समस्या हो तो घबराने की बात नहीं है। जिला सामुदायिक प्रक्रिया समन्वयक डॉ. विजय सिंह ने बताया कि इस अभियान को आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्कूलों के सहयोग से चलाया जायेगा। 01 से 05 वर्ष तक के सभी पंजीकृत बच्चों को, 6 से 19 वर्ष तक के स्कूल न जाने वाले बच्चों, ईट भट्ठों पर कार्य करने वाले और घुमन्तू लाभार्थियों को आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता के माध्यम से दवा खिलाई जाएगी। इसके अलावा सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों, मदरसों में शिक्षकों के माध्यम से और किशोर जुबेनाइल होम में प्रभारी अधीक्षक के माध्यम से 06 से 19 वर्ष तक के बच्चों को दवा खिलाई जाएगी। डीसीपीएम ने बताया कि अभियान के बाद 14 अगस्त को जनपद में मॉप अप राउंड चलाया जाएगा। इसमें स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों पर कृमि मुक्ति दिवस के दिन जो लाभार्थी अनुपस्थित रहने या किन्हीं अन्य कारणों से दवा खाने से वंचित रह जायेंगे। उनकी सूची तैयार कर मॉप अप राउंड में दवा खिलाई जाएगी।

## बस ने स्कूली बच्चों को रौंदा, एक की मौत

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** शुक्रवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। सवारियों से भरी तेज रफ्तार डग्गामार बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिर गई। हादसे में सड़क किनारे साइकिल से चल रहे स्कूली बच्चे बस की चपेट में आ गए, जिसके चलते एक स्कूली बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही तीन अन्य बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। जानकारी होने पर आसपास के ग्रामीण और परिजन भी पहुंचे। गुस्साए लोगों ने बस में तोड़फोड़ कर और जाम लगा दिया। पुलिस ग्रामीणों को समझाने के प्रयास में जुटी हुई है। थाना फतेहाबाद क्षेत्र के बाह मार्ग स्थित बाबा की तिवरिया पर बाह की तरफ से आ रही तेज रफ्तार सवारीयों से भरी बस अचानक अनियंत्रित हुई और खाई में पलट गई। स्कूल की छुट्टी होकर घर वापस लौट रहे बच्चे जो कि सड़क किनारे चल रहे थे। अनियंत्रित बस की चपेट में आ गए। हादसे में स्कूली छात्र सौम्य पुत्र देव शंकर उम्र 8 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अन्य तीन बच्चे घायल हुए हैं।

## हिंदूवादियों ने मार्च निकालकर किया विरोध प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** बांग्लादेश में तख्ता पलट के बाद हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और उनके कत्लेआम के विरोध में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने अचल ताल से दुबे के पड़ाव तक मार्च निकाल शबांग्लादेश सरकार होश में आओश् के नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही एसीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप कर भारत सरकार द्वारा उचित कदम उठाकर बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं और उनके प्रतिष्ठानों की सुरक्षा दिलाए जाने की मांग की। पिछले दिनों बांग्लादेश में सरकार का तख्ता पलट होने के बाद जो अराजकता फैली है।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **30.08.2024** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदाकर्ता निविदा फॉर्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड व क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जाएगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, डिपॉजिट रसीद एफ.डी.आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना सं. | 08002024 दिनाक 08.08.2024 | | |
| कार्य का नाम | सहायक मंडल इंजीनियर प्रतापगढ़ के अधीन जंघई जफराबाद सेक्शन में KM 10/15-16 पर अतिक्रमण के बदले RUB का प्रावधान का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹4,97,16,304.72 | धरोहर राशि | ₹3,98,600/- |
| कार्य समापन की अवधि | स्वीकृत पत्र की तिथि से 08 माह | वेबसाइट www.ireps.gov.in | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 16.08.2024 | | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 30.08.2024 को 15:00 बजे | | |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। **2470/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# फ्लाईरोब ने आगरा में एक नए रेंटल फैशन स्टोर का उद्घाटन किया

जन एक्सप्रेस । आगरा



अग्रणी फैशन रेंटल प्लेटफॉर्म फ्लाईरोब ने भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति का और विस्तार करते हुए आगरा में अपना नया स्टोर खोला। एलोरा एन्क्लेव, दयालबाग में स्थित, यह स्टोर आगरा के फैशन के प्रति जागरूक लोगों को एक अद्वितीय खरीदारी अनुभव प्रदान करने का वादा करता है।

फ्लाईरोब की सीईओ आंचल सैनी ने आगरा स्टोर लॉन्च को लेकर अपने विचार साझा करते हुए कहा, आगरा में फ्लाईरोब के नए रेंटल फैशन स्टोर का उद्घाटन हमारे लिए एक नए अध्याय की शुरूआत है क्योंकि हम एक नए राज्य में बिजनेस करने जा रहे हैं और अपने टिकाऊ फैशन रेंटल मॉडल को टियर 2 शहर में ला रहे हैं। आगरा की परंपरा और आधुनिकता का मिश्रण इसे हमारे अगले स्टोर के लिए एक आदर्श स्थान बनाता है। हम आगरा के लोगों को एक अच्छा फैशन अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो स्थिरता का समर्थन करता है और साथ ही यह किफायती भी है। यह स्टोर लग्जरी फैशन को सभी के लिए पर्यावरण-अनुकूल विकल्प बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

फ्रैंचाइज़ स्टोर की मालिक श्रीमती पल्लवी अनुज अग्रवाल ने नए उद्यम पर टिप्पणी करते हुए कहा, आगरा में फ्लाईरोब स्टोर खोलना एक सपने के सच होने जैसा है। मैं हमारे शहर में फैशन रेंटल की अवधारणा को पेश करने के लिए उत्साहित हूं, जहां परंपरा आधुनिक शैली से मिलती है। यह स्टोर आगरा के निवासियों को टिकाऊ तरीके से उच्च गुणवत्ता वाले फैशन का आनंद लेने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा। मैं ग्राहकों का स्वागत करने और उनके खास पलों के लिए सही पोशाक ढूंढने में उनकी मदद करने के लिए उत्सुक हूं।

नया स्टोर डिज़ाइनर कपड़ों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करेगा, जिससे यह सभी तरह की फैशन आवश्यकताओं के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन बन जाएगा। अपने अनूठे रेंटल मॉडल के साथ, फ्लाईरोब का लक्ष्य आगरा में लोगों के फैशन के प्रति दृष्टिकोण में एक बड़े बदलाव को लेकर लाना है। फ्लाईरोब पर रेंटल की प्रक्रिया जितनी सुविधाजनक है उतनी ही स्टाइलिश भी है। ग्राहक अपने पसंदीदा फैशन पीस को 4 दिनों की अवधि के लिए किराए पर ले सकते हैं, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि उनके पास किसी भी कार्यक्रम के लिए हमेशा सही पोशाक हो। स्टोर एक परीक्षण सुविधा भी प्रदान करता है, जिससे ग्राहक यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि पोशाक घर ले जाने से पहले पूरी तरह से फिट हो। इसके अलावा, फ्लाईरोब फ्री साइज कस्टमाइजेशन प्रदान करता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि कपड़ा आपको पूरी तरह से फिट आए।

# सपा और कांग्रेस नेता लगाये मुकद्मे को वापस लेने को लेकर प्रदर्शन



जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

क्वार्सी इलाके के नगला पटवारी बरौली बाईपास पर 7 अगस्त दोपहर दुर्घटना में हुई मौत के बाद जाम लगाने में पुलिस द्वारा कांग्रेस-सपा नेताओं सहित सौ लोगों पर मुकदमा दर्ज किये जाने के विरोध में दर्जनों महिलाओं और पुरूषों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया और मुकदमा वापस लिए जाने को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञात हो कि 7 अगस्त को मंजूरगढ़ी की महिला रोशनी अपने पति संग बाइक पर मायके शाहजमाल जा रही थी। तभी दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। इस दुर्घटना में लोगों ने जाम लगाया। करीब तीन घंटे तक जाम लगा और किसी तरह समझाकर खुलवाया। पुलिस की ओर से जाम लगाने, सरकारी कार्य में बाधा डालने में कांग्रेस नेता आगा यूनुस, सपा नेता काशिफ आब्दी, दिलवहार, गुलवहार, जाहिद, शाहरुख, शेरा उर्फ अफसर, समीर, वामिक, गुलफाम आदि नामजद किए हैं और सौ सहित अन्य खिलाफ , पुलिस ने थाना क्वार्सी में मुकद्मा दर्ज किया था।

# राज्यमंत्री ने जिले में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह का किया शुभारम्भ

- लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण को देखा एवं सुना गया
- राज्यमंत्री ने गांधी सभागार में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





आज काकोरी ट्रेन एक्शन कांड की शताब्दी महोत्सव के अवसर पर काकोरी ट्रेन एक्शन के महान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों को याद किया गया, क्योंकि आज ही के दिन 9 अगस्त 1925 को सहारनपुर लखनऊ आठ डाउन पैसेंजर ट्रेन में सरकारी खजाने व हथियारों को क्रांतिकारियों ने लूटकर ब्रिटिश सरकार को मुंहतोड़ जवाब दिया था। आज 9 अगस्त 2024 को काकोरी ट्रेन एक्शन को 100 वर्ष पूर्ण होने की वर्षगांठ पर काकोरी के शहीदों, पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, रोशन सिंह, राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी व अन्य क्रान्तिकारियों की स्मृति में दामोदर दास पार्क से साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया रैली को जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रैली में छात्र छात्राएं काकोरी ट्रेन एक्शन कांड से संबंधित नारे लिखे तख्तियां लेकर चल रहे थें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ऋतु पूनिया, मुख्य विकास अधिकारी के.के.सिह, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ अचल कुमार, संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। रैली दामोदर दास पार्क से सुनगढ़ी होते हुए ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में पहुंची जहां रैली का समापन किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ अचल कुमार मिश्र ने छात्र छात्राओं को काकोरी ट्रेन एक्शन कांड के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ विजय बर्धन तोमर ने भी अपने संबोधन में छात्र छात्राओं को शहीदों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आज हमें आजादी जो मिली है वह महान क्रांतिकारियों के बलिदान से मिली है हमें उनके आदर्श पर चलकर देश को एक नई दिशा देना है। इसके साथ ही प्रातः 10:00 बजे शहीद दामोदर दास पार्क स्थल पर पहुंचकर जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानन्द, जिला पंचायत अध्यक्षा डॉ0 दलजीत कौर, जिलाधिकारी संजय कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी ने शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किये व उनको याद किया गया तथा राष्ट्रधुन का वादन किया गया। तिरंगे के 100 गुब्बरों को उड़ाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। ऑडिटोरियम में विधिवत कार्यक्रम शुभारम्भ के उपरान्त लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सम्बोधन को देखा व सुना गया। इस अवसर पर काकोरी ट्रेन एक्शन की लघु फिल्म का प्रदर्शन भी गांधी सभागार में किया गया। इसके उपरान्त राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें उद्योग उ0प्र0 संजय सिंह गंगवार व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानन्द, जिला पंचायत अध्यक्षा डॉ0 दलजीत कौर व चेयरमेन आस्था अग्रवाल ने स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इसके साथ स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को शाल ओढ़ाकर एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अन्त में जनप्रतिनिधियों, जिलाधिकारी एवं अधिकारियों द्वारा आर0आई0 परिसर में पौधों का रोपण किया गया।

# पेट्रोल से जलाई गई महिला की ट्रॉमा सेंटर में मौत

- बसिरहां गांव में पुत्री के प्रेमी ने महिला पर पेट्रोल डालकर लगाई थी आग

जन एक्सप्रेस । जौनपुर


प्रेमिका की मां को पेट्रोल डालकर जलाने का आरोप

बेटी से बात करने से मना करने पर प्रेमी ने उठाया खौफनाक कदम

पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का किया निरीक्षण

सरपतहां थाना क्षेत्र के बसिरहां गांव में गुरुवार भोर में पेट्रोल डालकर जलाई गई महिला की दूसरे दिन वाराणसी ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पविदा बिंद पत्नी लालजी के ऊपर भोर में उसके पुत्री के प्रेमी मटियरा निवासी विनय उर्फ अंगद ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। आरोपित पीड़िता के ऊपर अपनी पुत्री से मिलने जुलने से मना करने से काफी नाराज था। पीड़िता आरोपित को कई बार डांट भी चुकी थी। लेकिन जब इसके बाद भी आरोपित विनय अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो उसने अपनी पुत्री को रिश्तेदारी भेज दिया। यह बात आरोपित विनय को काफी नागवार गुजरी। पीड़िता के गांव में ही उसका ननिहाल था। घटना वाली रात वह आठ बजे ही पूरी प्लानिंग के साथ ननिहाल आ गया था। भोर में जब सभी सो रहे थे वह पीड़िता के घर मे पिछवाड़े से छत के सहारे घुस गया और गहरी नींद में सो रही पविदा पर पेट्रोल डालकर जलती हुई माचिस की तीली डालकर भाग गया। भागते समय पीड़िता ने उसे देख लिया था।

> "महिला की मौत के बाद आरोपित के विरुद्ध दर्ज मुकदमे को हत्या के मुकदमे में परिवर्तित कर दिया गया है। आरोपित को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।
> – अजित सिंह चौहान
> क्षेत्राधिकारी, शाहगंज

## स्टीयरिंग फेल होने से ट्रैक्टर ट्रॉली हुई दुर्घटनाग्रस्त एक दर्जन कांवड़िया हुए घायल



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बीसलपुर।** कछला से गंगाजल लेने जा रहे बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खकूमा के कावड़ियों की ट्रैक्टर ट्राली चौवारी पुल के पास स्टेरिंग फेल हो जाने से दुर्घटना ग्रस्त हो गई। जिसमें एक दर्जन कांवडिया घायल हो गए। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खकूमा के 95 कावड़ियों का जत्था ट्रैक्टर ट्राली के द्वारा बृहस्पतिवार की शाम को कछला से गंगाजल लेने जा रहा था। ट्रॉली पर डीजे बज रहा था। भगवान शिव के भजनों को सुनते हुए कावड़िया बैठे हुए थे। चालक वीरपाल ट्रैक्टर को चल रहा था। चौवारी पुल के पास ट्रैक्टर का पावर स्टीयरिंग अचानक फेल हो गया। चालक ने ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास किया परंतु वह सफल नहीं हो पाया। मार्ग के डिवाइडर से टकराकर ट्रैक्टर ट्राली दुरटनाग्रस्त हो गई। जिससे उस पर सवार कांबडिया अमन, सुनील, अरविंद, अखिल, संजीव, अमित सहित एक दर्जन कांवड़िये घायल हो गए। हादसे की जानकारी होते ही कछला घाट पर सुरक्षा के लिए लगाई गई पुलिसमौके पर पहुंच गई। घायलों को सुरक्षित ट्रैक्टर ट्राली से बाहर निकला गया। ट्रैक्टर ट्राली बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। बाद में उसे क्रेन द्वारा सड़क से हटाकर मार्ग का आवागवन सुचारू किया गया। सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

## बीआरसी कार्यालय में खंड शिक्षाधिकारी ने ली शिक्षकों की बैठक

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बीसलपर।** बीआरसी में शिक्षक संकुल की मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु आवश्यक जानकारी दी गयी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी हर्षित शर्मा ने आवश्यक निर्देश दिए। विद्यालयों के सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल गोली को खिलाया जाना है। इसके विषय में सम्पूर्ण जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीसलपुर से गोकरन कुमार ने दी। अस्पताल से आईं सुजाता देवी ने बताया कि बच्चों को आयरन की गोली सप्ताह में एकबार अवश्य खिलाएं। कक्षा 6 से 8 तक की लड़कियों को 1 सैनिटरी पैड माह में 1 बार दें। जोकि बी आर सी पर उपलब्ध करा दी हैं। खण्ड शिक्षा अधिकारी हर्षित शर्मा ने राष्ट्रीय आय योग्यता आधारित परीक्षा के लिए अधिक से अधिक नामांकन कराने को कहा। उन्होंने इंसपाएर अवार्ड में भी नामांकन कराने को कहा। उन्होंने कहा किसी भी समस्या के लिए मुझसे या एआरपी से किसी भी समय सम्पर्क कर सकते हैं।

# समाजवादी पार्टी का छात्र एवं नौजवान जागरूकता सदस्यता अभियान प्रारंभ

- प्रदेश से पहुंचे कार्यक्रम प्रभारी जिला कार्यालय पहुंचकर दी जानकारी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



समाजवादी छात्रसभा का जागरूकता अभियान आज 9 अगस्त को प्रस्तावित प्रेस कांफ्रेस के साथ प्रारंभ हुआ जिसका समापन 7 सितंबर को होगा जिसमे जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में जागरूकता एव सदस्ता कार्यक्रम चलाया जाएगा ये जानकारी प्रदेश से प्रभारी के रूप मे पहुंचे मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम मेवाती एव जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने सयुंक्त रूप से प्रेस कांफ्रेस कर दी जिसमे युवा फंटल संगठन के जिलाध्यक्ष भी उपस्थित रहे प्रभारी वसीम मेवाती ने कहा सभी कार्यक्रम जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की अगुवाई में होंगे जिसमे युवा प्रकोष्ठों के सभी पदाधिकारी उनका सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाएगे जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा के अनुसार ÷विवि एवं महाविद्यालयों से जागरूकता अभियान के तहत शिविर लगा छात्रों से संपर्क व पर्चा वितरण किया जाएगा सदस्यता अभियान चलाया जाएगा इसमे छात्र नौजवान सम्मेलन में शिक्षकों को सम्मान होगा विवि एवं महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं से संकल्प पत्र भराया जाएगा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण कार्यक्रम लोकतंत्र में मौजूदा हालात में छात्रों की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी छात्रसंघों की समसामाजिक उपयोगिता पर संगोष्ठी होगी कार्यक्रम प्रभारी वसीम मेवाती, इमरान अहमद सिद्दीकी,अरशद दद्दा,हर्ष सोमवशी ने सयुंक्त रूप से बताया कि छात्र जागरूकता कार्यक्रम को कामयाब बनाने के लिए सभी युवा प्रकोष्ठों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई है साथ ही प्रदेश से जागरूकता कार्यक्रम के प्रभारी एव सह प्रभारी बनाया गया है जिससे कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके इस दौरान युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्षों ने भी अपने विचार रखे प्रेस कांफ्रेस के दौरान प्रमुख रूप से, नरेंद्र मिश्रा कट्टर जिला उपाध्यक्ष,बालक राम सागर जिला उपाध्यक्ष ,अमित पाठक जिला प्रवक्ता, इमरान अहमद सिद्दीकी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड ,श्री मेवाती वसीम चौधरी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, लखविंदर सिंह पन्नू राष्ट्रीय सचिव यूथ ब्रिगेड, कमलेश कुमार पाल जिला सचिव, संजय सिंह यादव विधानसभा अध्यक्ष 129 आशीष सिंह चौहान जिला उपाध्यक्ष लोहिया वहिनी , संजय सिंह यादव 129अध्यक्ष पुरनपुर, रियाज खान जिला अल्पसंख्यक सभा, ज्योति प्रकाश शुक्ला जिला अध्यक्ष अधिवक्ता सभा, शिशिर यादव ,इमरान कादरी, इस्लाम खान ,नवी अहमद, चंद्र प्रकाश यादव , इमरान कादरी, शाहिद अंसारी, इस्लाम ,जगपाल गुप्ता ,सलीम इत्रीसी नगर अध्यक्ष, संजीव शर्मा, मोहम्मद कामिल नसरुद्दीन आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहें।

## विजेता खिलाडियों को राज्यमंत्री ने वितरित किए पुरस्कार

**पीलीभीत।** हर घर तिरंगा अभियान 2024 एवं काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के अवसर पर जिला स्तरीय कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन आज गांधी स्टेडियम पीलीभीत में किया गया। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण संजय सिंह गंगवार माननीय राज्य मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिल उत्तर प्रदेश सरकार के करकमलो द्वारा किया गया। इस अवसर पर जयवीर सिहं जिला क्रीड़ा अधिकारी पीलीभीत, जिला फुटबाल संघ अध्यक्ष कपिल देव, जिला फुटबॉल सचिव सुरेश कौशल, जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष अनिल महेंद्रु, जिला वालीबाल संघ सचिव राजेश शुक्ला, सह सचिव प्रशांत शुक्ला, कबड्डी संघ सचिव गुरमेज, ब्लॉक प्रमुख लोरी खेड़ा, हॉकी कोच प्रगति, फुटबॉल खिलाड़ी गीता देवी बीनू गंगवार, तैराकी की कोच आकाश आदि मौजूद रहें।

# जौनपुर में कोर्ट से लॉकअप ले जाते समय हत्या का आरोपी पुलिस हिरासत से फरार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले के सिविल कोर्ट परिसर से शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर लाकअप ले जाते समय सपा सभासद व प्लाटर बाला लखन्दर हत्या कांड का आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक ने फरार आरोपी को पकड़ने के लिए कई टीमें गठित करके रवाना कर दिया है। बस स्टेशन , रेलवे स्टेशनों पर संघन तलासी की जा रही है,मड़ियाहू रेलवे स्टेशन पर मुंबई जाने वाली गोदान ट्रेन की तलासी ली गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जिले में एक फरवरी 2021 की रात करीब साढ़े आठ बजे अज्ञात बदमाशों ने सिटी स्टेशन के प्लेट फॉर्म नम्बर एक पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर सैदनपुर गांव के निवासी व सपा सभासद बाला लखन्दर यादव की हत्या कर दिया था, परिवार वालो की तहरीर पर पुलिस ने मड़ियाहूं के ब्लाक प्रमुख समेत 3 लोगो के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू किया था। जीआरपी पुलिस की जांच में बाला को मौत की हत्या करने वाला सैदनपुर गांव के निवासी ओमचंद्र गुप्ता उर्फ पवन , उमेश गौड़ , मडियाहू थाना क्षेत्र के रामपुरनदी गांव के निवासी रितेश सिंह और महाराष्ट्र के शोलापुर के जयदीप प्रकाश गायकवाड़ का नाम प्रकाश को 10 फरवरी 2021 को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था, आज जयदीप प्रकाश गायकवाड़ को जेल से दीवानी न्यायालय में पेशी के लाया गया था, वह कोर्ट में पेश होने के पश्चात लाकअप पर जाते समय पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। मुल्जिम के भागने की खबर मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया।

**एसपी ने लापरवाह न्यायालय सुरक्षा प्रभारी को किया निलंबित**

एसपी डॉ. अजय पाल शर्मा ने दीवानी न्यायालय जौनपुर सुरक्षा प्रभारी अमित सिंह को लापरवाही निलंबित कर दिया साथ ही ड्यूटी में तैनात और पुलिसकर्मियों पर भी सकती है कार्यवाही।

**आरोपी को पकड़ने के लिए टीम गठित किया**

पुलिस अधीक्षक (एसपी) डॉ अजयपाल शर्मा ने फरार आरोपी को पकड़ने के लिए कई टीमें गठित करके रवाना कर दिया है, बस स्टेशन , रेलवे स्टेशनों पर संघन तलासी की जा रही है,मड़ियाहू रेलवे स्टेशन पर मुंबई जाने वाली गोदान ट्रेन की तलासी ली गई। इसके साथ ही मुलजिम को लॉकअप से कोर्ट ले जाने वाले सिपाहियों के विरुद्ध लाइन बाजार थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है उनके विरुद्ध शीघ्र ही प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पड़ोसी युवक पर युवती को भगा ले जाने का केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के एक गांव में पड़ोसी युवक के द्वारा युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। युवती की माता के द्वारा दी गई नामजद तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दिया है। उक्त गांव निवासी युवती की माता का आरोप है कि उसकी पुत्री स्नातक की छात्रा है। गत छह अगस्त को वह घर से कालेज जाने के लिए निकली थी। आरोप लगाया कि पड़ोसी अरुण कुमार उसे बहला फुसलाकर कर कहीं भगा ले गया। उसने युवती के साथ किसी अनहोनी घटना की भी आशंका जाहिर किया है।

### फोन पे का लॉक खोलते ही खाते से 75 हजार गायब

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के कोकना मलिक पट्टी गांव निवासी युवक के मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति के द्वारा फोन पे लाक खोलने के लिए कहे जाने पर उसने ज्यों लाक खोला खाते से 75 हजार रुपए उड़ गए। बाद में वह उसी नंबर पर फोन करता रहा लेकिन नंबर नहीं लगा। तब उसे ज्ञात हुआ कि वह ठगी का शिकार हो गया।उसने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की है। गांव निवासी रामबरन के बेटे की शादी तय है।अभी तिथि निश्चित नहीं हुई है। वह शादी के लिए पैसे इकट्ठा कर खाते में जमा कर रहा था। गुरुवार की शाम उसकी मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। उसने कहा कि हम आपके बेटे का दोस्त बोल रहा हूं। आप अपने फोन पे का लाक खोलिए पैसा भेजना है। लाक खुलते ही जालसाज ने खाते से 75 हजार उड़ा दिया। मोबाइल पर डेविड का मैसेज देखते ही उनके होस उड़ गए।

### आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। मडियाहू कोतवाली क्षेत्र के भवानीपुर देवापार निवासी एक व्यक्ति आकाशीय बिजली गिरने से गंभीर रूप से झुलस गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि भवानीपुर देवापार निवासी श्री नारायण पटेल पुत्र रामराज 60 वर्ष शुक्रवार को सुबह अपने धान के खेत में मौजूद थे। इसी समय तेज गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने से झुलस गए। परिजन उन्हें उठाकर अस्पताल ले जा रहे थे रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### ई-लाटरी से कृषि यंत्रों हेतु कृषकों का हुआ चयन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित 15 सदस्यीय जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति की निगरानी में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में फसल अवशेष प्रबंधन योजनान्तर्गत तीन कस्टम हायरिंग सेंटर लक्ष्य के सापेक्ष कृषि यंत्रों हेतु ई-लाटरी के माध्यम से तीन कृषको का पारदर्शी तरीके से चयन किया गया। एलईडी लगाकर पहले किसानों को डेमो के रूप में मार्क ड्रील करके दिखाया गया फिर ई-लाटरी द्वारा विकास खण्ड करंजाकला, बरसठी एवं रामनगर से एक एक किसान का चयन किया गया। कार्यक्रम का संचालन उप परियोजना निदेशक आत्मा डा0 रमेश चंद्र यादव ने किया। पारदर्शी तरीके द्वारा ई-लाटरी से कृषि यन्त्रो हेतु कृषको के चुनाव की प्रक्रिया को किसानों ने सराहा। इस मौके पर जिलाधिकारी की प्रतिनिधि के रूप में डीडी एजी हिमांशु पांडेय, जिला कृषि अधिकारी विनय सिंह, जिला उद्यान अधिकारी डा0 सीमा सिंह राणा, डीआईओ एनआईसी, एलडीएम, जिला गन्ना अधिकारी सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

## जिले में हैं वक्फ बोर्ड की 857 संपत्तियां

जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर

जिले में वक्फ बोर्ड की काफी संख्या में संपत्तियां हैं। इन संपत्तियों में से कई पर कब्जे की भी बात कही जा रही है। फिलहाल जिले में वक्फ बोर्ड की 857 संपत्तियां हैं। इनमें सोनभद्र जिले की भी कुछ संपत्तियां शामिल हैं। जब सोनभद्र के क्षेत्र मिर्जापुर जिले में थे, ये संपत्तियां उसी समय से मिर्जापुर की सूची में शामिल हैं। वक्फ बोर्ड की जिले में दो तरह की संपत्तियां हैं। एक सामाजिक व दूसरा वंशानुगत। इसमें शिया व सुन्नी समुदाय का भी दखल है। बताया जा रहा है कि ज्यादातर संपत्तियां समुदाय के वक्फ बोर्ड की हैं। शिया समुदाय की कुछ ही संपत्तियां हैं। सामाजिक संपत्ति से तात्पर्य उससे है, जिसका सार्वजनिक प्रयोग होता है, जबकि वंशानुगत संपत्ति किसी व्यक्ति विशेष के पास से ही चली आ रही है। इन संपत्तियों को लेकर कई बार आरटीआई के तहत भी लोगों ने सूचनाएं मांगी है। वक्फ संपत्तियों को लेकर कुल चार बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई। इनके बारे में कहा जा रहा है कि किसी भी संपत्ति के बारे में कोई विवाद नहीं है। ये संपत्तियां नगर के साथ ही पूरे जिले में फैली हुई हैं। विभाग का कहना है कि समय-समय पर इनकी जांच कराई जाती है। जांच के बाद रिपोर्ट शासन को भेजी जाती है। हाल फिलहाल ऐसी कोई जांच नहीं हुई है।

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच में संपन्न

जन एक्सप्रेस । जौनपुर






काकोरी ट्रेन एक्सन शताब्दी महोत्सव की शुरुआत कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी रबीन्द्र कुमार माँदड़ की मौजूदगी में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच प्रतिनिधियों द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई लखनऊ में आयोजित काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के शुभारंभ तथा इस अवसर पर आयोजित वीरों को नमन कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को देखा गया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उद्बोधन को सुना गया। कार्यक्रम में स्वत्रंतत्रा संग्राम सेनानी हरिशचन्द्र वर्मा, शिवप्रसाद पाण्डेय, जयदेव, गजराज सिंह, भगौतीदीन तिवारी, दादाकुंज बिहारी सिंह, कामेश्वर प्रसाद, स्व0 पन्ना लाल, स्व0 कृष्णा दास, हरिगोबिन्द सिंह के परिजनों को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्रम, मिष्ठान, देकर सम्मानित किया गया। संस्कृति विभाग के पंजीकृत गायक विवेक मिश्रा, सुश्री साध्वी सुदामा के द्वारा देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी भी निकाली गयी इसके उपरान्त प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय उदपुर गेलुवा, कस्तुरबा गांधी विद्यालय करंजाकला, यू0पी0एस0 गुरैनी के बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम को मड़ियाहूँ विधायक डा0 आर0के0 पटेल एमएलसी बृजेश सिंह ''प्रिन्सु'' पूर्व गृह राज्यमंत्री महाराष्ट्र कृपा शंकर सिंह ने भी सम्बोधित किया इस दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने कहा कि वीर क्रातिकारियों और राष्ट्र नायको को याद करने की आवश्यकता है। आज हम जिस मजबूत स्थिति में है वहां तक लाने में राष्ट्रनायकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि हम हर घर तिरंगा कार्यक्रम बहुत ही हर्ष के साथ मनायेगे। उन्होने 13 से 15 अगस्त तक जनपद के प्रत्येक घरों पर बहुत ही सम्मानपूर्वक तिरंगा लहराये जाने की अपील भी की। मा0 जनप्रतिनिधिगण और जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपदवासियों को नागपंचमी के शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई भी दी गयी। प्रभारी पर्यटन सूचना अधिकारी सुश्री मनोकामना राय ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रीती श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जौनपुर मनोरमा मौर्या, भाजपा प्रवक्ता ओमप्रकाश सिंह, पल्लु माली, रामसूरत मौर्य, पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, परियोजना निदेशक कृष्णा करूणाकर पाडेंय, बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल, राजू सिंह, सुरेश अस्थाना, मो0 मुस्तफा, ज्योति श्रीवास्तव, यामिनी सिंह, किरन सिंह, शैलेन्द्र सिंह, सुशील मौर्या सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचागण उपस्थिति रहे।

# काकोरी ट्रेन एक्शन की शताब्दी पर स्वाधीनता सेनानियों के परिजनों का मंत्री ने किया सम्मान

* शहीदों के सम्मान में बनी स्मृति वाटिका में मौलश्री का पौधा भी रोपा

जन एक्सप्रेस । कन्नौज




काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का आयोजन मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), समाज कल्याण विभाग, असीम अरूण की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में सम्पन्न हुआ। मंत्री, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जिला अध्यक्ष भाजपा ने संयुक्त रूप से काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। मंत्री द्वारा विकास खण्ड गुगरापुर में पौधारोपण कर काकोरी शहीद स्मृति वाटिका व शहीद स्मृति उपवन की स्थापना की गयी।

इस अवसर पर 100 साइकिल सवार विद्यार्थियों की शहीद स्मृति यात्रा को जिलाधिकारी ने विनोद दीक्षित अस्पताल से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। शहीद स्मृति यात्रा का कन्नौज शहर-कोतवाली-बोर्डिंग ग्राउन्ड होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर मे समापन हुआ। यात्रा का कलेक्ट्रेट परिसर में आगमन होने पर पुलिस वैण्ड द्वारा राष्ट्रधुन का वादन किया गया। काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का काकोरी, लखनऊ से प्रसारित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सभी ने देखा व सुना। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), समाज कल्याण विभाग असीम अरूण एवं जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मा0 मंत्री, जिलाधिकारी व जिला अ्घ्यक्ष भाजपा, पुलिस अधीक्षक तथा अन्य जनप्रतिनिधिगण द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व0 चन्द्रभान सिंह के पुत्र महेश चन्द्र, स्व0 अजुददी सिंह के पुत्र कल्याण सिंह, स्व0 प्रताप सिंह की पत्नी राजकुमारी, स्व सुन्दर लाल के नाती शिखर गुप्ता, स्व0 अनन्तराम श्रीवास्तव के पुत्र उमेश श्रीवास्तव तथा स्व0 राम चन्द्र चतुर्वेदी के पुत्र सुभन चन्द्र को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को नमन करते हुए कहा कि अमर शहीदों के बलिदानों के कारण आज हम आजादी के माहौल में खुली सांसे ले रहें है। कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन के 99वें वर्ष पूर्ण हुए है, 1925 में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन की कार्यवाही की गयी थी। आजादी से पहले अग्रेजों ने भारतवासियों को गुलामी की जंजीरों से बांध रखा था। जो वर्षो तक गुलामी में जकडे रहे। उससे पहले भारत देश को सोने की चिड़िया कहा जाता था। कहा कि बच्चे स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन के बारे में अवश्य अध्ययन करें। प्रेरणा लें कि जिस आदर्श के साथ हमारे पूर्वजों ने भारत को आजादी दिलाने के लिए निर्णय लिया था, उसी क्रम में हम सबको भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने के लिये निर्णय लेना होगा। अगर कोई रिश्वत लेता है तो उसकी शिकायत 1077 टॉल फ्री नम्बर पर कॉल करके सूचित करें, अवश्य ही कार्यवाही की जायेगी।

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का जो इतिहास है काकोरी ट्रेन एक्शन सबको रोमांचित करता है। इस घटना से देश प्रेम की प्रेरणा लेकर हमें देश की प्रगति के लिये आगे चलना है। विद्यार्थी देश के स्वर्णिम इतिहास को पढ़े और देश की तरक्की के लिये आगे बढ़ें।

हम सभी लोगो को संकल्पित होकर देश की उन्नति के लिये विकास के पथ पर चलना होगा, तभी देश की तरक्की होगी। मंत्री ने विकास खण्ड गुगरापुर में काकोरी ट्रेन एक्शन तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में शहीद स्मृति वाटिका में मौलश्री वृक्ष लगाकर स्थापना की।

इस दौरान स्थानीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों ने भी इस स्मृति वाटिका में अपने पूर्वजों की स्मृति में वृक्षारोपण कर बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन उच्च प्राथमिक विद्यालय, हैवतपुर कटरा की सहायक अध्यापक स्नेहलता द्विवेदी ने किया।

आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, जिला अध्यक्ष भाजपा वीरसिंह भदौरिया, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, डीसीएनआरएलएम राजकुमार लोधी, डी0 सी0 मनरेगा दिनेश कुमार यादव, जिला पर्यटन अधिकारी डा0 एम0 मकबूल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण व विद्यालयों के छात्र/छात्रायें उपस्थित रहें।

# स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 में कचरे के डिस्पोजल की योजना बनाएं : डीएम

जन एक्सप्रेस । कन्नौज




जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-02 योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में गंगा एक्शन प्लान के अन्तर्गत शौचालय निर्माण हेतु लाभार्थियों द्वारा प्राप्त 352 आवेदनो का सत्यापन प्राथमिकता के आधार पर यथाशीघ्र किया जाये। उन्होने कहा कि गंगा के किनारे बसे ग्राम पंचायतो का गंदा पानी गंगा नदी में जाने से रोकने के लिए गांवों में सॉलिड एंड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट प्लान बनाया जाये और वाटर डिस्चार्ज एवं सोख टैंक बनाये जाने पर विशेष ध्यान दिया जाये। गांव में जो नालिया बनायी जाये, समतलीकरण होने के साथ सही दिशा में होनी चाहिये। नालियां बनाते समय बीच-बीच में चेम्बर बनाकर छन्नी लगायी जाये, जिससे पानी छनकर सोख टैंक में जा जाये। जिस कार्य में जो पैसा खर्च हो उसका लाभ मिलना चाहिये। श्री शुक्ल ने कहा कि ऐसे गांव जो साफ सुथरे होने की स्थिति को बनाए रखने के अलावा कचरे के प्रबंधन का इस्तेमाल करता है ओडीएफ प्लस गांव की श्रेणी में आते हैं। गांव को ओडीएफ प्लस श्रेणी में लाये जाने के जो उद्देश्य हैं, उसी क्रम में चरण वाइज कार्य करें।कन्वर्जन व अन्य योजनाओं के माध्यम से इस पर कार्य किया जाये। ओडीएफ प्लस संबंधी समस्त कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य को पूर्ण किये जायें। कार्य का समय निश्चित करें, कायटेरिया क्या है, उसके बिन्दुवार प्रोफार्मा बना लें। प्रत्येक दशा में गांव में स्वच्छता दिखनी चाहिये। अनावश्यक पैसा बर्बाद न किया जाये। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-02 योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में नवीन लक्ष्य 13813 पात्र लाभार्थियों के शौचालय निर्माण हेतु प्रथम/द्वितीय किश्त की धनराशि समय से निर्गत की जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## उन्नाव रेलवे स्टेशन को संवारने का काम शुरू

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। अमृत भारत स्टेशन के तहत उन्नाव स्टेशन को अत्याधुनिक रूप से संवारने का काम शुरू हो गया है। अनारक्षित टिकट काउंटर को तोड़कर नई बिल्डिंग के लिए पिलर बनाने का काम शुरू हुआ है। उत्तर प्रदेश के 55 रेलवे स्टेशनों को पुनर्विकसित किया जाना है। इसमें उन्नाव स्टेशन भी शामिल है। स्टेशन का 29.8 करोड़ की लागत से कायाकल्प होगा। बीते दिनों डीआरएम ने निर्माण के लिए जमीन का चिह्नांकन भी किया था। इसके बाद गति शक्ति टीम के साथ स्टेशन का निरीक्षण किया गया। पहले चरण में स्टेशन परिसर के पास बने आवासीय भवनों का ध्वस्त किया गया।

# कांवड़ यात्रा के रूट पर पुलिस के व्यापक इंतजाम, रुट भी रहा डायवर्ट



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा आज कावड़ यात्रा के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था हेतु लगाई गई सभी ड्यूटियों को चैक कर दिशा निर्देश दिए गए, बताया गया कि कावड़ यात्रा हर साल की तरह इस वर्ष भी आज बिलग्राम जनपद हरदोई से शिव भक्त श्रद्धालु कांवड़ यात्रा में चलकर मेंहदी घाट से गंगाजल लेकर बाबा गौरी शंकर शिव मंदिर पर पहुंचेंगे। सुरक्षा के मद्देनजर, पूरे रूट पर पुलिस बल व पीएसी की तैनाती की गई है। घाट पर श्रद्धालुओं के स्नान के दौरान रुट डायवर्जन व पार्किंग स्थलों, श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। मेहंदी घाट पर बने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का जायजा लिया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल, फ्लड पी0ए0सी0 व स्थानीय गोताखोरों की तैनाती की गयीं है एवं साथ ही खोया-पाया केंद्र स्थापित कर क्षेत्र को सेक्टरवाइज बाँटकर सुरक्षा व्यवस्था का समुचित प्रबंध किया गया है। सभी महत्वपूर्ण स्थलों एवं मार्गो की सी0सी0टी0वी0 एवं ड्रोन कैमरों के माध्यम से निरंतर निगरानी की जा रही है। इसके अलावा, मेडिकल सुविधाएं, ठहरने के स्थान, और यातायात व्यवस्था को विशेष रूप से कांवड़ यात्रियों के लिए आरक्षित किया गया है। इन मार्गों पर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है।

एसपी ने यह भी बताया कि कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। यह यात्रा समाज में शांति और भाईचारे का संदेश भी देती है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, अजय कुमार क्षेत्राधिकारी नगर, कमलेश कुमार व अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने तिर्वा स्थित तमोली मंदिर पर मनाया अगस्त क्रांति दिवस




जन एक्सप्रेस । कन्नौज

आज 9 अगस्त, अगस्त क्रांति दिवस का अवसर भारतीय स्वाधीनता संग्राम के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है इसी दिन 1942 में गांधी जी ने अंग्रेजों भारत छोड़ो का नारा दिया और भारतीय जनता से करो या मरो का आवाहन किया जो हमारी आजादी के लिए मील का पत्थर साबित हुआ आज के दिन तमोली मंदिर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अंग्रेजी हुकूमत से लोहा लिया इसीलिए तमोली वाले मंदिर के चौराहे को क्रांति चौराहे के नाम से जाना जाता है। इसीलिए हम सभी कांग्रेस जन आज स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उन महान वीर सपूतों को नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित करते हैं। यह कहते हुए पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि इस क्षेत्र के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चिरंजीलाल पालीवाल, राम भरोसे यादव, गोवर्धन लाल कनौजिया, छक्कू लाल वर्मा, कन्हैयालाल शर्मा, रामेश्वर दयाल आर्य, बालकृष्ण चतुर्वेदी, रामसनेही पांडे, सरजू प्रसाद पांडे, घासीराम आदि के नेतृत्व में तमाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अंग्रेजी हुकूमत के थाना अध्यक्ष ख्वाजा को उठाकर पटक दिया और उनकी रिवाल्वर छीन ली इसके पश्चात उन्हें गंभीर धाराओं में जेल जाना पड़ा।

जिला अध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव/प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पांडेय एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार कार्यक्रम में उपस्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियोंके आश्रितों विजय मिश्र, ओमकारनाथ त्रिपाठी, देवपाल कनौजिया, शिवनारायण शर्मा, अशोक कनौजिया, महेश चंद्र पांडे, नीरज कुमार पांडे, तेजराम को अंग वस्त्र भेंट कर माल्यार्पण कर सम्मानित किया

कार्यक्रम में प्रमोद शाक्य पूर्व जिला अध्यक्ष, कृष्ण प्रताप सिंह सभासद, अवनीश कुमार सभासद, आकाश कटियार अध्यक्ष निशक्तजन प्रकोष्ठ, मुशीर खा पूर्व यूथ अध्यक्ष, राजीव कुमार श्रीवास्तव, कमरुद्दीन खान, फरहाद हुसैन उर्फ गुड्डू गांधी, अभिषेक पटेल, रवि राजपूत, मोनू पांडे, आशुतोष त्रिपाठी, देवेंद्र यादव, विनय त्रिपाठी, संजीव गुप्ता, सोनू यादव, कृष्णा तिवारी, रवि राजपूत, विजय कुमार गुप्ता, अकशार वारसी सहित दर्जनों कांग्रेस जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव जितेंद्र सिंह चौहान ने किया

# काकोरी ट्रैन एक्शन पर महिला डिग्री कालेज में हुई निबंध प्रतियोगिता

जन एक्सप्रेस । कन्नौज




राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर की सावित्रीबाई फुले छात्रा इकाई की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आज काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह कार्यक्रम के तहत छात्राओं ने महाविद्यालय मे निबंध प्रतियोगिता मे प्रतिभाग किया। जिसमे छात्राओं ने काकोरी षड़यंत्र, मैनपुरी षड़यंत्र, 1857 से 1947 तक का स्वतंत्रता संग्राम, इनसे सम्बंधित प्रमुख स्थान, महान व्यक्तित्व आदि विषयों पर अपने विचार लिखें। महाविद्यालय की प्राचार्य ने छात्राओं को आशीर्वचन एवं प्रोत्साहन दिया। प्रतियोगिता में हिंदी विभाग के प्रवक्ता शैलेंद्र कुमार एवं गृह विज्ञान विभाग की प्रवक्ता अंबरीन फातिमा ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा नंदनी दुबे को मिला। द्वितीय स्थान बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अंजली को मिला। तृतीय स्थान बीए तृतीय वर्ष की छात्रा प्रिया एवं बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा आराध्या को मिला। सांत्वना पुरुस्कार स्थान बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा तनीषा को मिला।

प्रतियोगिता का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ.नेहा मिश्रा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के समस्त सम्मानित सदस्य द्वारा सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहयोग किया गया।

# बेखौफ चोरों ने विद्यालय में गेट फांधकर अंदर घुसकर की चोरी

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो




बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ककवन थाना अंतर्गत विद्यालय पं एस. एस. मिश्रा इंटर कॉलेज नदिहा के प्रधानाचार्य प्रांजुल मिश्रा जब सुबह विद्यालय पहुंचे, उन्होंने पाया की विद्यालय का मुख्य दरवाजा बन्द था किंतु कार्यालय का ताला टूटा था ग्रामीणों के साथ प्रधानाचार्य ने अंदर पहुंच कर देखा कि कार्यालय में रखे इन्वर्टर, बैटरी, झ्झ्, 2 लैपटॉप और कार्यालय में रखी सात हजार कुछ सौ रुपए नगदी गायब थी। सीसीटीवी कैमरे के तार कटे हुए थे तथा कैमरे का डीवीआर भी गायब था। वहीं आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि चोरों ने विद्यालय के आसपास ही खेतों में सिंचाई हेतु रखे इंजनों से उनमें प्रयोग किए जाने 5 पंखे, अलग- अलग इंजनों से सामान चोरी कर ले गए। सूचना पर मौके पर भारी पुलिस बल डॉग स्क्वायड टीम फोरेंसिक टीम भी पहुंची प्रशासन ने लोगों को विश्वास दिलाया कि बहुत जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, आने जाने वाली हर संदिग्ध गाड़ी की जानकारी जुटाई जा रही है। ककवन थानाध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि टीम लगी है जल्द खुलासा किया जाएगा।

## शिक्षिका से गंदे इशारे करने का स्कूल प्रबंधक का वीडियो वायरल

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। शहर के एक निजी स्कूल के प्रबंधक का सोशल मीडिया पर महिला शिक्षिका से गंदे इशारे करने का वीडियो वायरल हुआ है। इसके बाद प्रबंधक ने एक वीडियो शेयर कर अपनी सफाई देने का प्रयास किया। उन्होंने स्कूल की शिक्षिकाओं से भी अपनी (प्रबंधक) तारीफ कराई है। हालांकि अमर उजाला वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए 25 सेकंड के वायरल वीडियो में स्कूल का प्रबंधक महिला शिक्षक से गंदे इशारे कर रहा है। शिक्षिका आधे समय की छुट्टी मांगने गई थी। हालांकि शिक्षिका ने अभी कहीं इसकी शिकायत दर्ज नहीं कराई है। बुधवार शाम एक और वीडियो वायरल किया गया, जिसमें प्रबंधक खुद को बदनाम करने की साजिश बता रहे हैं।

# बिल्हौर तहसील क्षेत्र के डाला नाला पुल के समीप बने खाद के गड्ढे के समीप कटान जारी

* ग्रामीणों के अनुसार जब से बने हैं खाद के गड्ढो में 1 किलो भी गोबर या कूड़ा नहीं पड़ा है

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह



बिल्हौर ब्यूरो। बिल्हौर तहसील क्षेत्र में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर गांव सभा में खाद के गडढे बनाने के लिए स्थान चिन्हित कर निर्माण कार्य कराए गए हैं बिल्हौर विकासखंड के ग्राम सभा संजती बादशाहपुर में डाला नाल सड़क पुल के पास बने खाद के गद्दे अभी तक किसी भी खाद के गड्ढे मे 1 किलो खाद और कूड़ा करकट ग्रामीणों ने नहीं डाला है ग्रामीण क्षेत्र में आदमी अपने घर का कूड़ा और पशुओं का गोबर कूड़ा करकट को अपने द्वारा स्थान चिन्हित कर प्रतिदिन सुबह शाम डालते है जिससे गोबर की खाद तैयार कर साल में एक बार अपने खेतों में पहुंचा कर भरपूर फसल का उत्पादन करते है क्योंकि रासायनिक उर्वरकों का कम प्रयोग करना पड़ता है और खेतों में फैसले लहराती रहती है अगर सरकार की मंशा के अनुरुप लोग डालेंगे तो पहले तो पर्याप्त जगह नहीं है जहां पर इतना कूड़ा पूरे गांव का इकट्ठा हो जाए और इसके बाद में फिर गांव से काफी दूरी पर स्थान बनाए गए हैं जहां पर सुबह-शाम महिलाओं का जाना दूबर हो जाता है क्योंकि संजती बादशाहपुर गांव गंगा के किनारे बसा हुआ है और उससे कुछ दूरी पर डाला नाला का पुल बना हुआ है उसी के समीप यह स्थान चिन्हित कर बनाया गया है बरसात में गंगा और नाले से आए हुए पानी से यह सब जगह नीचे कट गई है उसके नीचे करीब 40 फीट गहरा नाला बड़ा है उसी के ऊपर ही यह गड्ढे निर्माण कराए गए इन चीजों का ध्यान क्यों नहीं रखते हैं जिसमें सरकार का पैसा पानी में बहाया जा रहा है खंड विकास अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी जिससे यह ज्ञात नहीं हो सका है कि आगे कब उद्घाटन होगा। इसके प्रयोग से जनता को क्या फायदे होंगे इस संबंध में गांव के लोगों ने कुछ भी बताने से इनकार किया।

लोगों ने बताया कि यह जनता के फायदे नहीं जनता के नुकसान का फार्मूला है।

# बिल्हौर खंड विकास अधिकारी द्वारा गजना गांव में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया




* जनसेवक प्रगत सिंह कटियार फाउंडेशन के सौजन्य से

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर विकासखंड के गजना गांव में जन सेवा के स्वर्गीय प्रगट सिंह कटियार फाउंडेशन के अंतर्गत वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया था उसमें मुख्य अतिथि के रूप में खंड विकास अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा ने पहुंचकर वृक्षारोपण कर लोगों को बताया कि आज सरकार की मंशा है कि अपने मां-बाप के नाम से एक दृश्य सभी लोग लगे उसी के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। बहुत ही सराहनीय कार्य रहा इसमें इसी तरह से हर कोई अपने गांव में जागरूक होकर वृक्षारोपण कराएगा और इसकी देखरेख करेगा। इससे सरकार की मंशा पूर्ण होगी इस मौके पर सचिन प्रशांत बाजपेई वरुण कठेरिया ग्राम प्रधान अक्षय कुमार आरती पाल अभिषेक कटिहार आज भारी संख्या में लोग मौजूद रहे मंच का संचालन अभिषेक कटिहार ने किया आए हुए आगंतुकों का स्वागत आसानी कटिहार द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विवेक सिंह कटियार, जितेंद्र कटियार, अर्पित कटियार, पप्पू कटियार, दिनेश पाठक बसंत माजुली, राधेश्याम व अन्य कई ग्रामीण लोग उपस्थित थे तथा सभी न स्व.प्रगति सिंह कटियार की सेवाओं को याद किया तथा भव्य वृक्षारोपण किया गया बाद प्रसाद वितरण किया गया।


## एनसीसी भर्ती प्रक्रिया में 427 युवा हुए शामिल

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। डीएसएन महाविद्यालय, जीजीआईसी और चौधरी खजान सिंह महाविद्यालय के लिए एनसीसी की सीनियर विंग की भर्ती प्रक्रिया जीआईसी मैदान में हुई। उन्हीं युवाओं को मौका मिला जिन्होंने एनसीसी के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया था। परिणाम सोमवार को आएगा। जीआईसी मैदान में हुई एनसीसी की भर्ती प्रक्रिया में तीनों महाविद्यालय के 427 छात्रों ने पहले साल में प्रवेश के लिए प्रतिभाग किया। इस प्रक्रिया में पहले छात्रों का मेडिकल चेकअप हुआ। इसके बाद शारीरिक दक्षता और लिखित परीक्षा कराई गई। संपूर्ण प्रक्रिया 57 बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल विवेक पांडेय के निर्देशन में संपन्न हुई।

# शिवराजपुर कस्बे में दीवार काटकर घुसे चोरों ने लाखों का जेवर और नगदी किए पार

* लगभग तीन लाख रुपए का जेवर चोरी कर लिया और मौके से फरार हो गए।

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर कस्बे में गुरुवार रात एक विधवा महिला के घर दीवार में सेंध काटकर घुसे चोर लाखों रुपए का जेवर और नगदी चोरी कर फरार हो गए। सुबह जानकारी के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की। कस्बे के वार्ड नंबर 7 निवासी पुष्पा देवी के पति महेंद्र पहले ही मौत हो चुकी है। वह उनकी सास और बच्चे बरसात के चलते कमरे में सो रहे थे। देर रात देर रात घर के पिछले हिस्से में दीवार में सेंध काटकर घर में घुसे चोरों ने कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़ दिया। चोरों ने अलमारी में रखे 25 हजार रुपए की नगदी और सोने की एक चेन, एक माला, लाकेट, दो जोड़ी झुमकी, टप्स, बाला व चांदी की तोड़िया सहित लगभग तीन लाख रुपए का जेवर चोरी कर लिया और मौके से फरार हो गए। सुबह जागे पीड़ित परिवार को बिखरा हुआ सामान और टूटी हुई दीवार देखकर घटना की जानकारी हुई। पीड़िता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की और चोरों को जल्द पकड़ने का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी सुबोध कुमार के अनुसार घटना की जानकारी मिली है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की है। विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## जन औषधि केंद्र पहुंची दवाएं, मरीजों को राहत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। जिला अस्पताल स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र में जरूरी दवाओं का टोटा खत्म हो गया है। गुरुवार को दवाएं उपलब्ध होने से मरीजों को राहत मिली। सांस, संक्रमण और जोड़ों के दर्द, शुगर समेत अन्य जरूरी दवाएं उपलब्ध हो गई हैं। लोगों को महंगी दवाओं से राहत देने के लिए जिला अस्पताल में वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की शुरुआत हुई थी। इस केंद्र में जेनेरिक दवाएं मिलती हैं जो बाजार में मिलने वाली पेटेंट दवाओं की अपेक्षा काफी सस्ती होती हैं।

